राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 157, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली शुक्रवार 22 दिसंबर 2023, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

## मुख्य अपडेट

अदालत आरोपी बृजभूषण के खिलाफ नए सिरे से सुनेगी दलीलें, चार जनवरी से होगी

.... पेज 03

अब मोबाइल ऐप बनेगा ललितपुर में ऑनलाइन हाउस टैक्स कलेक्शन का माध्यम

.... पेज 05

जिम्बाब्वे क्रिकेट ने डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन करने पर मधेवीरे, मावुता को किया

.... पेज 07

## संसद सुरक्षा सेंध : अदालत ने चार आरोपियों की पुलिस हिरासत 15 दिन बढ़ाई

नयी दिल्ली। संसद भवन की सुरक्षा में सेंध लगाने के चार आरोपियों की सात दिनों की पुलिस हिरासत पूरी होने के बाद गुरुवार को उनकी हिरासत और 15 दिनों के लिए बढ़ा दी।



पटियाला हाउस स्थित हरदीप कौर की विशेष अदालत ने सागर शर्मा, मनोरंजन डी, अमोल शिंदे और नीलम को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के अनुरोध पर हिरासत बढ़ाने का आदेश पारित किया।

पुलिस ने चारों आरोपियों की सात दिनों की हिरासत अवधि पूरी होने के अदालत के समक्ष पेश किया और हिरासत बढ़ाने की गुहार लगाई। इससे पहले अदालत ने 14 दिसंबर को चारों आरोपियों को सात दिनों की पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया था। आरोपियों को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न संगीन धाराओं के तहत 13 दिसंबर को गिरफ्तार किया था।

## पंजाब के आप मंत्री को 2 साल कैद

चंडीगढ़। पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार के मंत्री अमन अरोड़ा को संगरूर की सुनाम कोर्ट ने 2 साल कैद की सजा सुनाई है। यह सजा पारिवारिक लड़ाई-झगड़े के केस में हुई है। इसके अलावा इस मामले में आठ अन्य लोगों को भी सजा सुनाई गई है। यह मामला 2008 में दर्ज हुआ था। कोर्ट की तरफ से इस मामले में आरोपियों पर जुर्माना भी लगाया गया है। अमन अरोड़ा को सुनाम कोर्ट से ही शाम को जमानत मिल गई। इसके बाद उन्होंने कहा कि वह इस फैसले को ऊपरी अदालत में चुनौती देंगे। शिकायतकर्ता राजिंदर दीपा ने बताया कि यह केस पंद्रह साल पुराना है।

# जम्मू-कश्मीर में 4 जवान शहीद, 3 घायल

### सेना के दो वाहनों पर आतंकी हमले के बाद एनकाउंटर जारी



श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के राजौरी में गुरुवार (21 दिसंबर) को आतंकवादियों ने सेना के दो वाहनों पर घात लगाकर हमला किया। दोपहर करीब 3:45 बजे हुए हमले में पहले तीन जवान शहीद होने की खबर आई थी। बाद में ये आंकड़ा बढ़कर चार हो गया। हादसे में तीन जवान घायल भी हुए हैं। यहां अब भी लगातार गोलीबारी हो रही है।

सूत्रों के मुताबिक, यह हमला थानामंडी-सुरनकोट रोड पर डेरा की गली (डीकेजी) नाम के इलाके में हुआ है। ये वाहन जवानों को लेकर सुरनकोट और बफलियाज जा रहे थे, जहां बुधवार रात सुरक्षाबलों ने आतंकियों के खिलाफ घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया था। अभियान में शामिल सुरक्षाबलों से सेना का कॉन्टैक्ट आज हो पाया, जिसके बाद यहां अतिरिक्त सुरक्षाबल भेजा जा रहा था।

एक महीने से भी कम समय में इस क्षेत्र में सेना पर यह दूसरा आतंकी हमला है। इससे पहले 22 नवंबर को राजौरी में हुए एनकाउंटर में 5 जवान शहीद हुए थे। यहां 34 घंटे तक एनकाउंटर चला था, जिसमें 2 आतंकी भी मारे गए थे।

जम्मू-कश्मीर के पूर्व डीजीपी बोले- पाकिस्तान ने योजनाबद्ध हमला करवाया

जम्मू-कश्मीर के पूर्व डीजीपी एसपी वैद ने कहा- आर्मी व्हीकल पर हमला पाकिस्तान की तरफ से योजनाबद्ध तरीके से किया गया।

जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटने के बाद जो सकारात्मक बदलाव हुए हैं, आतंकी इस नैरेटिव को बदलना चाहते हैं।

### एक दिन पहले सुरनकोट के पुलिस कैंप में हुआ था ब्लास्ट

पुंछ के सुरनकोट इलाके में 19-20 दिसंबर की दरम्यानी रात एक पुलिस शिविर में ब्लास्ट हुआ था। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार (20 जनवरी) को इस घटना की जानकारी दी। ब्लास्ट इतना जोरदार था कि पुलिस कैंप में खड़े कई वाहनों की खिड़कियों के शीशे टूट गए।

## तीन क्रिमिनल लॉ बिल संसद में पास

### राष्ट्रपति की मंजूरी मिलते ही बनेंगे कानून, शाह बोले- तारीख पे तारीख का जमाना जाएगा

नई दिल्ली। राज्यसभा में तीनों क्रिमिनल लॉ बिल भारतीय न्याय संहिता, भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य बिल गुरुवार को पास हो गए। बुधवार को ये तीनों बिल लोकसभा से पास हो चुके हैं। अब इन्हें मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा। उनकी मंजूरी मिलते ही ये तीनों बिल कानून बन जाएंगे। बिल पास होते ही राज्यसभा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया।



बिलों पर चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- जो लोग सदन के बाहर पूछते हैं कि इस कानून से क्या होगा? मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि इसके लागू होने के बाद तारीख पर तारीख का जमाना नहीं रहेगा। किसी भी मामले में 3 साल में न्याय दिलाने का उद्देश्य है।

जो कहते हैं कि नए कानूनों की जरूरत क्या है, उनको स्वराज का मतलब नहीं पता, इसका मतलब स्व शासन नहीं है। इसका मतलब स्व धर्म, भाषा, संस्कृति को आगे बढ़ाना है। गांधी जी ने शासन परिवर्तन की लड़ाई नहीं लड़ी, उन्होंने स्वराज की लड़ाई लड़ी। आप 60 साल सत्ता में बैठे रहे, लेकिन स्व को लगाने का काम नहीं किया, ये काम मोदी जी ने किया।

### सशस्त्र विद्रोह करने और देश की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर जेल

अमित शाह ने कहा कि अंग्रेजों का बनाया राजद्रोह कानून, जिसके चलते तिलक, गांधी, पटेल समेत देश के कई सेनानी कई बार 6-6 साल जेल में रहे। वह कानून अब तक चलता रहा।

मैंने राजद्रोह की जगह उसे देशद्रोह कर दिया है, क्योंकि अब देश आजाद हो चुका है, लोकतांत्रिक देश में सरकार की आलोचना कोई भी कर सकता है।

अगर कोई देश की सुरक्षा, संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का काम करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

अगर कोई सशस्त्र विरोध करता है, बम धमाके करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी, उसे आजाद रहने का हक नहीं, उसे जेल जाना ही पड़ेगा। कुछ लोग इसे अपनी समझ के कपड़े पहनाने की कोशिश करेंगे, लेकिन मैंने जो कहा उसे अच्छी तरह समझ लीजिए। देश का विरोध करने वाले को जेल जाना होगा।

### बच्ची से रेप के दोषी को फांसी की सजा

पहले रेप की धारा 375, 376 थी, अब जहां से अपराधों की बात शुरू होती है, उसमें धारा 63, 69 में रेप को रखा गया है।

गैंगरेप को भी आगे रखा गया है। बच्चों के खिलाफ अपराध को भी आगे लाया गया है। मर्डर 302 था, अब 101 हुआ है। 18 साल से कम उम्र की बच्ची से रेप में आजीवन कारावास और मौत की सजा का प्रावधान है।

## तमिलनाडु के मंत्री-उनकी पत्नी को 3 साल कैद की सजा

चेन्नई। मद्रास हाईकोर्ट ने 21 दिसंबर को आय से ज्यादा प्रॉपर्टी मामले में तमिलनाडु के पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री के पोनमुडी और उनकी पत्नी को 3 साल की सजा सुनाई। कोर्ट ने दोनों के खिलाफ 50-50 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया। दोनों 1.75 करोड़ रुपए की आय से ज्यादा प्रॉपर्टी मामले में दोषी पाए गए थे। मामले में कोर्ट का फैसला आने के बाद के पोनमुडी विधायक पद के लिए अयोग्य हो गए हैं। साथ ही उन्होंने मंत्री पद भी खो दिया। मामले में कोर्ट का फैसला आने से पहले तक वे उच्च शिक्षा मंत्री थे। अब यह विभाग पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री आरएस राजकन्नप्पन को दे दिया गया है। तमिलनाडु के राजभवन की ओर से प्रेस नोट जारी कर इसकी जानकारी दी। बताया गया कि मुख्यमंत्री स्टालिन ने राज्यपाल आरएन रवि से इसकी सिफारिश की थी, जिसे राजभवन ने मंजूरी दे दी।

## संसद की सिक्योरिटी का जिम्मा अब सीआईएसएफ को

### लोकसभा में सुरक्षा चूक मामले में कर्नाटक से इंजीनियर साईकृष्ण जगाली को हिरासत में लिया गया

नई दिल्ली। संसद भवन की सुरक्षा की जिम्मेदारी अब केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को दी गई है। 21 दिसंबर को सूत्रों ने बताया कि संसद में सुरक्षा चूक को देखते हुए सरकार ने ये फैसला लिया है। सीआईएसएफ के पास अभी एटॉमिक, दिल्ली मेट्रो, हवाई अड्डे और एयरोस्पेस से जुड़े संस्थानों समेत कई इमारतों की सिक्योरिटी का जिम्मा है। सीआईएसएफ के साथ संसद की सुरक्षा में पार्लियामेंट सिक्योरिटी सर्विस दिल्ली पुलिस और पार्लियामेंट



ड्यूटी ग्रुप भी शामिल रहेंगे। पीडीजी, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का ही हिस्सा है।

वहीं, सुरक्षा चूक मामले में गिरफ्तार चार आरोपियों सागर शर्मा, डी मनोरंजन, अमोल शिंदे और नीलम की हिरासत पटियाला हाउस कोर्ट ने 15 दिन और बढ़ा दी है। दो अन्य आरोपी ललित झा और महेश कुमावत भी कस्टडी में हैं। इन छह लोगों से दिल्ली पुलिस की पांच अलग-अलग यूनिट पूछताछ कर रही हैं।

### कर्नाटक के पूर्व डीएसपी का बेटा भी हिरासत में

लोकसभा में सुरक्षा चूक मामले में कर्नाटक से इंजीनियर साईकृष्ण जगाली को हिरासत में लिया गया है। इसे दिल्ली लाया गया है। जगाली कर्नाटक के एक रिटायर्ड डीएसपी का बेटा है। वहीं, यूपी के एक अन्य व्यक्ति को भी पकड़ा गया है। दोनों से पूछताछ जारी है।

साईकृष्ण जगाली, डी मनोरंजन का दोस्त है। मनोरंजन ने पूछताछ में साईकृष्ण जगाली का नाम बताया था। साईकृष्ण मल्टीनेशनल कंपनी में काम करता है। जगाली की बहन स्पंदा का कहना है कि मेरे भाई को दिल्ली पुलिस 20 दिसंबर की रात को बागलकोट के विद्यागिरि से ले गई। मेरा भाई कॉलेज के दिनों में मनोरंजन का रूममेट था।

## मोदी सरकार कर रही अलोकतांत्रिक व्यवहार : खड़गे

### कांग्रेस मजबूती के साथ मोदी सरकार के जनविरोधी नीतियों को जनता के सामने रखेगी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विपक्षी दलों के निलम्बन को संसद में मोदी सरकार की मनमानी करार दिया और कहा कि महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित करवाकर सारी संवैधानिक मर्यादाओं को तोड़ा जा रहा है इसलिए विपक्षी दलों का इंडी गठबंधन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए एकजुट होकर बहुमत हासिल करेगा।



खड़गे ने कहा कि कांग्रेस मजबूती के साथ मोदी सरकार के जनविरोधी नीतियों को जनता के सामने रखेगी और भाजपा की गुमराह करने वाली नीतियों से जनता को आगह करेगी।

खड़गे ने पार्टी मुख्यालय में सर्वोच्च नीति निर्धाक संस्था कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए गुरुवार को कहा कि 18वीं लोकसभा के चुनाव सामने हैं और इस संबंध में 19 दिसंबर को इंडी गठबंधन की चौथी बैठक दिल्ली में हुई जिसमें समान विचारों वाली पार्टियों के साथ समन्वय बनाते हुए ज़्यादा से ज़्यादा सीटों पर जीत हासिल करने की बात कही गई है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने इंडी गठबंधन के विभिन्न दलों के साथ गठबंधन की मजबूती के लिए अपने कार्यक्रमों की काम की रूप-रेखा तय करने संबंधी समन्वय स्थापित करने के लिए पार्टी ने पाँच वरिष्ठ नेताओं की राष्ट्रीय समिति का गठन किया है। आम चुनाव की तैयारियों के मद्देनज़र लगभग 24 राज्यों के साथ समीक्षा बैठक हो चुकी है और जल्द ही समन्वयकों की नियुक्त कर दी जाएगी।

खड़गे ने कहा कि कांग्रेस के 138वें स्थापना दिवस पर 28 दिसंबर को पार्टी नागपुर में विशाल रैली कर रही है और उम्मीद है कि इससे एक नया संदेश जाएगा। पार्टी विचारधारा की मजबूती के लिए एक बार फिर जनता के दरवाजे पर 'देश के लिए दान करें' अभियान के तहत दस्तक दी है।

संसद में सरकार की मनमानी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा दुनिया में सबसे बड़े लोकतंत्र की हमारी मिसाल संकट में है।

भाजपा बिना चर्चा-बहस के अहम विधेयकों को मनमाने ढंग से पास कराने के लिए लोकतंत्र का गला घोंट रही है। संसद को सत्ता पक्ष के प्लेटफार्म के रूप में बदलने का षडयंत्र चल रहा है।

## राज्यसभा की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित

नयी दिल्ली। राज्यसभा की कार्यवाही निर्धारित कार्यक्रम से एक दिन पहले गुरुवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गयी। सभापति जगदीप धनखड़ ने भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली से संबंधित तीन विधेयकों को पारित किये जाने के बाद सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले उन्होंने कहा कि इस सत्र के दौरान 17 विधेयक पारित किये गये। विभिन्न विषयों पर सदन में 65 घंटे चर्चा हुई और 2300 प्रश्नों के उत्तर दिये गये। सदन के कामकाज का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इस सत्र में उत्पादकता 79 प्रतिशत रही।

## देश का 'मूड' भाजपा के खिलाफ : कांग्रेस

### राहुल गांधी 'पूरब से पश्चिम' की यात्रा निकालेंगे

नयी दिल्ली। कांग्रेस कार्य समिति का आकलन है कि देश में इस समय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ माहौल है और इस माहौल को आम चुनाव 2024 में अपने पक्ष में करने के लिए पार्टी नेता और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी 'पूरब से पश्चिम' की यात्रा निकालेंगे।

कांग्रेस की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्यसमिति ने फौजदारी न्याय संबंधी तीन नई संहिताओं को संसद में पारित कराने के सरकार के तौर तरीके की भी आलोचना की और कहा कि मोदी सरकार में लोकतंत्र खतरे में है और संविधान के तहत नागरिकों को मिली आजादी पर हमला हो रहा है। बैठक में सभी सदस्यों ने कहा कि पूरे देश का मूड अब भाजपा के खिलाफ है और जनता के इस मूड



को देखते हुए पार्टी को पूरा विश्वास है कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन मोदी सरकार की तानाशाही के खिलाफ पूरी ताकत से लड़ेगा।

बैठक के निष्कर्षों की जानकारी देते हुए पार्टी के महासचिव संगठन के सी वेणुगोपाल ने बैठक के बाद पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि चार घंटे सीडब्ल्यूसी में कई मुद्दों पर चर्चा हुई जिसमें पार्टी ने आम चुनाव में भाजपा को हराने के लिए इंडी गठबंधन के साथ पूरी तैयारी के साथ उतरने का संकल्प लिया है और तय किया है कि पार्टी भाजपा के खिलाफ जनता के मूड को दिशा देने के लिए पूर्व अध्यक्ष गांधी आम चुनाव से पहले देश में पूरब से पश्चिम की यात्रा पर निकलेंगे। गठबंधन के लिए समन्वय समिति का पहले ही गठन किया जा चुका है। समिति गठबंधन के दलों के साथ सीटों के बंटवारे को लेकर बात करेगी।

उन्होंने कहा बैठक में बैठक में पांच राज्यों के चुनाव परिणामों को भी चर्चा हुई जिसमें तेलंगाना में कांग्रेस की उल्लेखनीय सफलता पर भी चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि इन चुनावों के परिणामों से पार्टी निराश नहीं है क्योंकि उसका वोट उसके पास यथावत है। देश की जनता का मूड भाजपा विरोधी है।

## केजरीवाल को ईडी नहीं, भाजपा भेज रही समन : आप

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने कथित शराब घोटाले को फर्जी करार देते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को समन ईडी नहीं बल्कि भाजपा भेज रही है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने आज कहा कि यह पूरा केस ही फर्जी है। कोई भी सबूत न एजेंसियों के पास है और न ही इस मामले में कोई गड़बड़ी है। यह पूरा षडयंत्र आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल को फंसाने के लिए रचा गया है। चड्ढा ने कहा कि केजरीवाल ने पिछले समन में ईडी से सवाल पूछे थे कि आप मुझे क्यों बुला रहे हैं, बतौर गवाह बुला रहे हैं या फिर



आरोपी की तरह बुला रहे हैं। इसके साथ ही यह भी बताएं कि मुझे किस मामले में बुलाया जा रहा है, लेकिन उन सवालों का कोई जवाब नहीं आता है, बल्कि उल्टा एक और समन भेज दिया जाता है। आप नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पिछले 25 साल से लगातार हर वर्ष विपश्यना के लिए जाते हैं। ऐसे में जब सबको पता था कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक हफ्ते पहले ही 10 दिनों के लिए विपश्यना के लिए जाने का कार्यक्रम बना लिया है। इसलिए इसका एक ही मतलब है कि एजेंसियों द्वारा जान-बुझकर ऐसे समय में समन भेजा गया। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता समन भेजे जाने से पहले ही मीडिया में इसकी घोषणा कर देते हैं। हमें तो ऐसा लगता है कि यह समन एजेंसी नहीं, बल्कि भाजपा भेज रही है। यह पूरा मामला राजनीति से प्रेरित है और हम इसका खंडन करते हैं। केजरीवाल और आम आदमी पार्टी इस तरह के मामलों से डरने वाले नहीं हैं और इसका हम डटकर मुकाबला करेंगे।

**कोरोना**

### स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों का कहना- अभी एयरपोर्ट पर आरटी-पीसीआर टेस्ट अनिवार्य करने का प्लान नहीं

## दुनिया के 40 देशों में फैला कोरोना का जेएन.1 वैरिएंट

नई दिल्ली। देश में कोविड के सब-वैरिएंट जेएन.1 के 21 मामले सामने चुके हैं। इस बीच गुरुवार (21 दिसंबर) को स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों से जानकारी सामने आई है। बताया गया कि फिलहाल एयरपोर्ट्स पर लोगों का आरटी-पीसीआर टेस्ट अनिवार्य करने का सरकार का कोई प्लान नहीं है।

वहीं, जेएन.1 के जो 21 केस सामने आए थे। उनमें से 19 गोवा से थे। इस पर गोवा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने कहा कि सभी मामले पुराने हैं। इसमें कोई भी एक्टिव केस नहीं है।

कोरोना का नया सब-वैरिएंट जेएन.1 दुनिया के 40 देशों में फैल चुका है। नीति आयोग के सदस्य वीके पॉल ने बुधवार को बताया कि पिछले दो हफ्ते के दौरान भारत में कोरोना से 16 लोगों की मौत हुई है। हालांकि, इनमें अधिकतर लोग डायबिटीज और हार्ट प्रॉब्लम जैसी दूसरी बीमारियों से भी जूझ रहे थे।

केंद्र के मुताबिक, देशभर में कोरोना के करीब 2669 एक्टिव मामले हैं। इनमें 91- 92 प्रतिशत लोग घरों में ही इलाज करवा रहे हैं। नए वैरिएंट वाले मरीजों में वायरस के लक्षण काफी हल्के हैं। हालांकि, घबराने वाली कोई बात नहीं है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने जेएन.1 को




'वैरिएंट ऑफ इंटरेस्ट' में शामिल किया है। WHO ने बताया कि अभी तक का विश्लेषण कहता है कि मौजूदा वैक्सीन जेएन.1 वैरिएंट पर पूरी तरह से कारगर है। इससे लोगों को ज्यादा खतरा नहीं है।

हालांकि, WHO ने सावधानी के तौर पर एडवाइजरी जारी की है। इसमें लोगों को भीड़ वाले, बंद या दूषित हवा वाले इलाकों में मास्क पहनने की सलाह दी गई है। साथ ही आवश्यक दूरी बनाने को भी कहा गया है।

### केंद्र के निर्देश- सभी जिले टेस्ट करें

केंद्र सरकार ने राज्यों की दी एडवाइजरी में कहा है कि सभी जिले कोविड टेस्ट करें। पॉजिटिव सैंपल जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए लैब भेजें। मॉक ड्रिल करके समय-समय पर तैयारियों का जायजा लें।

कर्नाटक के पड़ोसी राज्य केरल और तमिलनाडु में कोविड-19 के नए वैरिएंट जेएन.1 के मामले बढ़ने के कारण वहां भी एडवाइजरी जारी की गई।

60 वर्ष और उससे अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों, किडनी, हृदय, लिवर जैसी बीमारियों से पीड़ित लोगों, गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली मांओं को बाहर जाने पर अनिवार्य रूप से मास्क पहनने की सलाह दी गई है।

केंद्र के निर्देशों के अनुसार, अभी ज्यादा घबराने या तुरंत प्रतिबंध लगाकर सीमा पर (केरल, तमिलनाडु राज्यों) निगरानी बढ़ाने की जरूरत नहीं है। हालांकि, केरल और तमिलनाडु से लगे सभी सीमावर्ती जिलों को सतर्कता बरतनी चाहिए।

## शार्ट न्यूज

### जबलपुर-इंदौर ओवरनाइट एक्सप्रेस आगामी 26 दिसंबर से 2 दिन के लिए निरस्त रहेगी

जबलपुर। (पीएमए) जबलपुर से इंदौर के बीच चलने वाली ओवरनाइट एक्सप्रेस को रेल प्रशासन द्वारा दो दिनों के लिए निरस्त कर दिया गया है. इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री विश्व रंजन ने बताया कि आगामी 26 एवं 27 दिसंबर को जबलपुर से इंदौर के बीच चलने वाली ओवरनाइट एक्सप्रेस नंबर 22192 तथा वापसी में 27 एवं 28 दिसंबर को इंदौर से चलकर जबलपुर आने वाली ओवरनाइट एक्सप्रेस नंबर 22191 को रेल प्रशासन द्वारा इंदौर के पास लक्ष्मीबाई नगर यार्ड में रेलवे लाइन के डबलिंग कार्य के चलते निरस्त किया गया है. इस ट्रेन के निरस्त होने पर यात्रियों को एसएमएस के माध्यम से रेल प्रशासन द्वारा अवगत कराया जा रहा है. इंदौर के निकट बरलाई एवं मांगलिया यार्ड के मध्य रेलवे ट्रैक के डबलिंग का कार्य हो जाने से इस मार्ग पर यात्री गाडियों का संचालन श्रेष्ठ ढंग से हो सकेगा और इसका लाभ यात्रियों को मिलेगा. इसी कार्य के चलते रेल प्रशासन ने उक्त ट्रेन को निरस्त किया है जिससे कि भविष्य में रेल यात्रियों को उक्त रेल मार्ग पर तीव्र गति से गाडियों के चलने से लाभ मिलेगा.

### लोकतन्त्र को निलम्बित कर रही है भारतीय जनता पार्टी : राम गोविंद चौधरी

बलिया । (पीएमए) समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और उत्तर प्रदेश के पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी ने कहा है कि संसद में संसदीय माहौल की सुरक्षा की मांग कर रहे सांसदों का निलम्बन लोकतंत्र का निलम्बन है। इसे किसी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है। गुरुवार को प्रेस को जारी एक बयान में सपा के राष्ट्रीय सचिव और उत्तर प्रदेश के पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी ने कहा कि सांसदों को स्पष्टीकरण मांगने और संसदीय माहौल की सुरक्षा सुनिश्चित करने का वैध अधिकार है जो हमारे देश में लोकतंत्र का सगुण रूप है। उन्होंने कहा है कि सांसदों का निलम्बन कर भारतीय जनता पार्टी लोकतन्त्र के इस सगुण रूप को ही नष्ट कर रही है। इसकी रक्षा करना लोकतन्त्र में यकीन करने वाले सभी लोगों का दायित्व है। सपा के राष्ट्रीय सचिव और उत्तर प्रदेश के पूर्व नेता प्रतिपक्ष राम गोविंद चौधरी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी लोकतन्त्र में यकीन नहीं करती है। सांसदों के निलम्बन के निर्णय से भारतीय जनता पार्टी का असली चेहरा उजागर हो गया।

### धनखड़ के हरिद्वार दौरे को लेकर पुलिस अधिकारियों की समीक्षा बैठक

देहरादून/हरिद्वार। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के आगामी 23 दिसम्बर को उत्तराखंड के हरिद्वार भ्रमण कार्यक्रम के मद्देनजर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्थाओं को परखने के लिए गुरुवार को राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अभिनव कुमार ने समीक्षा बैठक की। साथ ही, जिला स्तरीय अधिकारियों ने हवाई अड्डे से कार्यक्रम स्थल तक सुरक्षा व्यवस्था का रिहर्सल किया। अभिनव ने पुलिस महानिरीक्षक, गढ़वाल परिक्षेत्र, करण सिंह नगन्याल एवं अधिकारियों के साथ, महत्वपूर्ण स्थानों का स्थलीय निरीक्षण एवं रुट व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने अधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि सभी सुरक्षा व्यवस्थाएं समय से पूरी हों और लोगों को कम से कम परेशानी का सामना करना पड़े। उन्होंने सुरक्षा दलों को तैयार करने के निर्देश दिए और सभी पहलुओं को ध्यानपूर्वक देखने एवं आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार प्रमेन्द्र डोबाल, सेनानायक 40वीं वाहिनी पीएसी प्रदीप कुमार राय सहित जनपद के पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

### टीएमसी विधायक बिस्वास के पास से आयकर विभाग ने जब्त किये 70 लाख रुपये

कोलकाता/मुर्शिदाबाद। पश्चिम बंगाल के सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस विधायक बायरन बिस्वास से जुड़े ठिकानों पर आयकर (आईटी) विभाग ने छापेमारी के बाद सोना और 70 लाख रुपये नकद जब्त की हैं, सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। विभाग के ऑडिट अनुभाग सहित आईटी अधिकारियों ने बुधवार शाम करीब साढ़े पांच बजे मुर्शिदाबाद और बीरभूम जिलों में छह स्थानों पर छापेमारी की। मुर्शिदाबाद के सागरदिघी से विधायक बिस्वास कांग्रेस के टिकट पर उपचुनाव में चुने गए थे, लेकिन तीन महीने के भीतर ही वह तृणमूल में शामिल हो गये। श्री बिस्वास एक बड़े व्यवसायी हैं और एक अस्पताल, रासायनिक संयंत्र, चाय निर्माण व्यवसाय और कुछ अन्य उद्यम चलाते हैं। टीएमसी प्रवक्ता कुणाल घोष ने बिस्वास की संपत्ति पर आईटी सेल के छापे के मामले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से चुनाव हारने के बाद केंद्रीय एजेंसियों का उपयोग करके प्रतिशोध की राजनीति में शामिल होने का आरोप लगाया।

### सिलक्यारा सुरंग में बचाव करने वाले रेट माइनर्स को धामी ने किया सम्मानित

देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को अपने आवास में उत्तरकाशी के सिलक्यारा बचाव अभियान में सुरंग (टनल) की खुदाई में अहम भूमिका निभाने वाले 12 रैट माइनर्स को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और सभी रैट माइनर्स को 50-50 हजार रुपये के सम्मान राशि के रूप में चेक भी प्रदान किये। मुख्यमंत्री ने कहा कि रैट माइनर्स ने अपनी जान की परवाह किये बिना कठिन परिस्थितयों में टनल में खुदाई, सफाई और पाइप को काटने का कार्य किया। सिलक्यारा बचाव अभियान को सफलत बनाने में रैट माइनर्स का बहुत बड़ा योगदान रहा। उन्होंने कहा कि जिस लगन और परिश्रम से हमारे रैट माइनर्स ने इस बचाव अभियान को सफल बनाने में अन्य एजेंसियों के साथ योगदान दिया, इसके लिए सभी रैट माइनर्स बधाई और आशीर्वाद के पात्र हैं। उन्होंने सिलक्यारा बचाव अभियान में योगदान देने वाले सभी लोगों का भी प्रदेश की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया। सिलक्यारा बचाव अभियान में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले रैट माइनर्स ने राज्य में स्वागत और सम्मान होने पर श्री धामी का आभार व्यक्त किया।

### लूट की मोटरसाइकिल के साथ चार अपराधी गिरफ्तार

जमुई। बिहार में जमुई जिले के चंद्रदीप थाना क्षेत्र में कुछ दिन पूर्व हुए लूट के एक मामले में जिला पुलिस ने चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने आज यहां बताया कि 17 दिसंबर को एक शिक्षक के साथ झप्पू मोड़ मुख्य सड़क पर तीन नकाबपोश अपराधकर्मियों के द्वारा मोटरसाइकिल पर सवार होकर हथियार का भय दिखाकर एक मोबाइल, स्प्लेंडर प्लस बाइक और ?4,850/- की लूट की घटना की गई थी। इस संबंध में पीड़ित के बयान पर चंद्रदीप थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। सूत्रों ने बताया कि लूट कांड के समयबद्ध उद्भेदन एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जमुई के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। इस टीम द्वारा ठोस मानवीय एवं तकनीकी आसूचना एवं विश्वस्त स्थानीय सूत्रों की सहायता से घटना का सफल उद्भेदन करते हुए संलिप्त चार अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही, लूट में प्रयुक्त अवैध हथियार, लूटी गई स्प्लेंडर प्लस बाइक और मोबाइल को बरामद कर लिया गया है।

### नीतीश ने महाबोधि मंदिर में पीतल द्वार का किया उद्घाटन, दलाईलामा से की मुलाकात

गया। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को ज्ञान भूमि बोधगया के विश्व धरोहर महाबोधि मंदिर की उत्तर दिशा में नवनिर्मित पीतल के द्वार का उद्घाटन किया। कुमार यहां दिवसीय परिभ्रमण कार्यक्रम के दौरान गया के अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा से सीधा बोधगया स्थित तिब्बती बौद्ध मोनेस्ट्री पहुंचे, वहां पहुंचने के बाद उन्होंने बौद्धों के शीर्ष धर्मगुरु दलाईलामा से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। दलाईलामा से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विश्व धरोहर महाबोधि मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने मंदिर के गर्भगृह में पूजा-अर्चना कर विश्व शांति की प्रार्थना की। साथ ही पवित्र बोधिवृक्ष की छांव में कुछ देर ध्यान भी लगाया। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार महाबोधि मंदिर के उत्तरी दिशा में बने नवनिर्मित पीतल के द्वार का उद्घाटन किया।

# ग्रेनो प्राधिकरण में पांच दिन से ऑनलाइन सिस्टम ठप, काम रुके

## रोजाना 2000 आवेदकों को हो रही परेशानी, अधिकारियों ने ऑफलाइन काम करना शुरू किया

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो प्राधिकरण में पेपरलेस काम करने के लिए 68 करोड़ रुपये खर्च कर लागू किया गया ऑनलाइन सिस्टम ठप हो गया है। पांच दिनों से ऑनलाइन सिस्टम बंद होने के कारण फाइलों का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। प्राधिकरण पहुंचने वाले फरियादी भी बिना काम कराए लौट रहे हैं। इससे रोजाना करीब 2000 लोगों को परेशानी आ रही है। समस्या का समाधान करने के लिए अब फाइलों का ऑफलाइन निस्तारण शुरू किया गया है। प्राधिकरण के अधिकारियों के मुताबिक ऑनलाइन कामकाज के कंपनी के साथ किया गया करार समाप्त होने की वजह से परेशानी आ रही है। जल्द ही करार का नवीनीकरण कराकर ऑनलाइन




कामकाज शुरू कराया जाएगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में करीब पांच वर्ष पहले तत्कालीन मुख्य कार्यपालक अधिकारी नरेंद्र भूषण ने कागजी कार्रवाई कम करते हुए पेपरलेस व्यवस्था शुरू कराई थी। इसके लिए 68 करोड़ रुपये में टेक महिंद्रा कंपनी से करार किया था। नई एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग (ईआरपी) सिस्टम के जरिये आवंटियों और आवेदनों समेत निवासियों को सभी कार्य ऑनलाइन कराने शुरू किए गए थे। करीब 25 से अधिक समस्याओं का ऑनलाइन निस्तारण किया जा रहा था। कुछ दिन तक काम भी अच्छा चला। हालांकि व्यवस्था को ऑनलाइन करने में कई अधिकारियों पर संगीन आरोप लगे थे। हाल ही में कंपनी से करार खत्म हो गया। करार खत्म होने के बाद कंपनी के कर्मी चले गए। इससे ऑनलाइन कामकाज ठप हो गया। प्राधिकरण में होने वाली सभी काम रुक गए। हालांकि इस समस्या को जल्द दूर न होता देख अधिकारियों ने समस्याओं का निस्तारण कराने के लिए ऑफलाइन काम शुरू करा दिया। जिससे हार्डकॉपी में फाइलों को बनवाकर काम शुरू कर दिया गया है।

### यह होते हैं ऑनलाइन काम

दस फीसदी के लिए आवेदन, पानी-सीवर के लिए कनेक्शन, भूखंड या फ्लैट का ट्रांसफर मेमोरेंडम, मारगेज अनुमति और एनओसी समेत अन्य कार्य

जब भी कोई व्यक्ति किसी भी काम के लिए आवेदन देता है तो उसे सीआर सेल से आवेदन को स्कैन कर संबंधित विभाग के अधिकारी के पास भेज देता है।

इस पर संबंधित अधिकारी नोटिंग करना शुरू कर देते हैं। फाइल अलग-अलग अधिकारियों के पास ऑनलाइन भेजी जाती है। समस्या का निस्तारण होने उसका फाइनल प्रिंट निकालकर आवेदक को प्रिंट दिया जाता है।

# पूर्वी रेलवे ने निर्धारित समय में 10 लिमिटेड हाइट सबवे स्थापित किये

कोलकाता। पूर्वी रेलवे (ईआर) के सियालदह मंडल ने कृष्णानगर-लालगोला खंड में पांच सप्ताह के निर्धारित समय में 10 सीमित ऊंचाई सबवे (एलएचएस) का निर्माण पूरा किया है।

ईआर के जनसंपर्क अधिकारी कौशिक मित्रा ने बताया कि यह पहल भारतीय रेलवे के नेटवर्क में सुरक्षा बढ़ाने के लिए लेवल क्रॉसिंग को व्यवस्थित रूप से चलन से बाहर किये जाने के मिशन का हिस्सा है।

फरवरी 2023 में स्वीकृत इस परियोजना में 12 मानवयुक्त लेवल क्रॉसिंग के निर्माण को शामिल किया गया था। एलसी 139, 109, 88, 89, 84ए, 86, 65 और 79 सहित विभिन्न स्थानों पर एलएचएस डालने से हर सप्ताहांत बाद के ब्लॉकों के साथ सफलता जारी रही। परियोजना का एक विशिष्ट पहलू एक ही समय में दो ब्लॉकों का एक साथ निष्पादन था। इस परियोजना में यू ट्रफ, फुल-कवर शेड, ड्रेनेज सिस्टम के साथ पंपिंग हाउस, सीसीटीवी कैमरे और डिजिटल जल स्तर निगरानी उपकरण जैसे बुनियादी ढांचे में सुधार शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि ये परिवर्तन बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण और ट्रेन यात्रियों और सड़क उपयोगकर्ताओं दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूर्वी रेलवे की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं। यह परियोजना 42 करोड़ के पर्याप्त निवेश के साथ सुरक्षा, समय की पाबंदी और समकालीन मानकों के प्रति रेलवे के समर्पण का प्रतीक है। इन 10 सीमित ऊंचाई वाले सबवे के पूरा होने से न केवल दो लेवल क्रॉसिंग खत्म हो जाएगी बल्कि जनशक्ति की बचत भी होगी और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि पूरे क्षेत्र की सुरक्षा बढ़ जाएगी।

उन्होंने कहा कि पूर्वी रेलवे के सियालदह मंडल को इस पहल को हासिल करने पर गर्व है, जो एक सुरक्षित और अधिक कुशल रेलवे नेटवर्क के व्यापक लक्ष्य में योगदान दे रहा है।

### अठारह साल से फरार आतंकवादी गिरफ्तार

जम्मू। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने गुरुवार को किश्तवाड़ जिले से लगभग 18 साल से फरार चल रहे एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया। किश्तवाड़ जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, खलील पोसवाल ने कहा कि पिछले 18 वर्षों से गिरफ्तारी से बच रहे परवेज अहमद उर्फ हारिस को गिरफ्तार करके सुरक्षाबलों को महत्वपूर्ण सफलता हासिल हुई है। यह आतंकवादी 2005 में पुलिस स्टेशन किश्तवाड़ में एक दर्ज मामले में वांछित था। एसएसपी ने कहा, सूत्रों से मिली विश्वसनीय जानकारी पर भरोसा करते हुये इंस्पेक्टर परवेज अहमद खांडे, स्टेशन हाउस ऑफिसर, पुलिस स्टेशन किश्तवाड़ के नेतृत्व में पुलिस टीम ने संदिग्ध स्थानों पर त्वरित छापेमारी की। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन के परिणामस्वरूप लंबे समय से फरार चल रहे व्यक्ति की सफल गिरफ्तारी हुई, जिसकी पहचान हुल्लार किश्तवाड़ में रहने वाले परवेज अहमद के रूप में हुयी है। पोसवाल ने सभी भगोड़ों के लिए चेतावनी दोहराई और उनसे नजदीकी पुलिस स्टेशन में आत्मसमर्पण करने का आग्रह किया अन्यथा सीआरपीसी की धारा 82/83 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# अतिक्रमण सेल हटाएगा प्राधिकरण की जमीनों से अवैध कब्जे

नोएडा। अवैध कब्जे हटाने के लिए प्राधिकरण अतिक्रमण सेल गठित करेगा। नया सेल सेटेलाइट इमेज से अवैध कब्जों की जानकारी जुटाकर कार्रवाई करेगा। भूलेख, इंजीनियरिंग, उद्यान, एनटीसी, नियोजन एवं जन स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में सीईओ ने इस बाबत निर्देश जारी किए हैं।

बैठक में सीईओ ने कहा कि प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में अर्जित एवं अनार्जित जमीन का सेटेलाइट के माध्यम से सर्वे कराकर अतिक्रमण एवं अवैध निर्माण का पता लगाकर प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण के खिलाफ प्राधिकरण की जाने वाली कार्रवाई का सॉफ्टवेयर के माध्यम से निगरानी कर हुए पोर्टल पर डाटा अपलोड किया जाएगा। सेटेलाइट के माध्यम से सर्वे और पोर्टल के लिए एजेंसी चयन की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। इसके लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) निकाली जाएगी। बैठक में सीईओ ने सेक्टर-151 के निर्माणाधीन गोल्फ कोर्स की चहारदीवारी का काम पूरे करने के निर्देश दिए। इसके लिए नोएडा ट्रैफिक सेल की ओर से पार्किंग के लिए निकाले गए टेंडरों पर जल्द से जल्द फैसला लेते हुए कार्रवाई करने को कहा। सीईओ ने नोएडा के मेट्रो स्टेशनों के आसपास सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही। सेक्टर-146 में किसानों को 5 प्रतिशत आबादी भूखंड जल्द से जल्द नियोजित करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए।

### तालाबों का होगा निर्माण और सौंदर्यीकरण

सीईओ ने नोएडा में तालाबों के निर्माण एवं उनके सौंदर्यीकरण के लिए स्थलों को चिह्नित कर एस्टिमेट तैयार कर जल्द से जल्द काम शुरू करने के निर्देश दिए। बैठक में एसीईओ ने बताया कि सेक्टर-167 में करीब 4.5 हेक्टेयर में बड़े तालाबों का निर्माण प्रस्तावित है। सीईओ ने बैठक में सभी अधिकारियों को किसानों और जन सामान्य से प्राप्त होने वाली शिकायतों को निस्तारित करने के निर्देश दिए हैं।

# ग्रेनो प्राधिकरण ने 3 संस्थाओं पर लगाया 2.32 लाख जुर्माना

## कूड़े का निस्तारण न करने पर कार्रवाई, ओएसडी के निरीक्षण में मिली खामियां

**गौतम बुद्ध नगर।** कूड़े का उचित प्रबंधन न करने पर बल्क वेस्ट जनरेटरों के खिलाफ ग्रेटर नोएडा की तरफ से कार्रवाई जारी है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के जनस्वास्थ्य विभाग ने सेक्टर नॉलेज पार्क दो स्थित संस्कारम 'क्रिएटिव मेमोरीज फॉर लाइफ', स्टेलर जिमखाना और आईकॉनिक क्लब एंड कनवेंशन सेंटर पर कुल 2.32 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर जन स्वास्थ्य विभाग की तरफ से अभियान चलाया गया है। ओएसडी इंदु प्रकाश सिंह ने जनस्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ नॉलेज पार्क टू स्थित संस्कारम



'क्रिएटिव मेमोरीज फॉर लाइफ', स्टेलर जिमखाना और आईकॉनिक क्लब एंड कनवेंषन सेंटर का जायजा लिया। तीनों संस्थानों की तरफ से कूड़े का सेग्रीगेशन और उचित निस्तारण नहीं किया जा रहा था। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट-2016 रूल की अवहेलना करने पर जनस्वास्थ्य विभाग की तरफ से संस्कारम 'क्रिएटिव मेमोरीज फॉर लाइफ' पर 71 हजार रुपए, स्टेलर जिमखाना पर 90 हजार रुपए और आईकॉनिक क्लब एंड कनवेंशन सेंटर पर 71 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

### निवासियों से सहयोग की अपील

ओएसडी ने बताया कि इन सभी बैंक्वेट हॉल की जांच की गई। कूड़े का निस्तारण सही तरीके से करते हुए नहीं पाया गया है, जिसके चलते यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने चेतावनी दी है कि सभी बल्क वेस्ट जनरेटर अपने कूड़े का निस्तारण खुद से करना सुनिश्चित करें अन्यथा उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने बल्क वेस्ट जनरेटरो को कूड़े का उचित प्रबंधन करने और ग्रेटर नोएडा को स्वच्छ रखने में सभी निवासियों से सहयोग करने की अपील की है।

# पीडीपी के नेता लोगों में निराशा न पनपने दें : महबूबा

श्रीनगर। उच्चतम न्यायालय के अनुच्छेद 370 पर हालिया आदेश के मद्देनजर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने गुरुवार को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से कहा कि वे लोगों में निराशा न पनपने दें।

महबूबा ने इस महत्वपूर्ण घड़ी में लोगों के साथ खड़े होने के लिए एकजुट होने का भी आह्वान किया। पार्टी के एक प्रवक्ता ने कहा कि वरिष्ठ नेताओं के साथ एक बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि भविष्य के लिए व्यापक उपायों पर चर्चा हुई, जिसका उद्देश्य क्षेत्र के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करना है। इस दौरान, पीडीपी प्रमुख ने लोगों के दिलों और दिमागों में निराशा को पनपने से रोकने की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर जोर दिया।

मुफ्ती ने दोहराया कि राजनीतिक लड़ाई अप्रत्याशित परिणाम ला सकती है, चुनौतीपूर्ण समय से निपटने के लिए लचीलापन और एकता सबसे मजबूत स्तंभ बने हुए हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, राजनीतिक लड़ाई में, परिणाम हमेशा हमारी आकांक्षाओं के अनुरूप नहीं हो सकते हैं।

हालांकि, हमें निराशा को हावी नहीं होने देना चाहिए। हमारे लोगों के साथ एकता, लचीलापन और एकजुटता हमारे मार्गदर्शक सिद्धांत बने हुए हैं।

# जाली जन्म प्रमाण पत्र बेचने के आरोप में फरार एजेंट गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने गुरुवार को तरनतारन जिले के गांव गेहरी निवासी निरंजन सिंह को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया और आरोपी को एक दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया।

आरोपी निरंजन सिंह एक आपराधिक मामले के सिलसिले में पांच साल से गिरफ्तारी से बच रहा था। उस पर जन्म प्रमाणपत्र की प्रति के एवज में दस हजार रुपये वसूलने का आरोप था।

सतर्कता ब्यूरो के एक आधिकारिक प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि उक्त आरोपी के खिलाफ 27 मई 2017 को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 420, 467, 468, 120-बी और धारा 13 (1) के साथ पठित 13 (2) के तहत अमृतसर रेंज पुलिस थाना में



भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एक आपराधिक मामला दर्ज किया गया था। आरोपी को 06 जून 2018 को अदालत द्वारा अपराधी घोषित कर दिया गया था और तब से वह गिरफ्तारी से बच रहा है। प्रवक्ता ने खुलासा किया कि उक्त आरोपी सिविल सर्जन तरनतारन कार्यालय के अधिकारियों के साथ मिलीभगत करके जाली जन्म प्रमाण पत्र हासिल करता था और उन्हें प्रत्येक लाभार्थी को दस हजार रुपये में बेचता था।

### बीएसएफ ने अमृतसार में पाकिस्तानी ड्रोन बरामद किया

अमृतसर । राज्य के जिला अमृतसर (आर) में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पंजाब पुलिस ने एक पाकिस्तानी ड्रोन बरामद किया है। बीएसएफ के प्रवक्ता गुरुवार को बताया कि बुधवार को शाम के समय ड्रोन की मौजूदगी के संबंध में पंजाब पुलिस की विशेष सूचना पर बीएसएफ और पंजाब पुलिस द्वारा अमृतसर के गांव रोरनवाला खुर्द के बाहरी इलाके में एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान सैनिकों ने गांव रोरांवाला खुर्द से सटे खेत से एक ड्रोन बरामद किया। बरामद ड्रोन एक क्वाडकॉप्टर (मॉडल - डीजेआई माविक क्लासिक 3, चीन में निर्मित) है।

# भाजपा विधायकों ने विधानसभा के बाहर बेचा 100 रुपए किलो दूध

धर्मशाला (तपोवन)। हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में चल रहे विधानसभा शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन भी विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अलग ही अंदाज में नजर आई। विपक्ष ने आज सदन की कार्रवाई शुरू होने से पहले ही सरकार की दूध को 100 रुपए किलो खरीदने की गारंटी को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान विधायक सिर पर दूध की मटकी लेकर विधानसभा परिसर पहुंचे और 100 रुपए किलो दूध बेचते नजर आए।

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा कि एक साल पहले सरकार ने किसानों से भैंस के दूध को 100 रुपए किलो और गाय के दूध को 80 रुपए किलो




खरीदने की बात कही थी, लेकिन एक साल में दूध की कीमतें पहले की तरह ही 30 और 32 रुपए हैं। इसलिए विपक्ष सरकार को दूध की गारंटी याद दिला रही है।

सभी विधायक आज दूध की बाल्टिया और मटके लेकर पहुंचे हैं। सरकार से सवाल किया जा रहा है कि इस गारंटी को कब पूरा किया जाएगा। एक साल के जश्न के दौरान सरकार ने छह रुपए कीमत बढ़ाने की बात कही है, लेकिन सरकार पर किसी को विश्वास नहीं है। विपक्ष सरकार को इन गारंटीयों को भूलने नहीं देगी।

# धनखड़ का नहीं सहेंगे अपमान, भाजपा ने किया प्रदर्शन

शिमला। राष्ट्रीय राजधानी में संसद परिसर में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की नकल करने से नाराज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को शिमला में विरोध प्रदर्शन किया है। भाजपा कार्यकताओं ने जिलाधीश और राज्यपाल के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपकर तृणमूल कांग्रेस सांसद कल्याण बनर्जी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की।

भाजपा नेता सुरेश भारद्वाज ने कहा कि उप राष्ट्रपति देश का दूसरा सबसे बड़ा संवैधानिक पद होता है। जिसका अपमान करना शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि श्री धनखड़ किसान परिवार और जाट समाज से आते हैं। पहले भी इस तरह प्रधानमंत्री का अपमान किया गया है।

आज आम परिवार से निकलकर लोग सर्वोच्च पद तक पहुंचे है वह इन लोगों से बर्दाश्त नहीं हो रहा है। यह देश के किसानों का अपमान है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भाजपा ने राज्यपाल के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपकर सख्त कार्यवाही की मांग कर रही है।

मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने कहा की विपक्ष के व्यवहार से लगता है कि उन्होंने विपक्ष में ही रहने का पक्का मन बना लिया है। उनके चाल, चरित्र और सोच से यही झलकता है। अगर उनका यही हाल रहा तो विपक्ष आज जहां है, अगले चुनाव में वहां से भी पीछे हो जायेंगे। क्या श्री धनखड़ का अपमान कांग्रेस और इंडी गठबंधन नेताओं ने क्या इसलिए किया कि वे बड़े परिवार से नहीं आते, क्या इसलिए किया कि वे एक साधारण जाट समाज से आते हैं? क्या इसलिए किया कि वे महज एक किसान के बेटे हैं? और अगर ऐसा नहीं है तो क्यों सर्वश्री राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, अधीर रंजन चौधरी और खुद कल्याण बनर्जी माफी मांगने के बजाए मुद्दे को भटका रहे हैं। खडगे कह रहे हैं कि सदन में जाति की बात नहीं करनी चाहिए जबकि श्री गाँधी स्वयं सदन में जाति की राजनीति करते हुए लंबा लंबा भाषण देते हैं।

आश्चर्य की बात है कि घमंडिया गठबंधन की चौथी बैठक कल ही नई दिल्ली में हुई लेकिन इस अशोभनीय व्यवहार को लेकर कोई चर्चा नहीं की गई, न ही सांसदों की निंदा की गई। अपनी इसी हरकत के कारण कांग्रेस 50 के आंकड़े में सिमट कर रह गई है। इसी हरकत के कारण मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में उनके हवाई किले एक बार पुन: ध्वस्त हो गए।

भाजपा नेताओं कहा की विपक्ष के नेताओं को भूलने की आदत है, यह भूल गए कि राजस्थान और छत्तीसगढ़ की जनता ने कैसे इनको राज्य से बाहर खदेड़ा।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी

जालंधर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जन कल्याण योजनाओं के लक्ष्यों को पूरी तरह हासिल करने और देश के नागरिकों को विकसित भारत में भागीदारी करने के उद्देश्य से 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' की शुरुआत की गई थी।

इस संकल्प यात्रा में राज्यभर में से महिलाओं की भागीदारी ज्यादा देखने को मिल रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत राज्य भर में अब तक पहुंची 132 जागरूक वैनों ने 3545 ग्राम पंचायतों को कवर कर लिया है। यात्रा के दौरान किये जा रहे समारोहों में अब तक राज्य भर में से 550882 लोगों ने भाग लिया, जिनमें 274780 महिलाओं और 274589 पुरष शामिल हुए हैं। इस यात्रा के दौरान स्वास्थ्य शिवर भी लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों के दौरान अब तक 165416 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की जा चुकी है।

इस दौरान टी. बी. सबंधी 75939 लोगों की जांच की जा चुकी है। विकसित भारत संकल्प यात्रा सिर्फ़ प्रचार ही नहीं है बल्कि इस का एक मुख्य उद्देश्य देश के विकास में नागरिकों की भागीदारी बढ़ाना भी है।

## शार्ट न्यूज

### गाजियाबाद में कोरोना का एक और केस मिला

गाजियाबाद। गाजियाबाद में कोरोना का एक और केस मिला है। यहां एक शख्स की आंख के ऑपरेशन के दौरान टेस्ट कराया तो उसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इससे पहले बुधवार को भाजपा पार्षद कोरोना संक्रमित हो गए थे। जिले में कोरोना के के मिलने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग में खलबली मच गई है। जिला सर्विलांस अधिकारी आरके गुप्ता ने बताया कि मरीज को एहतियात बरतने और भीड़भाड़ वाले स्थान पर ना जाने की सलाह दी गई है। नाक कान गला रोग विशेषज्ञ बीपी त्यागी ने इसे कोरोना के नए वैरिएंट होने की आशंका जताई है। वहीं दिल्ली में मंगलवार को तीन कोरोना के नए केस मिले हैं। सभी मरीजों का उपचार अलग अलग अस्पतालों में चल रहा है। विशेषज्ञों ने लोगों से फिर से चेहरे पर मास्क लगाने और भीड़भाड़ वाले इलाके में जाने से बचने की सलाह दी है। हालांकि आने वाले दिनों में 25 दिसंबर क्रिसमस और एक जनवरी को लोग नए साल के जश्न में डूबने की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि आगे स्थित बिगड़ भी सकती है। दिल्ली एनसीआर का क्षेत्र होने के कारण एहतियात के तौर पर सीएमओ ने स्थानीय स्तर पर मंगलवार को अलर्ट जारी किया था जिसमें जांच बढ़ाने के निर्देश दिए गए थे।

### बीएमडब्ल्यू देने के नाम पर 27.5 लाख रुपये ठगे

**गुरुग्राम।** बीएमडब्ल्यू कार देने के नाम पर 27.5 लाख रुपये की धोखाधड़ी मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। डीएलएफ फेज चार निवासी श्रेष्ठ शर्मा ने डीएलएफ सेक्टर 29 थाना पुलिस में दी शिकायत में बताया कि दीपक, प्रशांत और अन्य से पुरानी बीएमडब्ल्यू एक्स-5 व फॉर्च्यूनर लेने की बात हुई थी। पीड़ित का कहना है कि अगस्त में दीपक कुमार उर्फ जिम्मी ने गाड़ी की जानकारी वाट्सएप पर भेजी थी। बातचीत होने पर आरोपी को 27.5 लाख रुपये भेज दिया था। आरोपी ने अपना दफ्तर गोल्फ कोर्स रोड डीएलएफ फेज पांच बताया था। आरोपी का यह पता इंस्टाग्राम पर भी था। जब पीड़ित मौके पर गया तो वहां पर ऐसा दफ्तर नहीं पाया। आरोपी दीपक ने इस पर पीड़ित को नई बीएमडब्ल्यू एक्स-5 कार 80.93 लाख में देने के लिए कंपनी के मोहन कोआपरेटिव मथुरा रोड दिल्ली भेजा। जहां प्रशांत नामक युवक ने कार दिखाई, लेकिन पीड़ित को कार नहीं मिली। पीड़ित का कहना है कि पैसे वापस मांगने पर आरोपी धमकाता है। पीड़ित का आरोप है कि इसमें कुछ अधिकारी बीएमडब्ल्यू कंपनी के भी शामिल हैं।

### मुठभेड़ में गोगी गैंग का बदमाश दबोचा

**नई दिल्ली।** अलीपुर में पुलिस ने कारोबारियों से रंगदारी मांगने वाले गोगी गैंग के एक बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान बदमाश के पैर में गोली लगी, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने पिस्टल और दो कारतूस बरामद किए हैं।पुलिस के हत्थे चढ़ा बदमाश करण थापा अलीपुर का रहने वाला है। उसके खिलाफ पुलिस को अलीपुर में कुछ कारोबारियों से रंगदारी वसूलने की शिकायत मिली थी। पुलिस को बीती 20 दिसंबर की रात सूचना मिली थी कि करण मुखमेलपुर गांव में आने वाला है। सूचना पर पुलिस ने श्मशान घाट के पास घेराबंदी कर दी। इस दौरान आरोपी बाइक से आता दिखा। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन वह पुलिस पर गोली चलाकर वहां से भागने लगा। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें बदमाश के पैर में गोली लगी। जख्मीहालत में उसे राजा हरिशचंद अस्पताल में जाया गया, जहां से उसे अंबेडकर अस्पताल में रेफर कर दिया गया। पूछताछ में बदमाश ने बताया कि वह जेल में बंद योगेश उर्फ टुंडा के कहने पर अलीपुर और आसपास के इलाकों में व्यापारियों से रंगदारी वसूलता था।

### कुतुबगढ़ गांव में पीएनजी सेवा शुरू

नई दिल्ली। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने गुरुवार को कुतुबगढ़ गांव में घरेलू पीएनजी सेवा की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जौंती, निजामपुर, रावता और दौराला गांव को एक महीने के भीतर पीएनजी कनेक्शन प्रदान किए जाएंगे। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ग्रामीण क्षेत्रों के विकास पर विशेष रूप से ध्यान दे रहे हैं। इसी कड़ी में दिल्ली के ग्रामीण इलाकों में आईजीएल का यह पहला उद्यम है। अभी तक शहरी आवासीय कॉलोनियों में ही पीएनजी सेवा उपलब्ध थी। इस अवसर पर उपराज्यपाल ने कहा कि अगले तीन महीनों में सभी 29 गांवों में पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध होंगे। आईजीएल ने 10 गांवों में पाइपलाइन बिछाने के लिए सर्वे पूरा कर लिया है, बाकी 14 गांवों में आवश्यक अनुमति सहित प्रारंभिक कार्य चल रहे हैं। राजनिवास के सूत्रों ने बताया कि कुतुबगढ़ गांव के कुल एक हजार मकानों में से 350 में पीएनजी पहुंच गई है। आईजीएल द्वारा लगाए गए विशेष कैंप में बाकी घरों के लिए भी आवेदन मिल गए हैं। उपराज्यपाल ने गांव के कुछ घरों में जाकर पीएनजी कनेक्शन देखे। उन्होंने गांववासियों के साथ ही आईजीएल के अधिकारियों को भी बधाई दी, जिन्होंने महज छह माह के भीतर 25 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाकर पीएनजी इस गांव तक पहुंचाई। उपराज्यपाल ने बीते जून माह में आईजीएल अधिकारियों से 29 गांवों में पीएनजी कनेक्शन मुहैया कराने को कहा था।

### दिल्ली कांग्रेस ने क्राउडफंडिंग शुरू की

नई दिल्ली। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में गुरुवार को डोनेट फॉर देश कार्यक्रम शुरू हुआ। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री अजय माकन ने 1.38 लाख रुपये देकर अभियान की शुरुआत की। अरविंदर सिंह लवली ने उन्हें प्रमाणपत्र सौंपा। लवली ने बताया कि आगामी 28 दिसंबर से कांग्रेस कार्यकर्ता घर-घर जाकर यह अभियान चलाएंगे।इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि डोनेट फॉर देश कार्यक्रम एक ऐसा ऐतिहासिक कार्यक्रम है, जिसका मकसद केवल धन संग्रह नहीं है। इसका असली उद्देश्य बूथ स्तर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से सीधे तौर पर जुड़ना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा आम जनता के सहयोग से ही पार्टी के लिए चंदा इकट्ठा किया है। पार्टी इस कार्यक्रम को ऑनलाइन चला रही है, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। अरविंदर सिंह लवली और अजय माकन ने घोषणा की कि आगामी 28 दिसंबर को कांग्रेस के स्थापना दिवस पर कार्यकर्ता दिल्ली के सभी 13760 पोलिंग बूथ पर घर-घर जाकर कार्यक्रम को धरातल पर उतारेंगे। इससे दिल्ली में संगठन को मजबूत करने में मदद मिलेगी। प्रदेश अध्यक्ष ने खुद भी 1.38 लाख रुपये का योगदान इस अभियान में दिया।इस अवसर पर अजय माकन ने कहा कि जब-जब दिल्ली में कांग्रेस का कार्यकर्ता खड़ा हुआ है, उसने देश की राजनीतिक दिशा बदली है। उन्हें उम्मीद है कि दिल्ली डोनेट फॉर देश कार्यक्रम में पहले तीन राज्यों में अपनी जगह बनाएगी।

### दिल्ली पुलिस ने दो और लोगों से पूछताछ की

नयी दिल्ली/बागलकोट। दिल्ली पुलिस ने संसद सुरक्षा चूक मामले में दो और लोगों से पूछताछ की है। इनमें एक कर्नाटक और दूसरा उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिन दो लोगों से पूछताछ की गई है उनमें से एक साईकृष्ण जगली, आरोपी मनोरंजन डी का करीबी दोस्त है। साईकृष्ण कर्नाटक का रहने वाला है। वहीं, दूसरा व्यक्ति उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। पुलिस की विशेष प्रकोष्ठ की एक टीम ने बुधवार को दोनों से पूछताछ की।सूत्रों ने बताया कि साईकृष्ण जगली एक तकनीकी विशेषज्ञ है तथा वह सेवानिवृत पुलिस उपाधीक्षक का बेटा है। दिल्ली पुलिस की टीम ने जगली को बुधवार रात को बागलकोट के विद्यागिरी कस्बा स्थित उसके घर से उसे उठाया। जगली की बहन स्पंदा ने बताया कि वह बेंगलुरु में एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में काम करता है तथा वह मनोरंजन के कॉलेज के दिनों में उसके साथ रहता था।स्पंदा ने कहा कि दिल्ली पुलिस की टीम उनके भाई को यह कहते हुए अपने साथ ले गई कि उसने कुछ भी गलत नहीं किया है। उन्होंने कहा, यह सच है कि दिल्ली पुलिस आई थी। मेरे भाई से पूछताछ की गई। हमने पूछताछ में पूरा सहयोग किया है। मनोरंजन और साईकृष्णा दोनों रूममेट थे।सूत्रों ने कहा कि पुलिस के मुताबिक, संदेह है कि मनोरंजन और साईकृष्णा, दोनों ही फेसबुक पेज 'भगत सिंह फैन क्लब का हिस्सा हैं। इस पेज को आरोपियों ने संसद की सुरक्षा में सेंध की घटना से पहले बनाया था। हालांकि, इसे अब फेसबुक से हटा दिया गया है।

# ईडी के सामने फिर पेश नहीं हुए अरविंद केजरीवाल

## भेजा जवाब, कहा-मेरे पास छिपाने के लिए कुछ नहीं

नई दिल्ली। (पीएमए) दिल्ली शराब घोटाले में ईडी के समन के बाद भी अरविंद केजरीवाल पेश नहीं हुए। हालांकि उन्होंने अपना जवाब जरुर भेज दिया है।

दिल्ली शराब घोटाले में शक के दायरे में आए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गुरुवार (21 दिसंबर) को एक बाक फिर ईडी के सामने पेश नहीं हुए। हालांकि इस बार उन्होंने अपना एक जवाब प्रवर्तन निर्देशालय के अधिकारियों को भेज कर अपना पक्ष रखा है। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया है कि उन्हें केंद्र के इशारे पर परेशान किया जा रहा है। उनके पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है। बता दें कि ईडी ने केजरीवाल को दिल्ली के कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में 21 दिसंबर को पूछताछ के लिए बुलाया था।

### राजनीति से प्रेरित होकर भेजा गया समन

ईडी के सामने पेश होने के बजाए केजरीवाल ने अपना एक जवाब भेजा है। इसमें उन्होंने कहा है कि ईडी का



यह समन भी एजेंसी द्वारा जारी किए गए पिछले समन की तरह अवैध है। ईडी को इस समन को वापस लेना चाहिए क्योंकि यह राजनीति से प्रेरित है।

मैंने अपनी जिंदगी जी ली है। ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ। मेरे पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है।बता दें कि इससे पहले सूबे के मुख्यमंत्री को 2 नवंबर को केंद्रीय जांच एजेंसी ने तलब किया था। तब उन्होंने चुनावी व्यस्तता का हवाला दिया था।

### विपश्यना सेंटर पहुंचे अरविंद केजरीवाल

बता दें कि अरविंद केजरीवाल पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ 20 दिसंबर को दिल्ली से चार्टर्ड विमान से शाम लगभग चार बजे जालंधर स्थित आदमपुर एयरपोर्ट पहुंचे। वहां से दोनों नेता हेलीकाप्टर से विपश्यना मेडिटेशन सेंटर के निकट स्थित चौहाल के लिए रवाना हुए। मान रात्रि विश्राम के लिए चौहाल में ही रुक गए, जबकि केजरीवाल विपश्यना सेंटर में पहुंच गए। वहां वह दस दिन तक रहेंगे। इस दौरान वह किसी से नहीं मिलेंगे।

पहाड़ियों की गोद में बसे विपश्यना सेंटर के इर्द-गिर्द सुरक्षा के लिए 500 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं।

एसपी और डीएसपी स्तर के अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति पर नजर रखेंगे। बैरिकेड लगा दिया गया है। गांव के लोगों के पहचान पत्र देखकर आने-जाने की व्यवस्था की गई है। गांव के सरपंच रावल सिंह ने बताया कि उन्हें मंगलवार को ही केजरीवाल के आने की सूचना मिली थी।

इसके बाद उन्होंने मजदूरों को बुलाकर मेडिटेशन सेंटर के आसपास सफाई कराई। मालूम हो कि ईडी ने सोमवार को केजरीवाल को पूछताछ के लिए नया समन जारी किया था।

## गाजियाबाद में गोमांस के अवशेष मिलने पर हंगामा

गाजियाबाद। गाजियाबाद में नेशनल हाईवे-9 पर हिंडन नदी पुल के पास शुक्रवार को गोमांस के कुछ अवशेष मिले हैं। ये देख हिन्दू संगठन भड़क गए हैं। उन्होंने हाईवे पर जाम लगा दिया है। वे गोहत्यारों को पकड़ने और कठोर दंड देने की मांग कर रहे हैं। पुलिस मौके पर है और प्रदर्शनकारियों को समझाने में जुटी हुई है। चार पैर, सिर और धड़ का हिस्सा सहित कुल छह टुकड़े पड़े हुए थे। राहगीरों की नजर पड़ी तो वाहनों के पहिये थमने शुरू हो गए। हिंडन पुल पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। धीरे-धीरे हिन्दू संगठनों के लोग पहुंच गए। जिसके बाद वे अवशेष लेकर सड़क पर धरना देकर बैठ गए हैं। उनका कहना है कि ये नेशनल हाईवे है। 24 घंटे वाहनों का आवागमन होता है। इसके बावजूद गोहत्यारे यहां अवशेष फेंककर चले गए। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि हाईवे पर लगे ष्टष्टञ्जङ्क कैमरों की फुटेज के जरिये आरोपियों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाए। फिलहाल पुलिस बल मौके पर है। जाम की वजह से नेशनल हाईवे पर वाहनों के पहिये थम गए हैं। वाहन चालकों को परेशानियां हो रही हैं।

# नेपाल से आया व्यक्ति मिला संक्रमित, मचा हड़कंप

एजेंसी

ग्रेटर नोएडा। (पीएमए) कोरोना महामारी से अभी देश पूरी तरह से उबर भी नहीं पाया था कि अब इसके नए सब वेरियंट जेएन.1 ने दस्तक दे दी। कोविड-19 के बढ़ते मामलों ने एक बार फिर से देश के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं। कोरोना के नए वेरियंट जेएन.1 के दो दर्जन से अधिक मामले सामने आ चुके हैं और धीरे-धीरे ये बढ़ते ही जा रहे हैं। इस केस का एक मामला दिल्ली से सटे नोएडा में भी मिला है। यह मरीज पिछले दिनों नेपाल से आया है। संक्रमित मरीज मिलने के बाद हड़कंप मच गया है। जिला स्वास्थ्य विभाग कोविड संक्रमित मरीजों के संपर्क में आए लोगों की पहचान और उनकी जांच में जुटा है।

### कोविड प्रोटोकाल का पालन

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, गुरुग्राम स्थित एमएनसी में काम करने वाला एक व्यक्ति कंपनी की निर्देश पर नेपाल गया था। करीब एक सप्ताह पूर्व नेपाल से लौटने पर कोविड जांच कराई थी।

पहली रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। इस कारण दूसरी बार 18 दिसंबर को नमूना दिया था। दूसरी रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है।

हालांकि उक्त व्यक्ति होम



आइसोलेशन में है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से व्यक्ति से संपर्क कर होम आइसोलेशन की गाइडलाइन के साथ कोविड प्रोटोकाल का पालन करने की सलाह दी गई है। फिलहाल मरीज सेक्टर-36 रह रहा है।

### कब सामने आया जेएन.1 का पहला मामला?

कोविड-19 का यह सब-वैरिएंट सबसे पहले लक्जमबर्ग में मिला था। यह ओमिक्रॉन सब-वैरिएंट से आया है।

इसका सोर्स पिरोला वैरायटी बीए.2.86 है। इसमें स्पाइक प्रोटीन आल्टरेशन हैं जो इसे अधिक संक्रामक और इम्यून सिस्टम को चकमा देने वाला बना देते हैं।

जहां तक भारत का सवाल है तो जेएन.1 का पहला मामला 8 दिसंबर को सामने आया था। केरल में 79 साल की एक बुजुर्ग महिला इससे संक्रमित हुई थी।

## ग्रेटर नोएडा में अवैध यूनिपोल के खिलाफ मुहिम तेज

ग्रेटर नोएडा। (पीएमए) अवैध यूनिपोल लगाने वालों के खिलाफ प्राधिकरण ने अभियान चलाया है। प्राधिकरण की एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग ने बृहस्पतिवार को खुद कमान संभाली। पहले दिन चार अवैध यूनिपोल हटाए गए हैं। इससे पहले विगत 13 दिसंबर को 6 अवैध यूनिपोल लगाने वालों पर पांच-पांच लाख रुपये का जुर्माना लगा चुका है।

### सीईओ रवि कुमार एनजी के आदेश पर एक्शन जारी

ग्रेटर नोएडा में अवैध यूनिपोल लगे होने की सूचना मिलने प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने अर्बन सर्विसेज विभाग को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सीईओ ने एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग को अवैध यूनिपोल हटाने की जिम्मेदारी सौंपी है। एसीईओ बृहस्पतिवार को खुद ग्रेटर नोएडा वेस्ट में घूमीं। चार अवैध यूनिपोल को हटवाया। ये चार यूनिपोल चार मूर्ति चौक पर हिंडन ब्रिज के पास, वीवीआईपी होम्स के सामने, 60 मीटर रोड पर गौड़ सिटी मॉल के पास, 60 मीटर रोड पर ही डी मार्ट पुलिस चौकी के सामने लगे थे।

### राजस्व का नुकसान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : गर्ग

एसीईओ ने यूनिपोल हटाने वाली टीम को यूनिपोल हटाने के दौरान यातायात को बाधित न करने और सुरक्षा के लिहाज से सभी सावधानी बरतने के निर्देश दिए। जहां पर ट्रैफिक का लोड अधिक हो, वहां ऑफ ऑवर में यूनिपोल हटाने को कहा है। अर्बन सर्विसेज विभाग की तरफ से बताया गया कि ग्रेटर नोएडा में करीब 60 यूनिपोल ही वैध लगे हैं, शेष अवैध हैं। एसीईओ ने इन्हें चिंहित कर साप्ताहिक अभियान चलाकर इनको हटवाने के निर्देश दिए।

## बीएसएफ जवान की कार में टक्कर मारी, पत्नी घायल

गाजियाबाद। गाजियाबाद में एलिवेटेड रोड पर घायल स्कूटी सवार की मदद कर रहे ब्लस्न जवान की कार में एक दूसरी कार ने टक्कर मार दी। इस हादसे में फौजी की पत्नी गंभीर घायल हो गईं। वारदात के बाद आरोपी कार सवार भाग निकला। घायल महिला को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ब्लस्न में तैनात भूपेंद्र सिंह राणा के मुताबिक, वह अपनी पत्नी के साथ 18 दिसम्बर को दोपहर करीब 1 बजे एलिवेटेड रोड से आ रहे थे। इस दौरान उन्हें सड़क पर रोड एक्सीडेंट में घायल शख्स दिखाई दिया। भूपेंद्र सिंह कार से उतरे और घायल को उठाने लगे। इस दौरान उनकी पत्नी कार में ही बैठी हुई थी। भूपेंद्र सिंह राणा के मुताबिक, तभी करीब 100 की स्पीड से एक कार ने पीछे से उनकी कार में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उनकी कार दो राउंड घूम गई।

### महिला पहलवान यौन शोषण मामला

# अदालत आरोपी बृजभूषण के खिलाफ नए सिरे से सुनेगी दलीलें, चार जनवरी से होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** अदालत ने छह महिला पहलवानों द्वारा बृजभूषण सिंह के खिलाफ दायर यौन उत्पीड़न मामले में आरोप तय करने के मुद्दे पर चार जनवरी से नए सिरे से सुनवाई तय करने का निर्णय लिया है।

राउज एवेन्यू कोर्ट के अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह जसपाल के अलग अदालत में स्थानांतरित होने के कारण ऐसा निर्णय लिया गया है। अदालत ने कहा कि चूंकि आरोप तय करने पर दलीलें पूर्ववर्ती न्यायाधीश ने सुनी थीं, इसलिए उन्हें नए सिरे से सुनने की जरूरत है।

पूर्ववर्ती न्यायाधीश एसीएमएम हरजीत सिंह जसपाल पहले ही सभी संबंधित पक्षों की व्यापक दलीलें सुन चुके थे और आदेश सुरक्षित रखने से



पहले मामला स्पष्टीकरण के चरण में था। इससे पहले महिला पहलवानों की और से पेश अतिरिक्त लोक अभियोजक अतुल श्रीवास्तव ने अदालत को बताया था कि रेसलिंग फाउंडेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख को पता था कि वह क्या कर रहे हैं और उनका इरादा पहलवानों की गरिमा को ठेस पहुंचाना था।

उन्होंने यह भी बताया था कि शरण सिंह के खिलाफ तीन तरह के सबूत हैं जो आरोप तय करने के लिए काफी हैं। इनमें आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के तहत धारा 161 (पुलिस द्वारा गवाहों की जांच) और 164 (मजिस्ट्रेट द्वारा दर्ज किए गए बयान) के तहत एक लिखित शिकायत और दो दर्ज किए गए बयान शामिल हैं।

श्रीवास्तव ने कहा कि बृजभूषण सिंह के खिलाफ आरोप तय करना अदालत के अधिकार क्षेत्र में है। उन्होंने डब्ल्यूएफआई प्रमुख के वकील के उस तर्क का भी खंडन किया कि भारत के बाहर हुए मामलों के लिए सीआरपीसी की धारा 188 के तहत मंजूरी की आवश्यकता होती है।

# कोरोना के बढ़े मामले तो अलर्ट हुई केजरीवाल सरकार

## कोविड नमूनों को आरटी-पीसीआर टेस्ट के लिए भेजा

नई दिल्ली। देश में कोरोना के मामले सामने आने के बाद सरकार गंभीर हो गई है। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने अब कोविड के पर्याप्त नमूनों को आरटी-पीसीआर टेस्ट के लिए भेजा है। अधिकारियों ने गुरुवार को इस बात की जानकारी दी है। विभाग ने कोविड पॉजिटिव आरटी-पीसीआर नमूनों का जिनोम सिक्रेंसिंग कराने का भी निर्देश दिया है। देश में कोरोना वायरस के नए 594 केस सामने आए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, बुधवार तक देश



में कोरोना के 2,311 मामले सामने आए थे। अब नए केसों के सामने आने के बाद कोरोना के कुल केसों की संख्या 2,669 हो गए हैं। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने एनफ्लुएंजा के लक्षण वाले बीमारियों और फेफड़ों से संबंधित इन्फेक्शन से लड़ने के लिए स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एक अधिकारी ने कहा, गाइडलाइन के मुताबिक, आरटी-पीसीआर टेस्ट के लिए पर्याप्त संख्या में कोविड के नमूने भेजे गए हैं। पॉजिटिव आरटी-पीसीआर नमूनों का जिनोम सिक्रेंसिंग भी किया जाएगा। इसके अलावा अत्यधिक भीड़ से बचने, भीड़भाड़ वाली जगहों पर मास्क पहनने समेत अन्य उपायों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस वक्त कोविड-19 के टेस्ट के संबंधित डेटा को इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च द्वारा मेन्टेन किया जा रहा है। अब दिल्ली सरकार ने आईएमए से आग्रह किया है कि वो डेटा शेयर किया जाए। मंगलवार को केरल में 537 और कर्नाटक में 487 आरटी-पीसीआर टेस्ट किए गए। केरल में पॉजिटिविटी टेस्ट रेट 20.75 फीसदी रहा और कर्नाटक में 2.41 फीसदी रहा। इस दिन दिल्ली में 208 आरटी-पीसीआर टेस्ट किए गए हैं। पॉजिटिविटी दर 0.48 फीसदी रहा।

विकसित भारत संकल्प यात्रा




नई दिल्ली के कनॉट प्लेस में गोपालदास भवन की इमारत में लगी आग को बुझाने का प्रयास करते अग्निशमन कर्मी।

## साइबर जालसाजों ने कस्टम अधिकारी बनकर युवक से 10.50 लाख रुपये ठगे

**नोएडा।** साइबर जालसाजों ने कस्टम अधिकारी बनकर शख्स से साढ़े दस लाख रुपये की ठगी कर ली। जालसाजों ने कनाडा में संदिग्ध पार्सल मिलने के नाम पर जेल जाने का डर दिखाकर ठगी की वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित सेक्टर-28 अरुण विहार निवासी पुनित नंनगिया की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में पुनित ने कहा है कि पिछले दिनों उनके पास अनजान नंबर से फोन आया था। कॉलर ने खुद को कस्टम विभाग का अधिकारी बताते हुए कहा कि पुनित के नाम पर पार्सल कनाडा में मिला है। इसमें पासपोर्ट, सिम और एटीएम कार्ड समेत कई संदिग्ध दस्तावेज हैं। इसका इस्तेमाल राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में हुआ है। जालसाज ने फोन पर पीड़ित को जेल जाने का डर दिखाया।

कथित कस्टम विभाग के अधिकारी ने पुनित की बात मुंबई पुलिस के अधिकारियों से कराई। इस दौरान जेल जाने से बचने के लिए पैसे ट्रांसफर करने के लिए कहा गया। इसके बाद पीड़ित ने जालसाजों के कहने के मुताबिक रकम ट्रांसफर की। पीड़ित ने साढ़े दस लाख रुपये झांसे में आकर ट्रांसफर कर दिया तब पांच लाख रुपये और भेजने का दबाव बनाने लगे। पीड़ित के मना करने पर जालसाजों ने मोबाइल नंबर बंद कर दिया। जिसके बाद पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ। इसके बाद इस मामले में पुलिस से शिकायत की गई।

### रेलवे के सेवानिवृत अधिकारी से एक लाख रुपये ऐंठे

साइबर जालसाज ने सेक्टर-45 निवासी रेलवे के सेवानिवृत अधिकारी प्रदीप भटनागर से एक लाख रुपये ठग लिए। प्रदीप जगन्नाथ पुरी में ठहरने के लिए ऑनलाइन होटल सर्च कर रहे थे। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली सेक्टर-39 पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन में जुटी है।

## क्रिप्टो करेंसी में मुनाफे का लालच देकर युवती से 35 लाख ठगे

नई दिल्ली। आईपी एक्सटेंशन में क्रिप्टो करेंसी में निवेश करने पर मुनाफे का लालच देकर युवती से 35 लाख रुपये ठग लिए गए। ठगी का अहसास होने पर मामले की शिकायत पुलिस से की गई। पूर्वी जिला के साइबर थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उन खातों की पड़ताल की जा रही है, जिनमें रकम ट्रांसफर की गई। इसके अलावा सीडीआर भी खंगाली जा रही है। घटना के बाद से पीड़िता बुरी तरह तनाव में है। पुलिस के मुताबिक, 26 सितंबर को युवती के व्हाट्सएप नंबर पर अनजान नंबर से ईशा का मैसेज आया। चैट के दौरान उसने युवती को क्रिप्टो करेंसी में निवेश करने पर मोटा मुनाफा देने की बात कही। बाद में उसने युवती टेलीग्राम ग्रुप के लिंक से जोड़ दिया। इसमें युवती से क्रिप्टो करंसी में निवेश करने के लिए ऑफर दिए गए।

# दिल्ली में फुटओवर ब्रिज पर टूटी रेलिंग से गिरकर छात्र की मौत, पीडब्ल्यूडी के खिलाफ केस दर्ज

उत्तर पूर्वी दिल्ली के हर्ष विहार इलाके में वजीराबाद रोड स्थित फुटओवर ब्रिज की रेलिंग टूटे होने के चलते ब्रिज से गिरकर एक नौवीं कक्षा के छात्र की मौत हो गई। हादसे के बाद पुलिस ने मृतक की दोस्त की शिकायत के आधार पर पीडब्ल्यूडी के खिलाफ दूसरों के जीवन व व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने और लापरवाही से मौत का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की सभी कोणों से जांच कर रही है।

पुलिस उपायुक्त डॉ. जॉय टिर्की ने बताया कि बुधवार दोपहर 01.45 बजे वजीराबाद रोड पर मंडोली जेल के पास एक 16 वर्षीय नाबालिग के फुटओवर ब्रिज से गिरने से घायल होने की सूचना मिली। उन्हें घायल हालत में अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वह उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के गगन विहार में परिवार के साथ रहता था और मंडोली एक्सटेंशन स्थित





सरकारी स्कूल में नौवी का छात्र था। उनके परिवार में माता-पिता, एक छोटा भाई व एक बड़ी बहन हैं। पिता शटरिंग का काम करते हैं। इसी से घर का खर्च चलता है। बड़ी बहन 12वीं की छात्रा हैं।

छानबीन में पुलिस को पता चला कि हादसे के वक्त मौके पर नाबालिग अपने कुछ स्कूली दोस्तों के साथ मौजूद था। पीड़ित के साथ मौजूद उनके एक 15 वर्षीय दोस्त ने पूछताछ में बताया कि वह अपने दोस्त के साथ फुट ओवर ब्रिज पर खड़ा होकर बातचीत कर रहा था। इस दौरान उनका दोस्त रेलिंग के सहारे खड़ा था। इसी बीच थोड़ा आगे जाने पर रेलिंग टूटी हुई थी और वह ध्यान नहीं दे सका। इसके चलते वह फुटओवर ब्रिज से नीचे गिर गया और उसे गंभीर चोटें आ गईं।

इसके बाद अस्पताल में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मृतक का दोस्त भी उसी स्कूल में नौवीं का छात्र है लेकिन उसका सेक्शन अलग है। वह भी गगन विहार इलाके में ही रहता है। हादसे के बाद से लेकर अस्पताल आने तक वह मृतक के साथ मौजूद था। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

## संपादकीय

# भारत में फिर डरा रहा है कोरोना

कोरोना वायरस ने पूरी दुनिया में अपना प्रभाव बिखेरा है, और भारत भी इससे पूरी तरह से मुक़ाबला कर रहा है। वैक्सीनेशन के बावजूद, फिर से कोरोना के बढ़ते मामलों ने एक नए चिंता का कारण बना दिया है। इस लेख में, हम इस स्थिति की गंभीरता, कारण, प्रभाव, और इससे निपटने के उपायों पर विचार करेंगे।

### जेएन.1 सब-वेरिएंट

जेएन.1 सब-वेरिएंट पहली बार अगस्त के अंत में लक्ज़मबर्ग में पाया गया था। बीए .2.86 नामक स्ट्रेन से निकला है। जिसका उपनाम पिरोला है। तब से, यह दुनिया के विभिन्न हिस्सों में फैल गया है। अर्कांसस के जोन्सबोरो में न्यूयॉर्क इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी परिसर के डॉ. राजेंद्रम राजनारायणन ने Salon.com को पहले बताया कि यात्रा और छुट्टियों के आने के साथ, हम जानते हैं कि यह हर जगह फैलने वाला है। इसमें ईजी.5 या एक्सबीबी1.16.6 जैसी प्रमुख वंशावली बनने की सभी विशेषताएं हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका के रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र ने कहा है कि जेएन.1 की निरंतर वृद्धि से पता चलता है कि यह या तो अधिक संक्रामक है या हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली से बचने में बेहतर है, या दोनों। हालाँकि, इसमें कहा गया है कि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि जेएन.1 सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए खतरा बढ़ाता है या अन्य वेरिएंट की तुलना में अधिक गंभीर बीमारी का कारण बनता है। विशेषज्ञों ने पाया है कि जेएन.1 के स्पाइक प्रोटीन में एक अतिरिक्त उत्परिवर्तन है जो इसे अपने मूल वायरस की तुलना में कोशिकाओं को बेहतर तरीके से संक्रमित करने में सक्षम बनाता है। परिणामस्वरूप, हाल के सप्ताहों में यह तेजी से फैला है।

**लापरवाही और लोगों की असत्याग्रह :** लापरवाही और सामाजिक दूरी के पालन में कमी बनी रही है, जिससे वायरस का प्रसार बढ़ रहा है।

**स्वास्थ्य सेवाओं की ओर से दबाव :** फिर से बढ़ते मामलों ने स्वास्थ्य सेवाओं को और भी तनावपूर्ण बना दिया है और चिकित्सा संस्थानों को दबाव में डाला है।

**आर्थिक प्रभाव :** लॉकडाउन और विभिन्न प्रतिबंधों के कारण आर्थिक प्रभाव सहन कर रहे लोगों की स्थिति में और भी कमी हो रही है।

**वैक्सीनेशन :** लोगों को जल्दी से वैक्सीनेट करना और वैक्सीनेशन की बढ़ती स्थिति को बनाए रखना आवश्यक है।

**जागरूकता :** लोगों को आवश्यकता है सही जानकारी के साथ जागरूक रहने की ताकि वे सुरक्षित रह सकें और दूसरों को भी सुरक्षित रख सकें।

भारत में फिर से बढ़ते कोरोना मामलों ने स्वास्थ्य प्रबंधन निकायों को एक नई चुनौती प्रदान की है। सभी को मिलकर सावधान रहना, सरकारी निर्देशों का पालन करना, और वैक्सीनेशन का समर्थन करना महत्वपूर्ण है ताकि हम इस महामारी से निपट सकें।



# इंडिया गठबंधन को मिलकर मुकाबला करना होगा



ललित गर्ग

संसदीय अवरोध, विपक्षी दलों के 143 सांसदों के निलम्बन एवं उपराष्ट्रपति की मिमिक्री करने की घटनाओं से आक्रामक हुए राजनैतिक माहौल के बीच 28 पार्टियों का इंडिया गठबंधन विपक्षी दलों के साथ चौथी बार फिर से दिल्ली में एक छत के नीचे आया। बैठक का उद्देश्य था कि विपक्षी दलों के बीच सीट शेयरिंग एवं संयोजक के नाम पर सहमति सहित कई मुद्दों पर एक राय कायम करना। लेकिन इंडिया गठबंधन की इस बैठक में दल भले ही आपस में मिले, लेकिन दिल नहीं मिल पाये। लोकतंत्र की मजबूती के लिये सशक्त विपक्ष बहुत जरूरी है, लेकिन विपक्षी दलों की संकीर्ण सोच, सिद्धान्तविहीन राजनीति एवं सत्तालालसा ने विपक्ष की राजनीति को नकारा कर दिया है। सोचा गया था कि इंडिया गठबंधन विपक्ष से जुड़ी लोकतांत्रिक भागीदारी की लौ को फिर से प्रज्वलित कर सकेगा और ऐसी सोच एवं राजनीति प्रणाली का निर्माण करेगा जो वास्तव में लोगों की, लोगों द्वारा और लोगों के लिए हो। लेकिन ऐसा न होना इंडिया गठबंधन की बड़ी असफलता है और आने वाले वर्ष 2024 के लोकसभा में उसकी भूमिका टांय-टांय फिस ही होती हुई नजर आ रही है। क्योंकि चुनाव से पहले ही इंडिया गठबंधन में एकजुटता की बातें हवा हो रही है। न संयोजक और न ही प्रधानमंत्री और न ही नरेन्द्र मोदी के सामने कौन चुनाव लड़े के नाम पर सहमति बन पायी है।

आज दुनियाभर में लोकतंत्र विश्वास के संकट का सामना कर रहा है। भारत में विपक्ष की नकारात्मक स्थितियों के कारण यह संकट ज्यादा बड़ा है। इसका कारण है विपक्ष से जुड़े संस्थानों, राजनीतिक हस्तियों और लोकतांत्रिक निर्णयों का आधार बनने वाली प्रणालियों पर धीरे-धीरे कम हो रहा भरोसा। विश्वास का यह संकट तत्काल कार्रवाई की मांग करता है। आज हमें विपक्षी राजनीतिक तंत्र पर मौलिक विचार मंथन के बाद पुनर्मूल्यांकन कर इन्हें पुनर्स्थापित करने की आवश्यकता है ताकि बदलती हुई सामाजिक एवं राष्ट्रीय जरूरतों के साथ सामंजस्य स्थापित किया जा सके और सरकार एवं शासन की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकें जिसमें राजनीतिक प्रक्रियाओं का नहीं बल्कि नागरिकों की लोकतांत्रिक आकांक्षाओं का महत्त्व हो।

इंडिया गठबंधन की प्रथम अपेक्षा है कि इससे जुड़े सभी दलों में आपसी सहमति एवं एकजुटता बने। लेकिन चौथी बैठक में ऐसा होता हुई नहीं दिखा। सबसे खास बिहार के मुख्यमंत्री और इंडिया गठबंधन की नींव रखने वाले नीतीश कुमार ने जल्द से जल्द सीट शेयरिंग के मुद्दे पर आम सहमति बनाने की अपील की, लेकिन जिस बात का डर शुरू से था वही हुआ। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक ऐसा प्रस्ताव रख दिया, जिससे विपक्षी एकजुटता में सेंध लगी और राजनीतिक माहौल गरमा गया। ममता दीदी ने चाल चलते हुए मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम प्रधानमंत्री/संयोजक पद के लिए रख दिया जबकि इस नाम के लिए नीतीश प्रारंभ से लामबंदी कर रहे थे। खड़गे का नाम सुनते ही ना सिर्फ नीतीश बल्कि नीतीश के नाम के पीछे अपने बेटे तेजस्वी का भविष्य तलाशने वाले लालू यादव भी नाराज हो गए। नाराजगी ऐसी कि दोनों दिग्गज लालू और नीतीश कुमार गठबंधन की बैठक के बीच से ही निकल गए और साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी शामिल नहीं हुए। ऐसे में ये भी सवाल उठता है कि क्या गठबंधन में सिर्फ बैठकें होंगी या फिर कुछ निष्कर्ष भी निकलेगा। क्या गठबंधन लोकसभा चुनाव की कोई प्रभावी एवं सार्थक चुनावी प्रक्रिया तय कर पायेगी? क्योंकि लोकसभा चुनाव में अब 6 महीने से भी कम का समय बचा है। मोदी के रथ पर सवार बीजेपी को हराने के लिए इंडिया गठबंधन ऐड़ी चोटी का जोड़ तो लगा रही है, लेकिन सभी दल एक मुद्दे पर सहमत नहीं हो पा रहे हैं।

ऐसा प्रतीत होता है कि विपक्षी दलों का इंडिया गठबंधन कोरा सत्ता के लिए प्रयत्नशील हैं लेकिन लोकतांत्रिक आदर्श के लिए नहीं। ऐसा माना जाता है कि सत्ता समझौतों पर टिकी होती है और आदर्श सिद्धांतों पर। दोनों में संतुलन और सामंजस्य की स्थितियां दुर्लभ होती जा रही है। विपक्षी दल चाहे कितनी ही समस्याएं पैदा करते हों, लेकिन अगर वे अलग-अलग मुद्दों से ज्यादा नीतिगत प्रश्नों पर ध्यान दें तो उन्हीं के जरिए लोगों को आकर्षित कर सकते हैं। कोई भी दल सत्ता में आने के लिए गठबंधन तब करता है जब अकेले सरकार बनाने या जीतने की स्थिति में नहीं होता। लेकिन आदर्शवादी राजनीति सोच इसे सत्तामोह और समझौतावाद कहते हैं। इसका अर्थ यह है कि सिद्धांतवादी दलों को किसी से गठजोड़ नहीं करना चाहिए, भले उसका परिणाम राजनीतिक असफलता ही क्यों न हो। लेकिन राजनीति में गठबंधन एक विवशता बनती जा रही है, क्योंकि किसी भी विपक्षी दल में सिद्धान्त एवं मूल्यों की राजनीति करने का माद्दा नहीं उभर पा रही है।

इंडिया गठबंधन लोकतंत्र की ताकत बनना चाहिए क्योंकि इसने एकदलीय सत्ता का युग खत्म होने के बाद राजनीतिक अस्थिरता और खर्चीले चुनावों के खतरे के प्रति सचेत होकर गठबंधन की सीख बहुत जल्दी ले ली। लेकिन गठबंधन की बुनियादी सोच को विकसित किये बिना ऐसा करना जल्दबाजी एवं सत्ता मोह का निर्णय ही अधिक प्रतीत हो रहा है जिसका कोई सार्थक परिणाम आता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। भले ही विपक्षी दल सिद्धांत और विचारधारा के बदले आर्थिक विकास और व्यापार-रोजगार जैसे नारों से लोगों को लुभा लें। लेकिन ऐसा करते हुए वे अवसरवाद की पुष्टि और विचारधारा के अवमूल्यन के लिए उदाहरण ही प्रस्तुत करते हैं। ऐसे दलों के नेताओं का चरित्र एवं साख भी कोई प्रभावी रंग नहीं दिखा पाती। वे एक दल से दूसरे दल में बेहिचक आते-जाते हैं, पितृदल छोड़ कर नए-नए दल बनाते हैं। यह सब राजनीतिक विचारधारा के अंत का सूचक है।

यह देश का दुर्भाग्य है कि राजनीति में सिद्धांतों और मूल्यों की बातें मजाक होकर रह गई है। बड़ी सोच एवं बड़ी दृष्टि इन विपक्षी दलों में पनप ही नहीं पा रही है। इंडिया गठबंधन में कुछ संभावना बनी थी, लेकिन उसमें भी न तो बड़ी दृष्टि है न देश की सही समझ और न ही बड़ी लड़ाई लड़ने का दम और जीवट दिखाई पड़ता है। अगर वाकई देश को राजनीतिक विनाश के रास्ते से हटा कर सही एवं सकारात्मक रास्ते पर लाना है तो जीवट नेतृत्व की अपेक्षा है। ऐसा विपक्षी नेतृत्व उभरे जिसमें समझ और तप दोनों का समावेश हो। राष्ट्र एवं समाज को विनम्र करने का हथियार मुद्दे या लॉबी नहीं, पद या शोभा नहीं, ईमानदारी है। और यह सब प्राप्त करने के लिए ईमानदारी के साथ सौदा नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि यह भी एक सच्चाई है कि राष्ट्र, सरकार, समाज, संस्था व संविधान ईमानदारी से चलते हैं, न कि झूठे दिखावे, आश्वासन एवं वायदों से। दायित्व और उसकी ईमानदारी से निर्वाह करने की अनभिज्ञता संसार में जितनी क्रूर है, उतनी क्रूर मृत्यु भी नहीं होती। मनुष्य हर स्थिति में मनुष्य रहे। अच्छी स्थिति में मनुष्य मनुष्य रहे और बुरी स्थिति में वह मनुष्य नहीं रहे, यह मनुष्यता नहीं, परिस्थिति की गुलामी है।

हमारा विपक्षी नेतृत्व अपने पद की श्रेष्ठता और दायित्व की ईमानदारी को व्यक्तिगत अहम् से ऊपर समझने की प्रवृत्ति को विकसित कर मर्यादित व्यवहार करना सीखें अन्यथा शतरंज की इस बिसात में यदि प्यादा वज़ीर को पीट ले तो आश्चर्य नहीं। बहुत से लोग काफी समय तक दवा के स्थान पर बीमारी ढोना पसन्द करते हैं पर क्या वे जीते जी नष्ट नहीं हो जाते? खीर को ठण्डा करके खाने की बात समझ में आती है पर बासी होने तक ठण्डी करने का क्या अर्थ रह जाता है? लोगों के दिलों को जीतने की राजनीति ही सार्थक परिणाम लाती है, विपक्षी दल यह बात भूल कर कब तक अंधेरे में तीर चलाते रहेंगे।

विपक्षी दलों को लोगों के विश्वास का उपभोक्ता नहीं अपितु संरक्षक बनना होगा। भारत न केवल अपने आकार के कारण, बल्कि तेजी से बदलती दुनिया में अनुकूलन और पनपने की अपनी क्षमता के कारण दुनिया की एक महाशक्ति बन रहा है, इन बदलती स्थितियों में भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूती देने के लिये विपक्षी दलों को एक आदर्श मॉडल के रूप में अपनी सहभागिता देनी चाहिए।



# क्या बुजुर्गों की सर्वांगीण सुरक्षा हमारा प्रथम कर्तव्य नहीं ?

भारत में सर्वे के अनुसार बुजुर्गों और नौजवान पीढ़ी के बीच संवाद हीनता एक चिंताजनक स्वरूप ले चुका हैद्य बुजुर्ग एकाकीपन से अब मानसिक रोगों के शिकार होने लगे हैं। जिन बुजुर्गों को चलने फिरने और बाहर जाने में परेशानी होती है उनके लिए नौजवान पीढ़ी के साथ संवाद हीनता परेशानी का एक बड़ा सबक बन चुका हैद्य महिला तथा पुरुष बुजुर्गों के साथ यह समस्या बृहद रूप लेकर सामाजिक समस्या बन गई हैद्य बुजुर्ग हमारी धरोहर हैं इनका जीवन के हर दृष्टिकोण में संरक्षण अत्यंत आवश्यक है।

मोबाइल ,व्हाट्सएप फेसबुक और इंटरनेट ने नौजवान पीढ़ी और बुजुर्गों के बीच एक बड़ा संवाद हीनता का संकट पैदा कर दिया है। बुजुर्ग यदि अपने मन की बात किसी से कह नहीं सकेंगे तो उन्हें मानसिक रूप से बीमारी का संकट हो सकता है। नौजवान पीढ़ी को खाली समय में मोबाइल कंप्यूटर में फेसबुक व्हाट्सएप इंस्टाग्राम से ही फुर्सत नहीं है। ऐसे में बुजुर्गों के लिए यह संकट और गहराने का खतरा बढ़ता जा रहा हैद्य उल्लेखनीय है कि बुजुर्गों का अनुभव उनका ज्ञान परिवार,समाज तथा देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैद्य देश की संस्कृति में बुजुर्गों का सम्मान और इज्जत उनकी रक्षा निहित हैद्य करोना की तीसरी लहर से भारतीय समाज में निवास कर रहे बुजुर्गों की बड़ी संख्या को हमें सुरक्षित और महफूज रखना है।

वह वटवृक्ष की तरफ हम सबका मार्गदर्शन करते हैं ,अत: हमारा प्रथम कर्तव्य होगा कि हम वृद्धजनों की हर संभव रक्षा कर उनकी इज्जत, तवज्जो करेंद्य इसके साथ ही हमें बच्चों तथा नौजवानों की भी रक्षा करनी होगीद्य भारत सरकार की लगातार चेतावनी और विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी निर्देशों की अवहेलना अभी भी भारत देश में जारी हैद्य सैकड़ों लोग मौत के मुंह में समा चुके हैं। हमें कोविड-19 के आतंक के साए को भी नहीं भूलना चाहिए ।हमे लगातार सावधानी रख कोविड-19 के प्रोटोकॉल का अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ संगठन की गाइडलाइंस के अनुसार अपना आचरण रखना होगा। अन्यथा कोविड-19 की तीसरी लहर फिर भारत के निवासियों को परेशान कर सकती है।

भारत में कोविड-19 की तीसरी लहर की शुरुआत बड़े शहरों से लेकर छोटे शहरों तक हो चुकी है। इसके लिए हमें अतिरिक्त सावधानी रखनी होगी। मैंने पहले भी कहा था कि करोना का केरल हॉटस्पॉट बन चुका है। अब दिल्ली, मुंबई चेन्नई अहमदाबाद तथा पूर्वोत्तर राज्य मैं भी कोविड-19 की तीसरी लहर के आंकड़े डरावने हो गए हैं। करोना का डेल्टा वैरीअंट यानी करोना की तीसरी लहर हर जगह फैलने लगी है।

अब यह संक्रमण भारत के महानगरों में फैलने की आशंका को लेकर आया है दिल्ली ,मुंबई कोलकाता, अहमदाबाद,चेन्नई से कोविड-19 की तीसरी लहर अपना पैर पसार चुकी है। और यदि आपने अपने चेहरे पर मास्क नहीं लगाया, लगातार हाथ नहीं धोया, लोगों से 2 गज की दूरी नहीं रखी और भीड़ भाड़ में जाने से नहीं बचे, तो निश्चित तौर पर कोविड-19 का डेल्टा वैरीअंट को आने से कोई नहीं रोक सकता है ।

## बदलते जमाने की हवा।

ज़माने को लग गई किसकी नज़र,
मासूम क़ातिल नज़र आने लगे हैं ।

अबोध खिखिलाते नहीं अब खुल के,
ज़माने की बंदिश से हकलाने लगे है।

सूरज भी तपने लगा है बेइंतहा,
परिंदे पंख अब फड़फडानें लगे है।

उलटी बयार सरसरा रही है ऐसी।
पेड़ों में नए पत्ते भी सूखे आने लगे है ।द्य
बेरूखि का ये कैसा हो गया असर
श्रवण कुमार माँ बाप से कतराने लगे हैं।
पश्चिम का परचम फैला है इस कदर।
बच्चे देश के विदेशी कहलाने लगे है।

भूख और लाचारी सर उठाने लगी है संजीव।
अन्न दाता ही अब जहर खाने लगे हैं।



संजीव ठाकुर
रायपुर

# इंडिया गठबंधन का चुनाव आयोग से निष्पक्षता की अपेक्षा करना स्वाभाविक

चुनाव आयोग कई बार कह चुका है कि तकनीक के मौजूदा दौर में अतीत की ओर लौटना उचित नहीं होगा। जाहिर है, वैकल्पिक उपाय सोचने होंगे।

चुनाव कराने के तरीके को लेकर विपक्षी इंडिया गठबंधन ने आयोग को कुछ सुझाव भेजे हैं। सुझाव की शक्ल में हैं सवाल। दिल्ली में अपनी चौथी बैठक में विपक्षी गठबंधन ने प्रस्ताव पारित कर चुनाव आयोग से मांग की है कि मतपत्रों के जरिए चुनाव कराए जाएं और अगर ऐसा नहीं हो सकता को मतदाता सत्यापित पर्चियों (वीवीपीएटी) की सौ फीसद गिनती की जाए।

विपक्ष का सुझाव है कि मतदान के दौरान पर्ची को बाक्स में डालने की जगह इसे मतदाता को सौंपा जाए और वह अपनी पसंद को सत्यापित करने के बाद इसे मतपेटी में डाल देगा। विपक्षी नेताओं का दावा है कि चुनाव आयोग ने ज्ञापन का जवाब नहीं दिया है। दरअसल, हाल में पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद मध्य प्रदेश के नतीजों को लेकर सवाल उठे। कहा गया कि नतीजा पूर्व सर्वेक्षण के जरिए वहां के परिणाम के बारे में पहले से माहौल बनाने की कोशिश की गई। यह गंभीर बात है। ऐसी बातों का सीधा संबंध भारतीय लोकतंत्र की साख से होता है।

लोकतंत्र का अनिवार्य तत्व है कि चुनाव में सभी सहभागी पक्षों का यकीन बना रहे। तभी राजनीतिक दल अपनी हार को सहजता से स्वीकार कर पाएंगे। ईवीएम की बनावट और संचालन को लेकर अरसे से सवाल उठते रहे हैं। राजनीतिक दल ही नहीं, कई स्तर पर विशेषज्ञ और पेशेवर भी संदेह जताते रहे हैं। चुनाव आयोग ऐसे दावों का खंडन करता आ रहा है। वर्ष 1998 में दिल्ली, राजस्थान और मध्य प्रदेश के विधानसभा की कुछ सीटों पर ईवीएम का इस्तेमाल हुआ था। लेकिन वर्ष 2004 के आम चुनाव में पहली बार हर संसदीय क्षेत्र में ईवीएम का पूरी तरह से इस्तेमाल हुआ।

2009 के चुनावी नतीजों के बाद इसमें गड़बड़ी का आरोप भाजपा ने लगाया। विदेशों की बात करें तो दुनिया के 31 देशों में ईवीएम का इस्तेमाल हुआ, लेकिन अधिकतर देशों ने इसमें गड़बड़ी की शिकायत के बाद मतपत्र की विधि अपना ली। अमेरिका, इंग्लैंड और जर्मनी जैसे विकसित देशों ने ईवीएम को नकार ही दिया। वहां चुनाव मतपत्रों के द्वारा ही कराए जाते हैं। इन तथ्यों के बरअक्स यह सवाल बार-बार उठता है कि क्या भारत में मतपत्रों की वापसी संभव है।

चुनाव आयोग कई बार कह चुका है कि तकनीक के मौजूदा दौर में अतीत की ओर लौटना उचित नहीं होगा। जाहिर है, वैकल्पिक उपाय सोचने होंगे। विपक्ष ने ईवीएम और पर्चियों की गणना साथ-साथ कराने का सुझाव दिया है। कहा जा रहा है कि ऐसा करने से भविष्य में कोई दल सत्तारूढ़ दल पर चुनावों में धांधली को लेकर सवाल नहीं उठा पाएगा।

चुनाव लोकतंत्र की नींव होते हैं। किसी देश का भविष्य चुनाव में जीतने वाले दल के हाथ में होता है। चाहे उसे कुल मतदाताओं के एक तिहाई ही मत क्यों न मिले हों, पर उसकी नीतियों का असर सौ फीसद मतदाताओं और उनके परिवारों पर पड़ता है। इसलिए चुनाव आयोग का हर काम निष्पक्ष और पारदर्शी होना चाहिए।

चुनाव आयोग की यह छवि धूमिल न हो, यह देखना सत्ता पक्ष के साथ विपक्ष का भी काम है। एक स्वस्थ लोकतंत्र में होने वाली सबसे बड़ी प्रतियोगिता चुनाव है। उसके आयोजक यानी चुनाव आयोग से निष्पक्षता की अपेक्षा स्वाभाविक है। चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है, इसकी शुचिता बनी रहनी चाहिए।

# मिमिक्री व संसद सुरक्षा मुद्दे पर घमासान हाई - अपमान की लड़ाई 2024 पर आई



उच्च संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों द्वारा मिमिक्री के अपमानजनक नाटककियता पर गहरा दुख व्यक्त किया

राष्ट्रीय प्रभुत्व, हाई प्रोफाइल व्यक्तित्व व संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों पर मिमिक्री पर एथिक्स बनाना समय की मांग - एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

गोंदिया- वैश्विक स्तरपर दुनियां के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में अगर पत्ता भी हिलता है तोइसकी गूंज पूरे विश्व में सुनाई देती हैऐसा रुतबा, प्रसिद्ध, प्रतिष्ठा का भारत पूरी दुनिया के देशों के दिल में बसा हुआ है। स्वाभाविक ही है कि यहां सविंधानिक पदों पर बैठे व्यक्तित्व द्वारा उस पद के सम्मान प्रतिष्ठा को बनाए रखना परम मुख्य कर्तव्य है, जिसे रेखांकित करना जरूरी है, इसीलिए हाल के दिनों में उपराष्ट्रपति को लेकर की गई मिमिक्री भी इसकी फेहरिस्त में आती है। परंतु मुझे लगता है कि इस मुद्दे को पार्टी व सरकार द्वारा जोरदार ढंग से पकड़ा गया है ।हालांकि सोशल मीडिया पर हम अनेक मुख्यमंत्रीयों व संवैधानिक व्यक्तियों पर भी मिमिक्री करते हुए कई बार देख चुके हैं, परंतु उनको अब अंदाज लग गया होगा कि अगर बात निकलती है तो वह दूर तलक जाती है। जब से संसद में गैस कांड हुआ तब से विपक्ष इसे मुद्दा बनाकर अपनी नाराजगी व्यक्त कर रहा है, इसी चक्कर में दिनांक 20 दिसंबर 2023 शाम तक 143 सांसदों को आचरण उचित न होने के लिए निलंबित किया गया जा चुका है, परंतु पक्ष इस मामले को उस घटना से न जोड़ते हुए आचरण की कार्यवाही करार दे रहा है ।अब तो पक्ष विपक्ष में जोरदार ठन गई है। संसद से सड़क तक संसद सुरक्षा व मिमिर्की का मुद्दा तो, इधर मिमिर्की पर अपमान व नाटककियता का दोष, उधर विपक्ष एक है, तो इधर सभी संवैधानिक संस्थाएं, व्यक्तित्व, सरकार एक हो गई है, जो देख रही है वह सिर्फ जनता जनार्दन है। चूंकि राष्ट्रपति प्रधानमंत्री सहित अनेक मंत्रियों सांसदों द्वारा मिमिक्री मुद्दे पर गहरा दुख व्यक्त किया गया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, मिमिक्री व संसद सुरक्षा मुद्दे पर घमासान हाई, अपमान की लड़ाई 2024 पर आई।

साथियों बात अगर हम संसद में उपराष्ट्रपति की मिमिक्री की करें तो, संसद में मिमिक्री करने के मामले में कुछ पार्टियों समेत विपक्षी दल घिर गए हैं। पार्टी ने विपक्ष पर हल्ला बोल दिया है। देशव्यापी प्रदर्शन का ऐलान कर दिया है। इस पूरे विवाद को किसान परिवार से लेकर जाट समाज तक से जोड़ दिया है। पार्टी के साथ-साथ खुद उपराष्ट्रपति ने विपक्ष पर जाट समाज और उनकी पृष्ठभूमि का अपमान करने का आरोप मढ़ दिया है। एक दिन पहले तक संसद में सुरक्षा चूक और सांसदों के निलंबन का जोर-शोर से मामला उठा रहे विपक्षी दल बुधवार को बैकफुट पर आ गए हैं। एक जरा सी चूक हुई और पॉलिटिकल सिनेरियो ही चेंज हो गया है। दरअसल, संसद का शीतकालीन सत्र 4 दिसंबर से शुरू हुआ और 22 दिसंबर तक चलना है। इस सत्र के 19 दिनों में 15 बैठकें होना प्रस्तावित थीं। संसदीय कार्यवाही चल ही रही थी कि 13 दिसंबर को संसद पर हमले की 22वीं बरसी पर एक बड़ा घटनाक्रम हुआ। दो युवक संसद की दर्शक दीर्घा से वेल में कूद गए और हंगामा-नारेबाजी करने लगे। इन युवकों ने कलर स्प्रे हवा में उड़ाया तो सांसद भी दहशत में आ गए। किसी तरह दोनों युवकों को पकड़ा गया और सुरक्षा एजेंसियों को सौंप दिया। ठीक उसी समय संसद के बाहर भी एक युवती और एक युवक ने हंगामा-नारेबाजी और कलर स्प्रे हवा में छोड़ा। इस पूरे मामले को संसद की सुरक्षा का उल्लंघन बताया गया। पुलिस ने देश विरोधी धाराओं यूएपीए के तहत एक्शन लिया।

साथियों बात अगर हम विपक्ष द्वारा संसद में सुरक्षा चूक मामले पर रणनीति की करें तो, विपक्षी सांसदों ने संसद में सुरक्षा चूक को बड़ा मुद्दा बनाने की रणनीति बनाई और केंद्रीय गृहमंत्री से सदन में बयान देने की मांग तेज कर दी। अगले दिन याने 14 दिसंबर को संसद की कार्यवाही शुरू हुई तो दोनों सदनों में सुरक्षा चूक का मामला गूंजने लगा. स्पीकर और सभापति ने सदन की कार्यवाही में व्यवधान डालने के आरोप में 14 सांसदों को सस्पेंड कर दिया। इनमें 13 लोकसभा और एक राज्यसभा का सदस्य था। उसके बाद 18 दिसंबर को एक बार फिर सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो विपक्ष के रुख में नरमी की बजाय तीखापन देखने को मिला। अब दो मसले उठाए गए। पहला- सुरक्षा में चूक और दूसरा- सांसदों का निलंबन। गृह मंत्री के बयान की मांग पर अड़े थे विपक्षी नेता हंगामा बढ़ा और विपक्ष हमलावर रहा तो एक बार फिर कार्यवाही का चाबुक चलाया गया। इस बार दोनों सदनों से सीधे 78 सांसदों का निलंबन हुआ। इसमें 33 लोकसभा और 45 राज्यसभा के सदस्य थे। विपक्ष अपनी मांग पर अडिग रहा। अगले दिन यानी 19 दिसंबर को शीतकालीन सत्र की कार्यवाही शुरू हुई तो विपक्ष ने वही दोनों मांगें जोर-शोर से उठानी शुरू कर दीं। हंगामा इतना बढ़ा कि जो विधेयक एक दिन पहले पेश किए गए थे, उन पर चर्चा असंभव सी लगने लगी। इस बीच, सस्पेंशन पर एक्शन में कमी नहीं आई। मंगलवार को भी 49 सांसदों को सस्पेंड किया गया. ये सभी लोकसभा सदस्य थे। बुधवार को दो और सांसद सस्पेंड किए गए। अब तक 143 सदस्यों पर एक्शन इस तरह से संसद के इतिहास में सांसदों पर अब तक का सबसे बड़ा एक्शन लिया गया। निलंबित हुए सांसदों की संख्या 143 हो गई है।

साथियों बात अगर हम मिमिक्री करने वाले संसद के बयान की करें तो, सांसद दरअसल, सांसदों के निलंबन के खिलाफ मंगलवार को संसद की सीढ़ियों पर विपक्ष के विरोध प्रदर्शन के दौरान उन्होंने ने उपराष्ट्रपति की नकल उतारी थी जिसपर विवाद छिड़ गया है। इस विवाद पर सफाई देते हुए उस सांसद ने कहा कि मेरा किसी को ठेस पहुंचाने का इरादा नहीं था ।उन्होंने कहा, साहब मुझसे बहुत वरिष्ठ हैं, मुझे नहीं पता कि उन्होंने इसे अपने ऊपर क्यों लिया है। मेरा सवाल यह है कि अगर उन्होंने इसे अपने ऊपर ले लिया है, तो क्या वे राज्यसभा में इस तरह का व्यवहार करते हैं? सांसद ने कहा कि उपराष्ट्रपति समेत किसी को ठेस पहुंचाने का इरादा बिल्कुल नहीं था, वह संवैधानिक पदों का सम्मान करते हैं। मिमिक्री करना कोई अपराध नहीं है, पार्टी इस मुद्दे को बदलने की कोशिश कर रहे हैं।

साथियों बात अगर हम मिमिक्री मुद्दे पर राष्ट्रपति प्रधानमंत्री व विपक्ष के नेता के विचारों की करें तो, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी उपराष्ट्रपति की मिमिक्री की घटना पर दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि अभिव्यक्ति के दौरान गरिमा का ख्याल रखना चाहिए और यह शिष्टाचार के मानदंडों के भीतर होनी चाहिए ।संसद परिसर में उपराष्ट्रपति के अपमान से निराशा हुई राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा- जिस तरह से हमारे सम्मानित उपराष्ट्रपति को संसद परिसर में अपमानित किया गया, उसे देखकर मुझे निराशा हुई। निर्वाचित प्रतिनिधियों को अपनी अभिव्यक्ति के लिए स्वतंत्र होना चाहिए, लेकिन उनकी अभिव्यक्ति की गरिमा और शिष्टाचार के मानदंडों के भीतर होनी चाहिए। यह संसदीय परंपरा रही है जिस पर हमें गर्व है और भारत के लोग उनसे इसे कायम रखने की उम्मीद करते हैं।

नई दिल्ली
शुक्रवार 22 दिसंबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### अयोध्या-लखनऊ मार्ग पर 32.63 करोड़ की लागत से बनेगा गौ तीर्थाटन केन्द्र

लखनऊ । (पीएमए) लखनऊ से अयोध्या मार्ग पर कमता से कुछ दूरी पर उत्तरधौना गांव में 32.63 करोड़ की लागत से गौ तीर्थाटन केन्द्र बनेगा। इस केन्द्र को आधुनिक व प्राकृतिक गौशाला की तरह तैयार किया जायेगा। नगर निगम लखनऊ की कार्यकारिणी की बैठक में पास हुए प्रस्तावों की जानकारी देते हुए महापौर सुषमा खर्कवाल ने गौ तीर्थाटन केन्द्र की जानकारी साझा की। महापौर ने कहा कि नगर निगम उत्तरधौना गांव में एक भव्य गौशाला का निर्माण करेगा। जहां पर गायों को बांधा नहीं जाएगा और वह खुले में घूम-टहल सकेगी। सुषमा खर्कवाल ने कहा कि उत्तरधौना गांव में 9.912 हेक्टेयर जमीन ली जा रही है। जिस पर बनने वाली गौशाला को गौ तीर्थाटन केन्द्र के रुप में विकसित करेंगे। जिसे देखने आने वाले लोगों को प्राकृतिक सुंदरता के साथ ही गौशाला में आधुनिकता भी दिखायी देगी। महापौर ने कहा कि स्विट्जरलैंड के बारे में बताया जाता है कि वहां गौशालाओं में गाय खुले में गाय घूमती हैं। गौ तीर्थाटन केन्द्र के बारे में लखनऊ के नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने कहा कि गौशाला में दो हजार गाय रखने की योजना है।

### बुजुर्ग एवं दिव्यांग श्रद्धालुओं को राम जन्मभूमि में नहीं चलना पड़ेगा पैदल

अयोध्या 21 दिसम्बर (पीएमए) राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर आमंत्रित बुजुर्ग और दिव्यांग श्रद्धालुओं को भव्य परिसर में ज्यादा पैदल चलने की जरूरत नहीं होगी, क्योंकि मंदिर निर्माण ट्रस्ट उनके लिए ई-वाहनों का संचालन कराएगा। मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी अनिल मिश्रा ने बताया कि राम मंदिर निर्माण ट्रस्ट राम जन्मभूमि पर आने वाले बुजुर्ग आगंतुकों के लिए विशेष व्यवस्था करेगा। वरिष्ठ नागरिकों को भव्य परिसर में ज्यादा पैदल चलने की जरूरत नहीं होगी। उन्होंने बताया कि राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद बुजुर्ग और दिव्यांग श्रद्धालुओं की सुविधा के साथ-साथ बीमार लोगों के लिए भी ई-वाहनों का संचालन किया जाएगा। ट्रस्ट जल्द ही दर्जनों छोटे ई-वाहन खरीदेगा। ये ई-वाहन 12 यात्रियों की क्षमता वाले बैटरी चालित 'गोल्फ कार्ट होंगे। मिश्रा ने बताया कि इस सुविधा का लाभ लेने के लिए वरिष्ठ नागरिक राम मंदिर प्रवेश द्वार के स्वागत कार्यालय पर संपर्क कर सकते हैं। उन्हें ई-वाहनों में बैठाकर गर्भगृह के निकटतम बिंदु तक ले जाया जाएगा और उसी गाड़ी में वापस लाया जाएगा।

### बलिया में तेज रफ्तार बोलेरो ने युवक को रौंदा

बलिया। बलिया के फेफना थाना क्षेत्र अंतर्गत पियरिया चट्टी पर गुरुवार को बोलेरो की टक्कर से साइकिल सवार युवक की मौत हो गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने शव सड़क पर रखकर बलिया-रसड़ा मार्ग को करीब आधा घंटे तक जाम कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस मौके पर पहुंच कर जाम हटवाया तथा शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। फेफना थाना क्षेत्र के औंदी निवासी खुर्शीद आलम (19) वर्ष पुत्र अकबर अली पियरिया चट्टी पर बाइक मरम्मत करने काम करता था। खुर्शीद दुकान के समीप ही सड़क पार कर रहा था।इसी बीच तेजगति से जा रही बोलेरो ने खुर्शीद को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने खुर्शीद की हालत नाजुक देख वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। परिजन खुर्शीद को लेकर मऊ जा रहे थे। इसी बीच खुर्शीद की रास्ते में ही मौत हो गई। घटना से आक्रोशित परिजनों ने बलिया-लखनऊ मार्ग जाम कर दिया।

### गुलदार के हमले को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

बिजनौर। बिजनौर जिले में आये दिन हो रहे गुलदार के हमले को लेकर आज आजाद समाज पार्टी के बैनर तले सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने नुमाइश मैदान में इकट्ठा होकर चन्द्र शेखर आजाद के नेत्र व्रत में कलेक्ट्रेट पहुंच कर जोरदार प्रदर्शन किया और एक ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। मृतकों के परिजनों को 25 लाख व घायलों को 5 लाख का मुआवजा दिये जाने की मांग की। दरअसल गुरुवार की दोपहर बाद आजाद समाज पार्टी के मुखिया चन्द्र शेखर आजाद आज सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ नुमाइश मैदान से इकट्ठा होकर जोरदार प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। बिजनौर जिले में बढ़ रहे गुलदार के हमले को लेकर आजाद समाज पार्टी ने किया जोरदार प्रदर्शन, इस मौके पर आजाद समाज पार्टी के मुखिया चंद्रशेखर आजाद ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि जिले में गुलदार के हमले लगातार बढ़ रहे है, प्रशासनिक अधिकारियों ने किसानों और मजदूर की नहीं ली सूद। गुलदार के हमले से किसानों व मजदूर बच्चों सहित अब तक 25 लोगो की मौत हो चुकी है।

### सीतापुर में लापता युवक का मिला शव

सीतापुर। सीतापुर में कल शाम से लापता एक अधेड़ व्यक्ति का शव गन्ने के खेत से बरामद हुआ। स्थानीय लोगो ने शव को देखकर मामले की सूचना पुलिस को दी। व्यक्ति के सिर और आंख पर चोटों के निशान मिले है। पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। परिवार वालो ने हत्या की आशंका जताई है। घटना इमलिया सुल्तानपुर थाना इलाके की है। जानकारी के अनुसार,क्षेत्र के ग्राम बेनीपुर से करीब 1 किलोमीटर दूर गांव के बाहर गन्ने के खेत में शव मिलने पर ग्रामीणों में सनसनी फैल गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त कार्रवाई की। युवक की शिनाख्त भगवानदीन मौर्या (45) पुत्र मुल्लू मौर्या निवासी बेनीपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने मुताबिक व्यक्ति के शरीर पर सर पर चोटों ने निशान मिले है। जिससे परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। परिजनों ने बताया कि मृतक व्यक्ति अविवाहित था और बीती देर शाम घर के बाहर बंधे मवेशियों को चारा डालने के लिए निकला था।

### गन्ने के खेत में मिला युवती का शव

अयोध्या। अयोध्या के महराजगंज थाना क्षेत्र के समैसा गांव में गुरुवार को एक गन्ने के खेत में युवती का शव मिला है। शव मिलने की सूचना पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्राम प्रधान ने पुलिस को घटना की सूचना दी। मृतका के चेहरे पर किसी धारदार हथियार से दो या तीन वार के निशान पाए गए हैं। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। स्थानीय लोगों के अनुसार मृतका गांव की रहने वाली नहीं है। इसीलिए हत्या कर शव यहां फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। समैसा गांव में गुरुवार दोपहर कुछ बच्चे बकरी चराने गए थे। इसी दौरान कुछ बकरियां गन्ने के खेत में घुस गई। जब बच्चे बकरी निकालने गए, तो वहां शव पड़ा देखा। जिससे वे डर गए। खेत के बगल में ही घास काट रहीं महिलाओं को बच्चों ने इसकी सूचना दी। इसके बाद ग्राम प्रधान ने महाराजगंज पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। थाना अध्यक्ष महाराजगंज अमरजीत सिंह ने बताया कि मृतक महिला के चेहरे पर गहरी चोटों के निशान पाए गए हैं। मृतका की शिनाख्त नहीं हो पाई है, प्रयास किया जा रहा है।

### अमेठी में फंदे पर लटका मिला महिला का शव

**अमेठी जिला।** अमेठी में आज दोपहर विवाहिता का बंद कमरे में फांसी के फंदे पर लटका शव मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम समेत स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी है। महिला के परिजनों ने मृतका के पति समेत उसके परिजनों पर दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया है। पूरा मामला जामो थाना क्षेत्र के रानीपुर कटारी गांव का है, जहां आज सुबह 28 वर्षीय राजकुमारी का शव बंद कमरे में फांसी पर लटका मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही गौरीगंज एसडीएम और जामो एसएचओ विवेक सिंह मौके पर पहुंचे और शव को नीचे उतारकर कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी। मृतका के परिजनों ने दहेज के लिए ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के सिंघाड़ा गांव के रहने वाली राजकुमारी की शादी 2017 में रानीपुर कटारी गांव के रहने वाले कृष्णा से हुई थी।

# अब मोबाइल ऐप बनेगा ललितपुर में ऑनलाइन हाउस टैक्स कलेक्शन का माध्यम

## उत्तर प्रदेश में टैक्स कलेक्शन जैसी जटिल प्रक्रिया की पूर्ति में किया जा रहा है आधुनिक तकनीक का उपयोग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को उन्नति के मार्ग पर लाने की मंशा से कार्य कर रही योगी सरकार ने एडवांस्ड टेक्नोलॉजी का सहारा लेकर प्रदेश की दशा-दिशा में बदलाव के सकारात्मक बदलाव की पहल शुरू कर दी है। इस क्रम में, ललितपुर में ऑनलाइन हाउस टैक्स कलेक्शन की प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए एक मोबाइल ऐप बेस्ड वेब पोर्टल का विकास किया जा रहा है। यह पोर्टल कई मायनों में विशिष्ट और तमाम खूबियों से लैस होगा। उल्लेखीय है कि बुंदेलखंड के विकास पर योगी सरकार खासतौर पर फोकस कर रही है और यही कारण है कि यहां कई बड़ी परियोजनाओं को गति मिली है। ललितपुर में ही ड्रग व फार्मा पार्क के विकास की प्रक्रिया भी जारी है। ऐसे में, यहां के नागरिकों को जल्द ही मोबाइल ऐप बेस्ड वेब पोर्टल के जरिए हाउस टैक्स भरने की भी सुविधा मिलेगी। इस क्रम में, यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड




(यूपीएलसी) ने प्रक्रिया की शुरुआत करते हुए ऐसे मोबाइल बेस्ड वेब पोर्टल के विकास की प्रक्रिया शुरू कर दी है जो पेमेंट गेटवे, जियो टैगिंग समेत तमाम सुविधाओं से युक्त होगा। इतना ही नहीं, यह इंटीग्रेटेड वेब पोर्टल ऑनसाइट डाटा अपडेटिंग, बिलिंग व सर्वे प्रक्रिया को भी पूर्ण करने में सक्षम होगा।

### कई मामलों में खास होगा वेब पोर्टल, 'वन स्टॉप सॉल्यूशन' की तरह करेगा कार्य

यूपीएलसी द्वारा ललितपुर के लिए जिस मोबाइल पोर्टल का विकास किया जा रहा है वह वन स्टॉप सॉल्यूशन की तरह कार्य करने में सक्षम होगा। एक ओर, इस पोर्टल के विकास के के जरिए पेमेंट गेटवे, जियो टैगिंग और ऑनसाइट डेटा अपडेट व बिलिंग जैसी सुविधाओं का लाभ आम लोगों को मिलेगा, वहीं अधिकारियों की सहूलियत के लिए सर्वेक्षण, एमआईएस डाटा संकलन, काउंटर कलेक्शन व काउंटर आधारित हाउस टैक्स कलेक्शन एप्लीकेशन के रूप में भी कार्य कर सकेगा। इस एप्लिकेशन के जरिए अवसंरचनाओं की निर्माण आयु के अनुसार रियायत, सेंट्रल टैक्स, कमर्शियल मंथली रेंटल कैल्कुलेशन, पेंडिंग सरचार्ज कैल्कुलेशन, प्रॉपर्टी सर्वे जैसे कार्यों को पूर्ण किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त, निर्माणाधीन वेब पोर्टल बिलिंग सॉफ्टवेयर व बजट अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर से भी लैस होगा।

### एसएमएस बेस्ड अलर्ट सिस्टम से होगा लैस

कंप्लेंट मैनेजमेंट सिस्टम तथा एसएमएस बेस्ड एलर्ट सिस्टम इस एप्लिकेशन की खासियत में और इजाफा करते हुए रेगुलर अपडेट्स नोटिफिकेशन के जरिए उपलब्ध कराने में सक्षम होंगे। इसमें कुल वार्ड वार संग्रह, कुल वर्षवार संग्रह, बिल भुगतान रिपोर्ट व दैनिक संग्रह रिपोर्ट समेत कई प्रकार की रिपोर्ट्स का संकलन किया जा सकेगा। इस पोर्टल व एप्लिकेशन के लागू होने से क्षेत्र के नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों की कार्य प्रणाली में पारदर्शिता के स्तर में सुधार आएगा। उल्लेखनीय है कि इस पोर्टल के विकास के लिए यूपीएलसी अपने यहां इंपैन्ल्ड सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट कंपनियों व एजेंसियों से संपर्क में है और चयनित एजेंसी को कार्यावंटन की प्रक्रिया की शुरुआत कर दी है।

# पीड़ितों की सहायता में लापरवाही पर होगी कार्रवाई : मुख्यमंत्री

## सीएम योगी ने सुनीं 300 लोगों की समस्याएं

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित है कि पीड़ितों की मदद में विलंब और लापरवाही कतई नहीं होनी चाहिए।

जनता की समस्याओं के समाधान में किसी तरह की लापरवाही हुई तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई भी तय है।

किसी पीड़ित की समस्या के समाधान में अगर कहीं भी कोई दिक्कत आ रही है तो उसका पता लगाकर निराकरण कराया जाए और किसी स्तर पर जानबूझकर कर प्रकरण को लंबित रखा गया है तो संबंधित की जवाबदेही तय की जाए।

मुख्यमंत्री ने यह निर्देश गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनने के दौरान दिए। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं।

सीएम योगी ने सभी को आश्वस्त किया कि किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का वह प्रभावी निस्तारण कराएंगे। इसे लेकर उन्होंने प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को मौके पर ही दो टूक समझाया कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें।

कुछ प्रकरणों पर उन्होंने अफसरों को निर्देशित किया कि यह भी पता लगाएं कि यदि किसी को प्रशासन का सहयोग नहीं मिला है तो ऐसा क्यों और किन कारणों से हुआ। हर पीड़ित की त्वरित मदद की जाए। उन्होंने जमीन कब्जाने की शिकायतों पर विधि सम्मत कठोर कदम उठाने का निर्देश दिया।

हर बार की तरह इस बार भी जनता दर्शन में कई लोग इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। इस पर सीएम योगी ने अधिकारियों से कहा कि जल्द से जल्द अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध करा दें। इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त मदद की जाएगी।

# अमरोहा में कार की टक्कर से महिला की मौत, दो घायल

**अमरोहा।** उत्तर प्रदेश में अमरोहा जिले के देहात क्षेत्र में बीती देर रात हुए सड़क हादसे में महिला की रेलवे ओवरब्रिज से नीचे गिर कर मौत हो गई जबकि युवक और मासूम बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि दिल्ली लखनऊ रेलवे मार्ग पर अतरासी ओवरब्रिज पर बीती रात हुए हादसे में पुलिस लिखी निजी मारुति स्विफ्ट अनियंत्रित कार ने सामने से आ रही बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार दंपती और उनकी साढ़े तीन वर्षीया बच्ची समेत तीन लोग घायल हो गए। टक्कर लगने के दौरान बाइक पर बैठी महिला रेलवे ओवरब्रिज के नीचे गिर गयी और उसकी मौके पर मौत हो गई। महिला के ओवरब्रिज से उछलकर नीचे गिरने का हादसा सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया।

अमरोहा जिले के गांव ज़लीलपुर बक्काल निवासी सत्येन्द्र अपनी साढ़े तीन साल की बच्ची तथा 20 वर्षीया पत्नी वंदना के साथ देर रात गांव जा रहे थे। जैसे ही बाइक अतरासी रेलवे ओवरब्रिज पर पहुंची अचानक बाइक को रांग साइड में सामने से पुलिस लिखी निजी मारुति सुजुकी स्विफ्ट कार ने टक्कर मार दी। हादसे की सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जबकि पिता और मासूम को ओवरब्रिज से एंबुलेंस द्वारा अस्पताल में भर्ती करा दिया। प्रत्यदर्शियों के अनुसार घटना के दौरान कार चालक नशे की हालत में था जिससे यह हादसा हो गया।

### बहराइच में 15 किलो गांजा बरामद एक गिरफ्तार

बहराइच। उत्तर प्रदेश में बहराइच ज़िले के नानपारा-लखीमपुर मार्ग पर बृहस्पतिवार को गायघाट पुल पर पुलिस ने एक मादक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 15 किलो गांजा बरामद किया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पुलिस टीम नानपारा-लखीमपुर मार्ग पर वाहनों की जांच कर रही थी। हाइवे पर स्थित गायघाट पुल पर जांच के दौरान एक बाइक सवार को रोका। जांच के दौरान बाइक के पीछे बोरी में 15 किलो गांजा बरामद हुआ। बाइक सवार को थाने लाया गया। प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह ने बताया कि बाइक सवार की पहचान प्रमोद पाठक के तौर पर की गयी है। आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है जबकि बाइक और गांजा को सीज कर दिया गया है।

# डेढ़ सौ विपक्षी सांसदों का निलंबन जनता के विश्वास पर आघात : मायावती

लखनऊ। राज्यसभा सभापति की मिमक्री को अशोभनीय बताते हुये बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने कहा कि संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान 150 विपक्षी सांसदों का निलंबन लोगों के विश्वास को आघात पहुंचाने वाली घटना है।

मायावती ने गुरुवार को कहा कि संसद के वर्तमान शीतकालीन सत्र के दौरान दोनों सदनों के रिकार्ड संख्या में लगभग 150 विपक्षी सांसदों का निलम्बन होना सरकार व विपक्ष के लिए भी कोई गुडवर्क व अच्छा कीर्तिमान नहीं है। इसके लिए कसूरवार चाहे कोई भी हो, लेकिन संसदीय इतिहास के लिए यह घटना अति-दु:खद, दुर्भाग्यपूर्ण व लोगों के विश्वास को आघात पहुँचाने वाला है।




उन्होने कहा कि इस दौरान, राज्यसभा सभापति का संसद परिसर में निलम्बित सांसदों द्वारा मज़ाक (मिमिक्री) उड़ाने का वीडियो वायरल होना भी अनुचित व अशोभनीय है। साथ ही विपक्ष-विहीन संसद में देश व आमजन के हित से जुड़े अति-महत्वपूर्ण विधेयकों का पारित होना भी यह अच्छी परम्परा नहीं है।

बसपा अध्यक्ष ने कहा कि संसद की सुरक्षा में अभी हाल में जो सेंध लगाई गई है। यह ठीक नहीं है। बल्कि यह अति-गम्भीर एवं चिन्तनीय घटना है। इस मामले में सभी को मिलकर संसद की सुरक्षा की तरफ विशेष ध्यान देना चाहिये, एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाना ठीक नहीं है। विपक्ष के गठबन्धन में बसपा समेत अन्य जो पार्टियाँ शामिल नहीं हैं उनके बारे में किसी को भी बेफिजूल कोई भी टीका-टिप्पणी करना उचित नहीं है, क्योंकि भविष्य में देश व जनहित में कब किसको, किसी की भी जरूरत पड़ जाये, यह कुछ भी कहा नहीं जा सकता है और तब उन्हें शर्मिन्दगी न उठानी पड़े। इस मामले में खासकर समाजवादी पार्टी इस बात का जीता-जागता उदाहरण भी है।

# गुलामी की तरफ जा रहा है देश : टिकैत

बहराइच। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) प्रवक्ता राकेश टिकैत ने गुरुवार को कहा कि देश गुलामी की तरफ जा रहा है जहां जनता की आवाज उठाने वाले सांसदों को निलंबित कर दिया जाता है।

जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए टिकैत ने संसद की सुरक्षा के चूक के मामले में कहा कि आखिर उनके पास किसने बनाया, कोई तो है जो उन्हें अंदर लेकर गया, हमारी एजेंसियां इतनी कमजोर नहीं है, हो सकता है, यह जान बूझ कर भी किया गया हो। यह सरकार की जिम्मेदारी है, सच्चाई देश के सामने आनी चाहिए।



सांसदों को निलंबित किए जाने के मामले में उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र नहीं रहा है, जो आवाज उठाएगा वह सस्पेंड होगा। जो आम आदमी आवाज उठाएगा, जेल जाएगा। सांसद आवाज़ उठाएगा तो सस्पेंड हो जाएगा। यह देश गुलामी की तरफ जा रहा है। यहां सरकार आम लोगों की नहीं बल्कि व्यापारियों की है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी और वहां का हर्षा जंगल अदानी ग्रुप को दिया जा रहा है, जंगल काटे जा रहे है।

उन्होंने कहा कि जो लोग आदिवासी हैं जल, जंगल, और जमीन की बात करते हैं उन्हें नक्सलवादी बताकर जेल में डाला जा रहा है। ईवीएम के सवाल पर उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा का हारा हुआ कैंडिडेट जीतने का सर्टिफिकेट लेकर गया। ईवीएम से नहीं बल्कि बिना ईवीएम के चुनाव होना चाहिए। बकाया गन्ना भुगतान को लेकर किसान नेता ने कहा कि किसानों का डिजिटल भुगतान होना चाहिए जब देश डिजिटल की ओर जा रहा है तो फिर किसानों का भी भुगतान डिजिटल रूप से होना चाहिए लेकिन देश पर व्यापारी हावी है।

### प्रयागराज में डंपर से टकराने से साइकिल सवार की मौत

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के फाफामऊ क्षेत्र में गुरूवार की सुबह डंपर की चपेट में आने से साइकिल सवार व्यक्ति की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि फाफामऊ थाना क्षेत्र के मलाक तिराहे पर साइकिल से जा रहे व्यक्ति की डंपर की चपेट में आने से मौके पर ही मृत्यु हो गयी। मृतक की पहचान नवाबगंज थाना क्षेत्र के सराय फत्ते गांव का रहने वाले अमृत लाल सरोज (50) के रूप में की गयी है। उन्होंने बताया कि घटना के बाद स्थानीय लोगों ने शव के साथ सड़क जाम कर दिया। मौके पर कई थानों की पुलिस पहुंची थी।

### लेखपाल ने घूस ली, कार में मिले 10 लाख

आगरा। आगरा के तहसील सदर में तैनात एक लेखपाल पर 10 लाख रुपए रिश्वत लेने का आरोप लगा। बुधवार देर रात तक सदर तहसील में हाई वोल्टेज ड्रामा चला। आरोप है कि खतौनी में नाम बढ़वाने के लिए लेखपाल ने 10 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। पीड़ित ने रिश्वत दे दी। इसके बाद लेखपाल की शिकायत पीड़ित ने अधिकारियों से कर दी। अधिकारियों के पहुंचने से पहले लेखपाल अपनी कार छोड़कर भाग गया। देर रात तक वो कार लेने नहीं आया। अधिकारियों ने कार को पुलिस के हवाले कर दिया। सुबह कैमरे की निगरानी में कार खोली गई तो कार से 10 लाख रुपए बरामद हुए। आरोपी लेखपाल भीमसेन के खिलाफ थाना शाहगंज में भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज हुआ है। लेखपाल को निलंबित कर दिया गया है। कार खुलने के बाद 500-500 की गड्डियां बरामद हुईं।पांच लाख रुपए कार के डैशबोर्ड और 5 लाख कार के पिछले हिस्से से बरामद हुआ। आरोपी लेखपाल भीमसेन के बेटे ने आरोपों को निराधार बताया। बेटे ने कहा कि पैसा हमारा है, हम सबूत देने को तैयार हैं। आगरा के बमरौली कटारा निवासी उमेश का आरोप है कि बमरौली कटारा के ही लेखपाल चौधरी भीमसेन हैं। वो हर काम के लिए रुपए लेते हैं। कुछ दिनों पहले उसके एक परिचित को खतौनी में नाम बढ़वाना था। इसके लिए उन्होंने लेखपाल से संपर्क किया। लेखपाल ने 10 लाख रुपए की रिश्वत मांगी। पीड़ित ने उन्हें बताया।

# शाहजहांपुर में स्कूली बस से कुचल कर दो छात्रों की मौत

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के खुटार क्षेत्र में बृहस्पतिवार को पिता के साथ स्कूटी से स्कूल जा रहे दो छात्रों की स्कूल बस की चपेट में आने से मौत हो गयी। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बताया कि क्षेत्र के हरिपुर गांव निवासी गुरमेज सिंह अपने बच्चों जीत पाल (14) तथा हरमीत सिंह (9) को उनके विद्यालय छोड़ने जा रहे थे। रुद्रपुर गांव के पास वह अपनी स्कूटी रोक कर लघु शंका करने चले गए। इस बीच पुवायां की




ओर से आ रही स्कूल बस ने रोड पर खड़े दोनों छात्रों को टक्कर मार दी जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि चालक वाहन समेत फरार हो गया जिसकी पुलिस तलाश कर रही है ।

# बाराबंकी में पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़

## जवाबी कार्रवाई में दो बदमाशों को लगी गोली, कुल पांच गिरफ्तार

बाराबंकी। बाराबंकी जिले में देर रात चोरी की योजना बना रहे बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ हुई। पुलिस से गिरता देख बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग की और भागने का प्रयास किया। लेकिन मौके पर मौजूद दो थानों की फोर्स और क्राइम ब्रांच की टीम ने बदमाशों को घेर लिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी है।

पुलिस ने घेराबंदी करते हुए घायल दो बदमाशों सहित पांच को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए यह



बदमाश बहराइच जनपद के रहने वाले हैं, यह सभी बाराबंकी जनपद में चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। बदमाशों के पास से पुलिस ने नगदी सहित चोरी के कई सामान बरामद किए हैं। बाराबंकी जनपद में अपराध पर अंकुश लगाने को लेकर देर रात क्राइम ब्रांच, नगर कोतवाली और जहांगीराबाद थाने की संयुक्त पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली कि कुछ बदमाश नगर कोतवाली क्षेत्र के सूतमिल फैक्ट्री के पीछे जंगल में छिपे हुए हैं और किसी बड़ी घटना के फिराक में हैं। मुखबिर की सूचना से मौके पर पहुंची पुलिस टीम को देख बदमाशों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस टीम ने उन्हें घेर लिया। पुलिस से घिरता देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग की।

पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश मोतीलाल और नन्हे उर्फ नान्ह के पैर में गोली लग गई।

# संसद घुसपैठ में यूपी से एक और युवक को उठाया

## अतुल कुलश्रेष्ठ सागर-ललित का कॉमन फ्रेंड, चैटिंग भी की

लखनऊ। संसद घुसपैठ मामले में दिल्ली पुलिस की टीम ने मंगलवार को यूपी के जालौन से अतुल कुलश्रेष्ठ को उठाया है।

अतुल सोशल मीडिया पर लखनऊ के सागर और साजिश के मास्टरमाइंड ललित झा का कॉमन फ्रेंड है। स्पेशल सेल को अतुल की ललित और सागर के साथ चैट मिली है। अतुल के पकड़े जाने के बाद उसके परिजन घर पर ताला लगाकर रिश्तेदारों के यहां चले गए हैं। पुलिस ने आरोपियों के वर्चुअल दोस्तों की तलाश तेज कर दी है। वहीं, भगत सिंह फैंस क्लब से जुड़े सक्रिय सदस्य भी रडार पर हैं। अतुल कुलश्रेष्ठ अपनी पोस्ट में ललित को टैग करता था।

अपनी फेसबुक वॉल पर भड़काने वाली बातें लिखता था। दिल्ली स्पेशल सेल सागर की डायरी और सोशल साइट पर जुड़े उन दोस्तों के बारे में जानकारी जुटा रही है, जो उसकी पोस्ट पर कमेंट या लाइक करते थे।

दिल्ली संसद में घुसपैठ करने वाले लोगों की छानबीन के दौरान चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। सूत्रों के मुताबिक, भगत सिंह फैंस क्लब से जुड़े अधिकतर लोगों की सोशल मीडिया पर 2-2 प्रोफाइल हैं। इसमें एक सार्वजनिक है, दूसरी प्राइवेट है। प्राइवेट में उनके सक्रिय सदस्य और उनकी विचारधारा के लोग ही जुड़े हैं। यह भी सामने आया है कि इसमें सिर्फ खास एजेंडा पर ही बातचीत की जा रही थी।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, भगत सिंह की क्रांतिकारी विचारधारा की आड़ में संसद की सुरक्षा तोड़ने वाले किसी बड़ी साजिश को अंजाम देने की तैयारी कर रहे थे।

# देवरिया में विस्फोट से मकान की छत गिरी, दो घायल

एजेंसी

देवरिया। उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के बरियारपुर क्षेत्र में गुरूवार तड़के विस्फोट से मकान की छत गिर गयी। इस हादसे में दो लोग मामूली रूप से घायल हो गये।

पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि बरियारपुर क्षेत्र के गांव पड़री मल्ल में जैनुल अंसारी का दो मंजिला है। गुरूवार की तड़के उनके मकान में अचानक विस्फोट हो गया। तेज धमाके से हड़कंप मच गया। मकान की दीवार ध्वस्त हो गई। विस्फोट की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। इस घटना में दो लोग मामूली रूप से घायल है। घटना के बाद पुलिस तथा फारेंसिक टीम ने मौके की जांच जरूरी साक्ष्य इकट्ठा किये हैं। पुलिस विस्फोट के कारणों की पड़ताल कर रही है।

# शार्ट न्यूज

## इंडस फूड आठ से 10 जनवरी तक ग्रेटर नोएडा इंडिया एक्सपो सेंटर में

नयी दिल्ली। वाणिज्य विभाग के सहयोग से भारतीय व्यापार संवर्धन परिषद आठ से 10 जनवरी तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर में इंडस फूड का आयोजन करेगी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की एक गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इस आयोजन को इसके पिछले संस्करण की तुलना में बहुत व्यापक स्तर पर किया जा रहा है और प्रदर्शनी क्षेत्र को 30,000 वर्गमीटर से दोगुना कर 60,000 वर्गमीटर किया जा रहा है। बयान के मुताबिक इस खाद्य प्रदर्शनी में 2,500 से अधिक वैश्विक खरीदार, 5,000 से अधिक घरेलू खरीदार और 86 से अधिक रिटेल चेन भाग लेंगी। इसके अलावा इसमें पहली बार 1050 घरेलू प्रदर्शकों के अतिरिक्त 120 से अधिक विदेशी प्रदर्शक भाग लेंगे। खाद्य प्रसंस्करण मशीनरी, ताजे फल और सब्जियां तथा वाइन एवं स्पिरिट की नई श्रेणियां शामिल की गई हैं। इस कार्यक्रम में ज्ञान सत्र, एक अंतरराष्ट्रीय एफ एंड बी मानक कॉन्क्लेव, मास्टरक्लासेज़ और उद्योग के लिए नवोन्मेषण पुरस्कार भी शामिल होंगे।

## लावा ने लॉंच किया स्ट्रॉम 5 जी स्मार्टफोन

नयी दिल्ली। मोबाइल फोन बनाने वाली कंपनी लावा इंटरनेशनल आज अपना स्मार्टफोन स्ट्रॉम 5 जी लॉंच करने की घोषणा की जिसमें 50 एमपी और 8 एमपी का डुअल रियर कैमरा है। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि 11999 रुपये के आमंत्रण मूल्य वाले इस स्मार्टफोन की कीमत 13499 रुपये है। इसकी बिक्री 28 दिसंबर से शुरू होगी और यह ऑनलाइन मार्केटप्लेस अमेजन तथा कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध होगा। उसने कहा कि मीडियाटेक डिमेनसिटी 6080 प्रोसेसर आधारित इस स्मार्टफोन में 5000 एमएएच की बैटरी हैजो 33 वांट फास्ट चार्जिंग से लैस है। 6.78 इंच के स्क्रीन वाले इस फोन में 50 एमपी और आठ एमपी का डुअल रियर कैमरा है तथा 16 एमपी का फ्रंट कैमरा है। इस फोन में आठ जीबी रैम है जिसे 16 जीबी तक बढ़ाया जा सकता है और इसका रॉम 128 जीबी है।

## एयरटेल बिजनेस की स्मार्ट मीटर के लिये इंटेलिस्मार्ट के साथ साझेदारी

**नयी दिल्ली।** दूरसंचार सेवायें प्रदान करने वाली कंपनी भारती एयरटेल ने आज इंटेलिस्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के साथ साझेदारी करने की घोषणा की। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि इंटेलिस्मार्ट एक अग्रणी स्मार्ट मीटरिंग एवं डिजिटल समाधान प्रदाता है और इस साझेदारी के तहत 2 करोड़ स्मार्ट मीटरों को पावर-अप किया जाएगा। यह देश में स्मार्ट मीटरिंग के क्षेत्र में इस तरह की सबसे बड़ी डील है। यह विभिन्न सेक्टरों में एयरटेल के तेजी से बढ़ रहे आईओटी डिप्लॉयमेंट के लिये महत्वपूर्ण योगदान देगी। एयरटेल के आईओटी प्रस्ताव में इसके स्वामित्व वाला प्लेटफॉर्म 'एयरटेल आईओटी हब' शामिल है। यह स्मार्ट मीटर की एडवांस्ड एनालिटिक्स से ट्रैकिंग और निगरानी में कंपनी की मदद करेगा। यह टेल्को ग्रेड सिक्योरिटी से समृद्ध बेहद उच्च विश्वसनीयता भी बनाकर रखेगा। आईओटी हब एयरटेल के अपने क्लाउड नेटवर्क पर है। इससे एंटरप्राइज यूजर्स को काफी सुरक्षित एवं शानदार तरीके से अरबों उपकरणों तथा प्रयोगों से जुड़ने और उन्हें प्रबंधित करने की क्षमता मिलेगी।

## यस बैंक के सह संस्थापक राणा कपूर को विशेष अदालत से मिली जमानत

मुंबई। ऋण में धोखाधड़ी से जुड़े मामले में यस बैंक के सह संस्थापक राणा कपूर को जमानत मिल गई है। गुरुवार को एक विशेष अदालत ने वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन मामले में यस बैंक के सह संस्थापक राणा को राहत दी है। इसके बावजूद आरोपी राणा कपूर जेल से बाहर नहीं आ पाएंगे क्योंकि सीबीआई द्वारा दर्ज संबंधित मामले में उन्हें जमानत नहीं दी गई है। बता दें निजी बैंक के पूर्व एमडी और सीईओ राणा कपूर को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मार्च 2020 में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तार किया था। पीएमएलए अदालत के विशेष न्यायाधीश एमजी देशपांडे ने गुरुवार को राणा कपूर को जमानत दे दी है। अधिवक्ता राहुल अग्रवाल और जैस्मीन पुराणी के जरिए से दायर जमानत याचिका में राणा कपूर ने कहा कि वह साढ़े तीन साल से अधिक समय से जेल में हैं, जो पीएमएलए के तहत अपराध के लिए निर्धारित अधिकतम सजा की आधी अवधि है।

## देश के 15 हवाई अड्डों पर 164 विमान बेकार पड़े

नई दिल्ली। सरकार ने गुरुवार को बताया है कि देश के 15 हवाईअड्डों पर 164 विमान बेकार पड़े हैं। इनमें से सबसे ज्यादा 64 विमान दिल्ली हवाई अड्डे पर खड़े किए गए हैं, इसके बाद बेंगलुरु (27), मुंबई (24) और चेन्नई (20) हैं। नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की ओर से लोकसभा में एक लिखित उत्तर में साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, 15 हवाई अड्डों पर 164 विमान बेकार पड़े हैं। ये हवाई अड्डे अहमदाबाद, बेंगलुरु, भुवनेश्वर, चेन्नई, कोचीन, दिल्ली, गोवा (मोपा), हैदराबाद, जयपुर, जुहू, कोलकाता, कन्नूर, मुंबई, नागपुर और रायपुर हैं। जिन विमानों को खड़ा किया गया है उनमें इंडिगो, स्पाइसजेट, गो फर्स्ट, एयर इंडिया, जूम एयर और एलायंस एयर शामिल हैं। दिल्ली हवाई अड्डे पर इंडिगो के 24 और गो फर्स्ट के 23 विमान बेकार पड़े हैं। स्पाइसजेट (6), एयर इंडिया (2), जूम एयर (5), जेट एयरवेज (3) और एलायंस एयर (1) भी वहां खड़े हैं।

## चेन्नई स्थित कंपनी के पूर्व सीईओ समेत तीन को पांच साल की सजा

नई दिल्ली। चेन्नई की एक अदालत ने बैंक ऑफ इंडिया को 2.06 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने के मामले में पालपाप इचिनिची सॉफ्टवेयर इंटरनेशनल लिमिटेड के पूर्व सीईओ सह चेयरमैन पी सेंथिल कुमार और दो अन्य को पांच साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। सीबीआई ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सीबीआई की विशेष अदालत ने तीनों आरोपियों और चेन्नई की कंपनी पर 2.10 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया है। सीबीआई ने 2008 में बैंक ऑफ इंडिया की एक शिकायत के बाद मामले को अपने हाथ में लिया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि कुमार ने चेन्नई की अन्ना सलाई शाखा में स्टार पर्सनल लोन स्कीम के तहत फर्जी लोगों के नाम पर 149 ऋण खाते खोले और उन्हें अपनी कंपनी का कर्मचारी दिखाया। उन्होंने बताया कि उसने कथित लाभार्थियों के नाम पर वेतन पर्ची और पहचान पत्र बनाकर कर्ज लिया। सीबीआई ने एक साल के भीतर आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी। इसके बाद विशेष अदालत में मुकदमा चला।

## देश पर कुल कर्ज जुलाई-सितंबर में बढ़कर 205 लाख करोड़ रुपये

मुंबई । देश पर कुल कर्ज चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में बढ़कर 205 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। बीते वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में कुल कर्ज 200 लाख करोड़ रुपये था। इंडियाबॉन्ड्स डॉट कॉम के सह-संस्थापक विशाल गोयनका ने आरबीआई के आंकड़ों के हवाले से कहा, केंद्र का कर्ज जुलाई-सितंबर तिमाही में 161.1 लाख करोड़ रुपये रहा। मार्च तिमाही में यह 150.4 लाख करोड़ था। केंद्र पर 161.1 लाख करोड़ रुपये यानी कुल कर्ज का सर्वाधिक 46.04 फीसदी है। इसके बाद राज्य सरकारों की कर्ज में हिस्सेदारी 24.4 फीसदी यानी 50.18 लाख करोड़ रुपये है। देश के 48 फीसदी लोग व्यक्तिगत खरीदारी के लिए ऑनलाइन पर भरोसा करते हैं। इनमें से 44 फीसदी लोग वित्तीय लेनदेन के लिए ऑनलाइन बैंकिंग का उपयोग करते हैं। होम क्रेडिट इंडिया के ताजा सर्वे के मुताबिक, 2021 के बाद से जरूरतों के आधार पर कर्ज लेने का चलन बदल गया है। 2023 में 44 फीसदी लोगों ने घर चलाने से लेकर स्मार्टफोन व घरेलू उपकरण खरीदने के लिए कर्ज लिया है। हालांकि, कंज्यूमर ड्यूरेबल कर्ज में 9 फीसदी की कमी आई, लेकिन कारोबार से संबंधित कर्ज में 5 फीसदी वृद्धि हुई है। सर्वे के अनुसार, ऑनलाइन कर्ज मुख्य रूप से छोटे शहर के युवा ले रहे हैं।

# रियल एस्टेट क्षेत्र में 2023 में 03 अरब डॉलर का पीई निवेश : नाइट फ्रैंक इंडिया

मुंबई। रियल एस्टेट बाजार पर अनुसंधान एवं परामर्श सेवाएं देने वाली प्रमुख कंपनी नाइट फ्रैंक इंडिया की गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में वर्ष 2023 में भारतीय रियल एस्टेट बाजार को तीन अरब डालर का प्राइवेट इक्विटी (द्विपक्षीय आधारपर शेयर पूंजी निवेश) निवेश प्राप्त हुआ जो पिछले साल से 44 प्रतिशत कम है। वर्ष 2022 में देश के रियल एस्टेट क्षेत्र में पीई निवेश 5.3 अरब डॉलर था।

नाइट फैंक इंडिया की 'ट्रेंड्सिन प्राइवेट इक्विटी इन्वेस्टमेंट्स इन इंडिया 2023' के अनुसार वैश्विक स्तर पर निवेशकों द्वारा अपेक्षाकृत अधिक सतर्क रुख अपनाए जाने के कारण घरेलू रियल एस्टेट क्षेत्र में पीई निवेश प्रभावित रहा। इस दौरान पीई निवेशकों में विदेशी और खास कर सिंगापुर जैसे बाजारों के निवेशकों का योगदान प्रमुख रहा। रिपोर्ट के अनुसार इस क्षेत्र में 2023 में (जनवरी 01,-दिसंबर 12, 2023) के दौरान प्राप्त प्राइवेट इक्विटी ( पीई) निवेश में कार्यालय की सम्पत्तियों में आए निवेश का हिस्सा 58 प्रतिशत रहा । इसके बाद वेयरहाउसिंग (23प्रतिशत) पर और आवासीय संपत्तियों के क्षेत्र (19 प्रतिशत) का स्थान रहा। रिपोर्ट के अनुसार खुदरा क्षेत्र में पीई निवेश का एक भी सौदा 2023 में नहीं हुआ।

वर्ष के दौरान प्राप्त पीई निवेश में मुंबई ( 1.7 अरब डॉलर), राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (83.5 करोड़ डॉलर) और बेंगलुरु (34.7) का हिस्सा सबसे अधिक रहा ।

रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2023 में वैश्विक भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और उच्च ब्याज दर के माहौल के साथ अमेरिकी फेडरल रिजर्व और सेंट्रल बैंक ऑफ कनाडा ने कई दरों में बढ़ोतरी की है, जिससे अमेरिका और कनाडा से निवेश प्रभावित हुआ है।

इस दौरान सिंगापुर से भारतीय रियल एस्टेट में पीई निवेश 2022 के 31 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 53 प्रतिशत रहा है। नाइट फ्रैंक इंडिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा कि उच्च गुणवत्ता वाली संपत्तियों के मजबूत आकर्षण के कारण भारत में कार्यालय खंड निवेशकों को आकर्षित रहा। उन्होंने कहा कि 2023 में भारत के रियल एस्टेट में पीई निवेश में विदेशी निवेशकों का प्रधान हिस्सा बना रहा, उसके बाद घरेलू निवेश फर्में रहीं।

उन्होंने कहा, 'हमे दिखा कि पश्चिमी देशों से निवेश प्रभावित होने के बीच हाल के दिनों में एशियाई निजी इक्विटी (पीई) खिलाड़ियों की दिलचस्पी बढ़ी है। यह भारतीय पीई बाजार के लिए सकारात्मक बदलाव का संकेत दे सकता है।

उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे वैश्विक चुनौतियाँ धीरे-धीरे कम हो रही हैं, भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती और स्थानीय रियल एस्टेट परिसंपत्तियों के बाजार का वातावरण अनुकूल बने रहने से इस क्षेत्र के अंदर भी पीई निवेश गतिविधियों में पुनः सुधार की उम्मीद है।

# 10129.85 मीट्रिक टन हुई ज्वार की खरीद

### श्रीअन्न के प्रोत्साहन पर मोदी-योगी सरकार की विशेष नजर

लखनऊ। योगी सरकार श्रीअन्न (मिलेट्स) के प्रोत्साहन पर पूरा ध्यान दे रही है। अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के अंतर्गत योगी सरकार ने जहां श्रीअन्न महोत्सव का आयोजन कर किसानों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया, वहीं आमजन को भी श्रीअन्न के प्रति जागरूक कर रही है। इसी क्रम में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के अंतर्गत योगी सरकार की पारदर्शी प्रक्रिया से 10129.85 मीट्रिक टन ज्वार की खरीद की जा चुकी है। इस मद में किसानों को 2834.77 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है। वहीं योगी सरकार ने किसानों को सौगात देते हुए हाइब्रिड ज्वार का समर्थन मूल्य 3180 व ज्वार मालदांडी का 3225 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया है।

### कानपुर में 1165.80 मीट्रिक टन की खरीद

आठ संभाग में 10129.85 मीट्रिक टन ज्वार की खरीद हुई। इसमें सर्वाधिक खरीद कानपुर संभाग के अंतर्गत की गई। यहां 8078.05 मीट्रिक टन की खरीद हुई। इसमें भी कानपुर नगर में 3272.70 व कानपुर देहात में 4805.35 मीट्रिक टन ज्वार की खरीद हुई। झांसी संभाग में यह खरीद 1165.80 मीट्रिक टन हुई। राजधानी लखनऊ संभाग में 482.65 व चित्रकूट संभाग में 357.15 मीट्रिक टन ज्वार की खरीद हुई।

### किसानों को किया गया साढ़े 28.34 करोड़ का भुगतान

मोटे अनाज ज्वार के लिए किसानों को योगी सरकार की तरफ से समय से भुगतान भी किया जा रहा है। ज्वार के मद में अब तक आठों संभागों के किसानों को 2834.77 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है। अन्य संभागों में भी तेजी से मक्का खरीद जारी है। फिलहाल 31 दिसंबर तक ज्वार खरीद होगी।

# ग्राम उन्नति की उत्तर प्रदेश सरकार के साथ साझेदारी

एजेंसी

नयी दिल्ली। एकीकृत कृषि समाधान कंपनी फोर लीफ क्लोवर एग्रो प्राइवेट लिमिटेड (ग्राम उन्नति) ने एक लाख एकड़ भूमि में ग्रीष्मकालीन की फसल धान से वसंत के मक्का की फसल में परिवर्तित करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के साथ समझौता किया है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में यह जानकारी देते हुये कहा कि इस फसल विविधीकरण परियोजना से छह जिलों अमरोहा, बरेली, बुलन्दशहर, मुरादाबाद, रामपुर और संभल को लाभ होगा7 इसका लक्ष्य तीन से पांच साल की समयावधि में किसानों की आय बढ़ाना और महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना है।

इसका प्राथमिक उद्देश्य, किसानों की आय को 15 प्रतिशत से 25 प्रतिशत तक बढ़ाना और महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना है, जिसमें सिंचाई के लिए पानी के उपयोग को 60 प्रतिशत से 80 प्रतिशत तक कम करना शामिल है।

ग्राम उन्नति के सीईओ और संस्थापक अनीश जैन ने कहा विभिन्न हितधारकों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के महीनों के प्रयास को साकार होते देख आज हम बहुत सम्मानित महसूस कर रहे हैं। हमारी प्रतिबद्धता हितधारकों के बीच तालमेल बिठाना है। एक मॉडल जो न केवल किसानों की समृद्धि को बढ़ावा देता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का भी समर्थन करता है। सरकार, मक्का प्रोसेसर, इनपुट आपूर्तिकर्ताओं और कृषि पारिस्थितिकी तंत्र में अन्य आवश्यक लोगों के बीच साझेदारी को सुविधाजनक बनाना परियोजना की सफलता के लिए महत्वपूर्ण है।

# चौतरफा लिवाली के बल पर शेयर बाजार में लौटी तेजी

मुंबई । वैश्विक स्तर से मिले कमजोर संकेतों के बीच घरेलू स्तर पर यूटिलिटी, पावर, एनर्जी और तेल एवं गैस सहित लगभग चौतरफा लिवाली के बल पर शेयर बाजार तीव्र गिरावट से उबरते हुये आज बढ़त बनाने में सफल रहा।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 358.79 अंकों की तेजी लेकर 70865.10 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 104.90 अंक उछलकर 21255.05 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान दिग्गज कंपनियों की तुलना में छोटी और मझौली कंपनियों में अधिक लिवाली का जोर रहा जिससे बीएसई का मिडकैप 1.61 प्रतिशत चढ़कर 35619.94 अंक पर और स्मॉलकैप 1.69 प्रतिशत उछलकर 41569.09 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3896 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 2669 में तेजी रही और 1106 में



गिरावट दर्ज की गयी जबकि 121 में कोई बदलाव नहीं हुआ। बीएसई में शामिल ऑटो समूह में 0.03 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर शेष सभी समूहों में तेजी रही जिसमें यूटिलिटी 2.46 प्रतिशत, पावर 2.43 प्रतिशत, तेल एवं गैस 1.72 प्रतिशत और एनर्जी 1.62 प्रतिशत प्रमुखता से शामिल है।वैश्विक स्तर पर मिश्रित रूख रहा। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.45 प्रतिशत, जर्मनी का डैक्स 0.62 प्रतिशत और जापान का निक्केई 1.59 प्रतिशत की गिरावट में रहा जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट 0.57 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.04 प्रतिशत की तेजी रही।

बीएसई का सेंसेक्स 586 अंकों की गिरावट लेकर 69920.89 अंक पर खुला। शुरूआती कारोबार में ही यह 69920.39 अंक के निचले स्तर तक फिसला लेकिन लिवाली के बल पर यह 70 हजार अंक के स्तर को पार करते हुये 70958.71 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा। अंत में यह पिछले दिवस के 70506.31 अंक की तुलना में 0.51 प्रतिशत अर्थात 358.79 अंक की बढ़त लेकर 70865.10 अंक पर रहा।

सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से 21 हरे निशान में जबकि नौ लाल निशान में रही।

एनएसई का निफ्टी 117 अंकों की गिरावट के साथ 21033.95 अंक पर खुला। सत्र के दौरान यह 20976.80 अंक के निचले और 21288.35 अंक के उच्चतम स्तर के बीच रहा। अंत में यह पिछले दिवस के 21150.15 अंक की तुलना में 0.5 प्रतिशत अर्थात 104.90 अंकों की बढ़त के साथ 21255.05 अंक पर रहा।

निफ्टी में शामिल 50 कंपनियों में से 38 हरे निशान में और 12 लाल निशान में रही।

# गुजरात में 1.56 लाख करोड़ के निवेश के लिये 47 एमओयू

**गांधीनगर।** गुजरात में 1.56 लाख करोड़ रु के संभाविति निवेश के लिये बुधवार को 47 एमओयू हुए।

सरकारी सूत्रों के अनुसार राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के मार्गदर्शन में जनवरी-2024 में आयोजित होने वाली 10वीं वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के प्रारंभ से पूर्व बुधवार को विभिन्न उद्योग समूहों के साथ 47 एमओयू किए गए हैं।

विभिन्न उद्योग निवेशकों ने आज एक ही दिन में राज्य सरकार के साथ 1.56 लाख करोड़ रुपए से अधिक के संभावित निवेश के लिए एमओयू किए हैं। इसके साथ ही, इस निवेश से राज्य में लगभग 7.59 लाख से अधिक रोजगार का सृजन होने की संभावना है।

राज्य सरकार ने हर सप्ताह विभिन्न उद्योगों के साथ एमओयू करने का जो सिलसिला शुरू किया है उसमें अब तक आयोजित एमओयू हस्ताक्षर की 14 श्रृंखलाओं में 100 एमओयू के साथ 1.35 लाख करोड़ रुपए का संभावित निवेश प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त आज आयोजित 15वीं श्रृंखला में 47 एमओयू के साथ 1.56 लाख करोड़ रुपए से अधिक का संभावित निवेश प्रस्तावित है। इस प्रकार अब तक कुल 147 एमओयू के साथ 2.91 लाख करोड़ रुपए से अधिक का संभावित निवेश प्रस्तावित हुआ है।

आज किए गए एमओयू के अंतर्गत मुख्य क्षेत्रों में से इंजीनियरिंग, ऑटो तथा अन्य इंडस्ट्रीज क्षेत्र में 50,450 करोड़ रुपए के अनुमानित निवेश के साथ 9710 रोजगार का सृजन होगा। औद्योगिक पार्क, टेक्सटाइल एवं एपेरल क्षेत्र में 2900 करोड़ रुपए के अनुमानित निवेश के साथ 1.52 लाख रोजगार का सृजन, फाइनेंशियल सर्विसेज क्षेत्र में 50,500 करोड़ रुपए के अनुमानित निवेश के साथ 5.50 लाख रोजगार का सृजन, मिनरल आधारित प्रोजेक्ट्स क्षेत्र में 9645 करोड़ रुपए के अनुमानित निवेश के साथ 2895 रोजगार का सृजन, साइंस एंड टेक्नोलॉजी क्षेत्र में 22824 करोड़ रुपए से अधिक के अनुमानित निवेश के साथ 41430 रोजगार का सृजन, हेल्थकेयर तथा फार्मास्युकिल क्षेत्र में 11022 करोड़ रुपए से अधिक के अनुमानित निवेश के साथ 6200 रोजगार का सृजन तथा एग्रो एंड फूड प्रोसेसिंग क्षेत्र में 800 करोड़ रुपए के अनुमानित निवेश के साथ 800 रोजगार का सृजन होगा।

वित्त मंत्री कनुभाई देसाई, स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल, उद्योग मंत्री बलवंतसिंह राजपूत, कृषि मंत्री राघवजी पटेल तथा पर्यटन मंत्री मुसुभाई बेरा की उपस्थिति में हुए एमओयू के अंतर्गत उद्योग अपनी इकाइयाँ 2023 से 2028 के बीच कार्यरत करेंगे। कच्छ, भरूच, खेडा, अहमदाबाद, मेहसाणा, अमरेली, वडोदरा, सूरत, पंचमहाल, साणंद, गांधीनगर, डांग, नवसारी तथा राजकोट सहित विभिन्न जिलों के क्षेत्रों में ये उद्योग शुरू होंगे।

इस एमओयू हस्ताक्षर अवसर पर राज्य के मुख्य सचिव राज कुमार, उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव एस. जे. हैदर सहित वरिष्ठ सचिव तथा उद्योगकार उपस्थित रहे।

# बिसलरी ने दीपिका पादुकोण को बनाया ग्लोबल ब्रांड एम्बेसेडर

**नयी दिल्ली।** मिनरल वाटर ब्रांड बिसलरी ने अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को अपना पहला ग्लोबल ब्रांड एम्बेसेडर बनाने की आज घोषणा की। कंपनी ने यहां कहा कि दीपिका एक मशहूर भारतीय आइकॉन हैं, जिनकी शोहरत पूरी दुनिया में हुई है। दीपिका को लेकर एक नया अभियान शुरू किया जा रहा है जो हाइड्रेशन पर एक नया और असाधारण नजरिया देता है। इसमें रोमांच और मस्ती, दोनों हैं।

दीपिका को ब्रांड एम्बेसेडर बनाने पर अपनी बात रखते हुए कंपनी की उपाध्यक्ष जयंती चौहान ने कहा, बिसलरी हाइड्रेशन का दूसरा नाम है। हमारा नया अभियान पहली बार दीपिका के मशहूर अंदाज में हाइड्रेशन




का मजा और रोमांच लेकर आ रहा है। हम दीपिका को अपनी पहली ग्लोबल ब्रांड एम्बेसेडर बनाकर उत्साहित हैं। उनका काम और वैल्यूज़ हमारी ब्रांड फिलोसॉफी से मेल खाते हैं। उनके साथ हम अपने ब्रांड की नये जमाने में तरक्की दिखा सकते हैं। हमें विश्वास है कि यह अभियान सभी को पसंद आएगा और लोग बिसलरी के साथ अपनी प्यास बुझाने का मजा लेंगे।

# रोजगार मेले में 1747 लोगो को मिला रोजगार

एजेंसी

लखनऊ। युवाओं को मिशन के रूप में रोजगार से जोड़ रही योगी सरकार के प्रयासों से गुरुवार को 1747 लोगों को रोजगार से जोड़ने में सफलता मिली। राजकीय आईटीआई, अलीगंज, लखनऊ, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लखनऊ एव जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को राजकीय आईटीआई, अलीगंज, लखनऊ मे वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया।

इसमें कुल 61 कंपनियों में कुल 1747 अभ्यर्थियों को 7700 से 35000 रुपए प्रतिमाह के वेतन एवं अन्य सुविधाएं जैसे उपस्थिति पुरस्कार एवं फ्री कैंटीन की सुविधा के साथ जॉब आफर दिए गए। रोजगार से वंचित रह गए अभ्यर्थी 30 दिसंबर, 2023 को होने वाले शिशिक्षु व रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं।

मेले का उद्घाटन संयुक्त निदेशक, प्रशि/शिक्षु, लखनऊ मंडल, सुनील श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राज कुमार यादव द्वारा अभ्यर्थियों को कंपनियों में मेहनत एवं लगन से काम करने के लिए प्रेरित किया गया। जिला सेवायोजन अधिकारी हिमांशु एवं प्रज्ञा त्रिपाठी ने अभ्यर्थियों की काउंसलिंग की।

मिशन निदेशक, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, रमेश रंजन के द्वारा रोजगार मेले का निरीक्षण किया गया।

ट्रेनिंग काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर एम ए खां ने बताया कि रोजगार मेले राजकीय आईटीआई, अलीगंज, लखनऊ, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लखनऊ, जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, लखनऊ के द्वारा आमंत्रित किए गए। इस अवसर पर संस्थान के कार्यदेशक निर्भय कुमार सिंह एवं कामराज वर्मा उपस्थित रहे।

## तृणमूल कांग्रेस विधायक के आवास पर नौ घंटे चली छापेमारी

नई दिल्ली। आयकर विभाग ने तृणमूल कांग्रेस के विधायक बायरन बिस्वास के आवास की तलाशी के दौरान वहां से करीब 70 लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के समसेरगंज में विधायक के आवास पर बुधवार सुबह शुरू हुई तलाशी करीब 19 घंटे बाद देर रात खत्म हुई। उन्होंने कहा, हमने बायरन बिस्वास के आवास पर छापेमारी के दौरान 70 लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। इस बारे में कोई स्पष्टता नहीं मिली कि इतनी बड़ी राशि वहां क्यों रखी गई थी? विधायक से जब संपर्क किया गया तो उन्होंने इस मामले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। बिस्वास ने कांग्रेस के टिकट पर सागरदिघी निर्वाचन क्षेत्र से उपचुनाव जीता था, लेकिन बाद में वह तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए।

# स्पेस वर्ल्ड ग्रुप कॉन्सटल में करेगी 50 करोड़ डॉलर का निवेश

नयी दिल्ली। भविष्य की ओर कदम बढ़ाते हुए स्पेस वर्ल्ड ग्रुप ने आज आधुनिक वेंचर कॉन्स्टल के लॉन्च की घोषणा की जिसमें ग्रुप ने अगले तीन से चार वर्षों में 50 करोड़ डॉलर का निवेश करने की योजना बनायी है। कॉन्सटल दुनिया भर के लोगों, कारोबारों एवं समुदायों के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए विश्वस्तरीय डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर समाधान उपलब्ध करायेगी।

इस ग्रुप ने ब्रूकफील्ड-स्पॉन्सर्ड टॉवर इन्फ्रास्ट्रक्चर ट्रस्ट (टॉवर इनविट) के द्वारा स्पेस टेलीइन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड के अधिग्रहण के बाद डिजिटल नेटवर्क इन्फ्रास्ट्रक्चर सेवा के क्षेत्र में यह नया वेंचर शुरू किया है जो ऑप्टिकल फाइबर आधारित डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर के नए दौर की शुरूआत की है। ग्रुप के संस्थापक एवं अध्यक्ष अंकित गोयल ने यहां यह घोषणा करते हुये कहा कॉन्स्टल का मुख्य उद्देश्य ऐसी सर्विसेज़ उपलब्ध कराना है जो उद्योग जगत में नए मानक स्थापित करें। हम अने उपभोक्ताओं एवं बिज़नेस पार्टनर्स की सुविधानुसार बैण्डविड्थ स्पेसिफिकेशन, कन्ज़्प्शन मॉडल और स्केल की प्रत्यास्थता उपलब्ध कराना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया भर के लोगों, कारोबारों एवं समुदायों को एक दूसरे के साथ जोड़ने और विश्वस्तरीय डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर सर्विस उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। आधुनिक टेक्नोलॉजी के डीआईएएएस प्लेटफॉर्म लॉन्च किया गया है और 2000 किलोमीटर फाइबर नेटवर्क का काम शुरू किया गया है।

उन्होंने कहा कि भारत के तीव डिजिटल रूपान्तरण को देखते हुए कॉन्स्टल कारोबारों को व्यापक राष्ट्रव्यापी कवरेज के साथ सशक्त बनाने और कारोबारों को कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए तैयार है। वर्तमान में अच्छी गुणवत्ता के फाइबर की कमी है क्योंकि मौजूदा फाइबर को कुछ निर्धारित उपभोक्ताओं को ध्यान में रखते हुए ही डिज़ाइन किया जाता है। ऐसे में उच्च क्षमता के भरोसेमंद नेटवर्क इन्फ्रास्ट्रक्चर की ज़रूरत है। देश के सात प्रमुख शहरों में प्रथम चरण में यह सेवा उपलब्ध होगी। आगे चलकर छह और शहरों को इसमें शामिल करने की योजना है।

उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया के राष्ट्रीय उद्देश्य के अनुरूप कॉन्स्टल कारोबारों को सहज एवं सशक्त डिजिटल कनेक्टिविटी के साथ सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह वेंचर बेजोड़ नेटवर्क इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराकर आज के डिजिटल दौर में कारोबारों के लिए डेटा कनेक्टिविटी को सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि स्पेस वर्ल्ड पहले से चुनिंदा महानगरों में 2000 किलोमीटर के फाइबर नेटवर्क का काम शुरू कर चुका है। 2024 के पहले छह महीने में इसकी नेशनल लोंग डिस्टेंस लाइन की उल्लेखनीय क्षमता होगी।

## शार्ट न्यूज

### दीपांशी ने तलवारबाजी में जीता स्वर्ण पदक

सिरसा । गुजरात के मेहसाना में चले रहे तलवारबाजी राष्ट्रीय खेलों में किसान नेता संदीप सिंवर शेरपुरा की भांजी दीपांशी ने तलवारबाजी में स्वर्ण पदक जीतकर न सिर्फ अपने परिवार बल्कि गांव का नाम भी रोशन किया है। श्री शेरपुरा ने बताया कि दीपांशी का यह पहला ही राष्ट्रीय खेल था, जिसमें स्वर्ण पदक हासिल करके 2023 में कुल चार स्वर्ण पदक हासिल कर अपने परिवार के साथ-साथ पूरे हरियाणा का नाम रोशन करने का काम किया है। दीपांशी की माता सरोज और पिता देवेंद्र रेढ़ू ने बताया कि उनकी पुत्री खेल के साथ-साथ पढ़ाई में भी बहुत होशियार है। वह दसवीं कक्षा की छात्रा है और नौवीं कक्षा उसने 95 प्रतिशत से भी अधिक अंक से उत्तीर्ण की है। बतौर दीपांशी का मानना है कि अगर मेहनत और लगन से किसी खेल को खेला जाए तो सफलता जरूर मिलती है। दीपांशी ने बताया कि मेरी शुरू से ही रूचि थी कि कोई अलग खेल को चुनें। इस पर उन्होंने टीवी पर इस गेम को देखा था, जिसके बाद उसके मन में आया कि क्यों न इस गेम में हाथ आजमाया जाए। इसके बाद धीरे-धीरे उसकी रूचि बढ़ती गई और आज स्कूल स्तर से शुरू हुआ तलवारबाजी का सफर राष्ट्रीय खेलों तक जा पहुंचा है। उन्होंने कहा कि खेलों में करियर की अपार संभावनाएं हैं।

### खेलने से स्वस्थ्य शरीर के साथ होता है स्वस्थ्य मन का निर्माण : रेखा आर्या

रुद्रपुर। उत्तराखंड की खेल मंत्री रेखा आर्या ने गुरुवार को उधमसिंह नगर जिले के रुद्रपुर स्थित मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ-2023' के उद्घाटन में उपस्थित खिलाड़ियों से कहा कि आज खेल एक ऐसा माध्यम है, जिसके जरिये हम सभी स्वस्थ्य मन के साथ ही स्वस्थ्य तन को प्राप्त कर सकते हैं। आर्या ने कहा कि हमें खेल जहां जीवन मे अनुशासन सिखाता है, वहीं खेल से टीम भावना और टीम का नेतृत्व करना भी सीखते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में राज्य सरकार ने खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए कई योजनाएं चलाई हैं। यह आप सभी के लिए मील का पत्थर साबित होंगी। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि हार से घबराना नहीं चाहिए, बल्कि हार से सीखते हुए एक नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ना चाहिए क्योंकि हार कर जितने वाले को ही बाजीगर कहते हैं। कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया प्रस्तुत की। इस दौरान खेल मंत्री ने 13 जनपदों से आये खिलाड़ियों को उनकी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही, सभी के साथ संवाद करते हुए सरकार की तरफ से चलाई जा रही खेल योजनाओं की खिलाड़ियो से जानकारी ली।

### जिम्बाब्वे क्रिकेट ने डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन करने पर मधेवीरे, मावुता को किया निलंबित

हरारे । जिम्बाब्वे क्रिकेट ने डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन करने पर ऑलराउंडर वेस्ली मधेवीरे, ब्रैंडन मावुता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने इन दोनों खिलाड़ियों को हाल ही में एक इन-हाउस डोप टेस्ट के दौरान प्रतिबंधित दवा का सेवन करने पर परीक्षण सकारात्मक मिलने पर सुनवाई होने तक सभी क्रिकेट गतिविधियों से निलंबित कर दिया गया है। जिम्बाब्वे क्रिकेट की खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों की आचार संहिता के तहत मधेवीरे और मावुता पर आरोप लगाए गए हैं और जल्द ही अनुशासनात्मक सुनवाई के लिए उपस्थित होंगे जो संभवत-उनके निलंबन की अवधि तय करेगा। मधेवीरे और मावुता दोनों जिम्बाब्वे टीम का हिस्सा थे उन्होंने पिछले सप ?ताह घरेलू श्रृंखला में आयरलैंड के खिलाफ मैच खेला था। मधेवीरे ने तीनों टी-20 मैच खेले जबकि मावुता ने सिर्फ तीसरा टी-20 और उसके बाद तीन एकदिवसीय मैच खेले। मावुता ने वर्ष 2018 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया और अब तक चार टेस्ट, 12 एकदिवसीय और 10 टी-20 खेले हैं, जबकि 2020 में पहली बार ज़िम्बाब्वे का प्रतिनिधित्व करने वाले मधेवीरे ने दो टेस्ट, 36 एकदिवसीय और 60 टी-20 खेले हैं।

### इंग्लैंड को 2024 टी-20 विश्वकप में स्टोक्स और आर्चर की जरूरत : मैथ्यू मॉट

तारोबा 21 दिसंबर (वार्ता) इंग्लैंड के कोच मैथ्यू मॉट ने कहा कि बेन स ?टोक ?स और जोफ्रा आर्चर की मैच जीतने की काबिलियत को देखते हुए 2024 टी-20 विश्व कप के लिए टीम में उनकी जरूरत होगी और दोनों चोटिल खिलाड़ियों के लिए टीम के दरवाज़े खुले हैं। स्टोक्स का नवंबर में घुटने का ऑपरेशन हुआ है और उनके अगले साल जनवरी-मार्च में भारत के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज तक फिट होने की उम्मीद है। वहीं तेज गेंदबाज आर्चर कोहनी की चोट की वजह से मार्च से क्रिकेट नहीं खेले हैं। दोनों खिलाड़ियों के जून में होने वाले टी-20 विश्वकप के लिए टीम शामिल होने की उम्मीद है। मॉट ने स्टोक्स और आर्चर के टी -20 विश्वकप चयन पर कहा, मुझे लगता है कि उन्हें मौक़ा मिलेगा। उन्होंने वेस्टइंडीज़ के खिलाफ पांचवें टी-20 के बाद कहा, बेन के अंदर मैच जिताने की काबिलियत है और इसी के साथ वह तेज गेंदबाजी में हमें छठा विकल्प भी देते हैं इससे टीम का संतुलन भी बनता है। इससे चयन करना आसान हो जाता है। आर्चर को लेकर मॉट ने कहा, जहां तक जोफ्रा की बात है तो उनके पास गति है और वह पारी में किसी भी समय पर गेंदबाजी कर सकते हैं। वह सुपर ओवर कर सकते हैं, आखिर में जब जरूरत हो तो गेंदबाजी कर सकते हैं। मॉट ने इशारा किया कि टी-20 विश्वकप टीम में जॉस बटलर और फिल सॉल्ट ही ओपनिंग कर सकते हैं।

### चोट के कारण खुर्रम शहजाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर

पर्थ । पाकिस्तान के तेज गेंदबाज खुर्रम शहजाद पसली और पेट की मांसपेशियों में चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के शेष दो मुकाबलों से बाहर हो गए हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा, बायीं पसली में स्ट्रेस फ्रैक्चर और पेट की मांसपेशियों में चोट के कारण खुर्रम शहजाद को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर कर दिया गया है। बयान में कहा गया है जांच के बाद वह लाहौर में एनसीए लौट आएंगे जहां वे पूरी तरफ फीट होने तक स्वास्थ लाभ करेंगे। शहजाद ने पर्थ टेस्ट में स्टीव स्मिथ को दो बार आउट किया और दूसरी पारी में 45 रन देकर तीन विकेट लिए उन्होंने डेविड वॉर्नर औरा मार्नस लाबुशेन को भी आउट किया था। ऐसा माना जा रहा है कि शहजाद की जगह हसन अली और मोहम्मद वसीम जूनियर में से एक को टीम में खिलाया जायेगा। पाकिस्तान को अब 22 दिसंबर से विक्टोरिया इलेवन के खिलाफ दो दिन का अभ्यास मैच खेलना है।

### हॉकी इंडिया ने कृष्ण, सुशीला, शिवेंद्र और विनीत को दी बधाई

नयी दिल्ली। हॉकी इंडिया ने कृष्ण बहादुर पाठक, सुशीला चानू पुखरामबम, शिवेंद्र सिंह और विनीत कुमार शर्मा को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों तथा प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किये जाने पर बधाई दी है। कृष्ण बहादुर पाठक और सुशीला चानू पुखरामबम को खेल 2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अर्जुन पुरस्कार से शिवेंद्र सिंह को 2023 में उत्कृष्ट प्रशिक्षकों के लिए द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इसके अलावा पूर्व भारतीय पुरुष हॉकी टीम के खिलाड़ी विनीत कुमार को सम्मानित किया तथा शर्मा को लाइफटाइम अचीवमेंट 2023 के लिए ध्यानचंद पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. दिलीप टिर्की ने इन पुरस्कार विजेताओं की उपलब्धियों पर बेहद गर्व व्यक्त करते हुए कहा, यह हॉकी के लिए एक अविश्वसनीय मील का पत्थर है क्योंकि हम खेल में उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए हमारे दो सम्मानित हॉकी खिलाड़ियों – कृष्ण बहादुर पाठक और पुखरामबम सुशीला चानू को दी गई अच्छी मान्यता का जश्न मनाते हैं। खेल में उनका योगदान अमूल्य रहा है और यह सम्मान उनकी कड़ी मेहनत और जुनून का प्रमाण है।

# संजय सिंह कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष निर्वाचित



नयी दिल्ली। संजय कुमार सिंह भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के नए अध्यक्ष चुने गए हैं। वह लम्बे समय तक महासंघ पर राज करने वाले बृजभूषण शरण सिंह के करीबी हैं।

गुरुवार को हुए मतदान में संजय सिंह को कुल 47 में से 40 मत प्राप्त हुए। उनका मुकाबला अनीता श्योराण से था। अनीता ने कॉमनवेल्थ खेलों में स्वर्ण पदक जीता था और उन्हें बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आंदोलन करने वाले पहलवानों का समर्थन प्राप्त था। हालांकि अनीता हार से निराश नहीं क्योंकि उनके खेमे के प्रेम चंद लोचब महासचिव बने। उन्होंने इस पद पर हुए चुनाव में दर्शन लाल को 27-19 से हराया है।

कुश्ती महासंघ के चुनाव में अहम बात यह है कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को भी उपाध्यक्ष पद पर हार का सामना करना पड़ा है। अध्यक्ष पद के अलावा चार वरिष्ठ उपाध्यक्षों, चार उपाध्यक्षों, एक महासचिव, एक कोषाध्यक्ष और दो संयुक्त सचिवों का चुनाव कराया गया। इसके अलावा पांच कार्यकारी सदस्यों को भी चुने गये।

उल्लेखनीय है कि बृज भूषण शरण सिंह 12 साल से लगातार कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बने हुए थे। इस साल की शुरुआत में ही महिला पहलवानों ने उन पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे।

इस मामले में भाजपा सांसद के खिलाफ दिल्ली पुलिस जांच भी कर रही है। इसी के चलते बृजभूषण को पद से हटना पड़ा और यह तय हुआ था कि वह खुद या उनके परिवार या रिश्तेदारी का कोई सदस्य भी चुनाव में नहीं लड़ेगा।

संजय सिंह पहले उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष रह चुके हैं। वर्ष 2019 में भारतीय कुश्ती संघ की कार्यकारी कमिटी में संयुक्त सचिव चुने गए थे। वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के चंदौली के रहने वाले हैं। वह 2008 में वाराणसी कुश्ती संघ के जिला अध्यक्ष बने। उन्हें बृजभूषण सिंह का करीबी सहयोगी भी माना जाता है।

चुनाव जीतने के बाद संजय सिंह ने कहा कि अब राष्ट्रीय शिविर (कुश्ती के लिए) आयोजित किए जाएंगे। जो पहलवान राजनीति करना चाहते हैं वे राजनीति कर सकते हैं, जो कुश्ती करना चाहते हैं वे कुश्ती करेंगे।

# महिला पहलवान साक्षी मलिक ने कुश्ती को कहा अलविदा



**नयी दिल्ली** । भारतीय कुश्ती संध के चुनाव परिणाम सामने आने के बाद गुरुवार को महिला पहलवान साक्षी मलिक ने कुश्ती से संन्यास ले लिया है। पहलवान साक्षी मलिक ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम 40 दिनों तक सड़कों पर सोए और देश के कई हिस्सों से बहुत सारे लोग हमारा समर्थन करने आए। अगर बृज भूषण शरण सिंह के बिजनेस पार्टनर और करीबी सहयोगी को कुश्ती संघ का अध्यक्ष चुना जाता है, तो मैं कुश्ती छोड़ती हूं। हमारा समर्थन करने वाले सभी लोगों को धन्यवाद। लड़ाई पूरे दिल से लड़ी। अगर अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह जैसा आदमी ही रहता है तो मैं अपनी कुश्ती को त्यागती हूं। संजय सिंह भारतीय कुश्ती संघ के नए अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। संजय सिंह को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद और पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह का करीब माना जाता है।


## किसान मोर्चा की 23 को राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता देहरादून में

**देहरादून।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) किसान मोर्चा की ओर से आयोजित राष्ट्र स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता उत्तराखंड में अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। ग्रामीण स्तर पर हुई प्रतियोगिताओं का फाइनल अब इसका राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के रूप में आगामी 23 दिसंबर को देहरादून में होगा।

किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगिंदर सिंह पुंडीर ने गुरुवार को संवाददाताओं से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष/सांसद राजकुमार चाहर के दिशानिर्देशन में, राष्ट्रीय स्तर पर नमो कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसका देश की तरह, राज्य के सभी मंडल तथा जिले में आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य में इसके लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया गया था। जिसने अब तक राज्य के सभी 19 संघटनात्मक जिलों के 270 मंडलों में नमो कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन पिछले दिनों किया। उन्होंने बताया कि अब सभी संघटनात्मक जिलों की विजेता टीमों की प्रदेश स्तरीय नमो कबड्डी प्रतियोगिता 23 दिसंबर, शनिवार को देहरादून के परेड ग्राउंड स्थित बहुउद्देशीय क्रीड़ा भवन में की जाएगी।

पुंडीर ने किसान मोर्चा की तरफ से सभी जनमानस, खेल प्रेमी युवा वर्ग तथा मीडिया बंधुओ से निवेदन किया कि सभी अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस प्रतियोगिता को सफल बनाएं। साथ ही प्रधानमंत्री के स्वस्थ भारत स्वच्छ भारत, युवा भारत एवं समृद्धि भारत के स्वप्न को साकार करने में सहभागी बनने का आह्वान किया।

# भारतीय महिला टीम ने पहली पारी में की मजबूत शुरुआत




मुम्बई । पूजा वस्त्रकर चार विकेट और स्नेह राणा तीन विकेट की बदौलत भारतीय महिला टीम ने गुरुवार को वानखेड़े स्टेडियम में खेले जा रहे एकमात्र टेस्ट मैच की पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया को 219 रनों पर समेटने के बाद एक विकेट पर 98 रन बनाकर मजबूत शुरुआत की है।

आज दिन का खेल समाप्त होने से पहले भारतीय टीम शेफाली वर्मा 40 रन का विकेट खोकर 19 ओवरों में 98 रन बनाये लिये है। शेफाली को जेस जोनासन की गेंद पर पगबाधा आउट किया। भारतीय सलामी जोड़ी पहले विकेट के लिए 90 रनों की साझेदारी की। स्टंप्स के समय स्मृति मंधाना आठ चौकों के सहारे 43 और स्नेह राणा चार रन बनाकर क्रीज पर थीं। भारतीय टीम अभी पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया से 121 रन से पीछे है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही और पहले ही ओवर की छठी गेंद पर उनकी सलामी बल्लेबाज फ़ीबी लिचफ़ील्ड शून्य पर रनआउट होकर पवेलियन लौट गई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी एलिस पेरी चार रन अगले ही ओवर में वस्त्रकर का पहला शिकार बनी। बेथ मूनी ने तालिया मैक्ग्रा के साथ पारी को संभाला। 22वें ओवर में राणा ने मैक्ग्रा 50 रन को राजेश्वरी के हाथों कैच आउटकरा कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद 29वें ओवर में वस्त्रकर ने बेथ मूनी 40 को राणा के हाथों कैच आउट करा दिया। 46वें ओवर में कप्तान अलिसा हीली 38 रन को दीप्ति ने बोल्ड कर दिया। ऐनाबेल सदरलैंड 16रन, एश्ली गार्डनर 11रन, जेस जॉनासन 19 रन, अलाना किंग पांच रन, लॉरेन चीटल छह रन बनाये। किम गार्थ 28 रन पर नाबाद रही।

ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम पहली पारी में 77.4 ओवर में 219 रन पर सिमट गई। भारत की ओर से पूजा वस्त्रकर ने चार विकेट लिये। स्नेह राणा ने तीन बल्लेबाजों को आउट किया। दीप्ति शर्मा को दो विकेट मिले।

# डिफेंस रिसर्च बजट भारत को ग्लोबल लीडर बनाने लायक नहीं

## संसदीय कमेटी बोली- इसे दोगुना करने की जरूरत; चीन अरबों डॉलर खर्च कर रहा

भारत का डिफेंस रिसर्च बजट देश को ग्लोबल लीडर बनाने के लिए काफी नहीं है। इकोनॉमिक टाइम्स के मुताबिक भारत की संसदीय कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में यह बात कही है। इसमें कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर लीडर बनने के लिए आने वाले सालों में देश को रक्षा क्षेत्र में रिसर्च पर बजट दोगुना करने की जरूरत है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि रिसर्च के क्षेत्र में हमें बजट 5.38 प्रतिशत से बढ़ाकर 8-10 प्रतिशत के बीच ले जाना होगा। फिलहाल डिफेंस रिसर्च का जितना बजट है, वह सिर्फ देश को आत्मनिर्भर बनाने या उसकी रक्षा करने के लिए ही काफी है। इससे देश ग्लोबल लीडर नहीं बन सकता।

सेंटर फॉर एयर पावर स्टडीज के रिटायर्ड डायरेक्टर जनरल एयर मार्शल अनिल चोपड़ा ने कहा- चीन डिफेंस के क्षेत्र में रिसर्च पर अरबों डॉलर खर्च



कर रहा है। ऐसे में पीछे रहने का रिस्क नहीं ले सकते। डिफेंस प्रोडक्शन में ग्लोबल प्लेयर बनने के लिए हमें प्रतिस्पर्धा की भावना से काम करना होगा। हथियारों का लाइसेंस के साथ प्रोडक्शन करना काफी नहीं है।

### कमेटी बोली- 2010-11 में ज्यादा था बजट, बाद में कम किया गया

रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि 2010-11 में रक्षा में रिसर्च का बजट 6.59 प्रतिशत था। फिर 2014-15 में 6.6 प्रतिशत हो गया, लेकिन इसके बाद इसे लगातार घटाया जा रहा है। इसके अलावा पैनल ने डीआरडीओ में इस बजट के इस्तेमाल को लेकर भी चिंताएं जताई हैं। कमेटी ने कहा कि रिसर्च बजट का करीब 25 प्रतिशत हिस्सा यानी 1300 करोड़ रुपए प्राइवेट सेक्टर को दे दिए जाते हैं। इससे डीआरडीओ के प्रोजेक्ट्स के लिए कम पैसे बचते हैं। कमेटी ने इस बात पर जोर दिया कि देश में डिफेंस मैकेनिज्म को मजबूत और मॉडर्न बनाने के लिए सरकार को डीआरडीओ के प्रोजेक्ट्स और आउटसोर्सिंग प्रोजेक्ट्स के लिए जरूरी फंड उपलब्ध कराने की जरूरत है। इससे डीआरडीओ ऐसे प्रोजेक्ट्स पर काम कर सकेगा जो अनोखे और दुनिया में अब तक न हुए हों। इसके बाद ही देश आगे चलकर हथियारों और गोला-बारूद का एक्सपोर्टर बनकर उभर सकेगा। कमेटी ने कहा कि बजट को बढ़ाने का लक्ष्य भारत को नई तकनीक वाले हथियार और डिफेंस सिस्टम के क्षेत्र में ग्लोबल पावर बनाना है। डीआरडीओ इस वक्त करीब 328 प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहा है, जो करीब 99.90 हजार करोड़ रुपए के हैं।

### भारत मिलिट्री पर खर्च करने वाला तीसरा सबसे बड़ा देश

अमेरिका और चीन के बाद भारत मिलिट्री पर खर्च करने वाला दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन की रिपोर्ट के मुताबिक भारत ने 2022 में अपनी सेना पर 76.6 बिलियन डॉलर यानी 6 लाख करोड़ रुपए खर्च किए हैं। जो 2020 के मुकाबले 0.9 प्रतिशत और 2012 के मुकाबले 33 प्रतिशत ज्यादा है।

### पोलैंड सरकार ने सार्वजनिक मीडिया प्रमुखों को बर्खास्त किया

वारसॉ। पोलैंड के संस्कृति मंत्री ने तीन सरकारी मीडिया संस्थानों के प्रमुखों को बर्खास्त कर दिया है। देश के संसदीय चुनावों के बाद लॉ एंड जस्टिस पार्टी (पीआईएस) के डोनाल्ड टस्क के नेतृत्व वाली नयी सरकार ने सत्ता संभालने के एक सप्ताह बाद बर्खास्तगी का यह कदम उठाया। संस्कृति मंत्रालय की ओर से जारी बयान में मंगलवार को पारित संसदीय प्रस्ताव के साथ इस कदम को उचित ठहराया, जिसमें सरकार से सार्वजनिक मीडिया की निष्पक्षता और विश्वसनीयता को बहाल करने का आह्वान किया गया था। मंत्रालय ने कहा कि पोलिश टेलीविजन (टीवीपी), पोलिश रेडियो और पोलिश प्रेस एजेंसी (पीएपी) के लिए नए निदेशक मंडल भी मंत्री बार्टलोमीज सिएनकिविज़ द्वारा नियुक्त किए गए हैं। पीएपी ने कहा कि पीआईएस के कई सांसदों ने एजेंसी के अध्यक्ष और पर्यवेक्षी बोर्ड की बर्खास्तगी पर अपना गुस्सा व्यक्त करने के लिए पीएपी कार्यालयों पर विरोध प्रदर्शन किया है। ऑनलाइन तस्वीरों से यह भी पता चलता है कि पुलिस के अलावा, पार्टी नेता जारोस्लाव काजिंस्की और पूर्व प्रधानमंत्री माट्यूस्ज़ मोराविएकी सहित वरिष्ठ पीआईएस नेताओं का एक समूह बुधवार दोपहर टीवीपी के मुख्यालय पहुंचा।

### ईरान ने तेहरान विरोधी आरोपों को लेकर जर्मनी के राजदूत को तलब किया

तेहरान। ईरान के विदेश मंत्रालय ने जर्मन अदालत में तेहरान के खिलाफ लगाए गए निराधार आरोप पर बुधवार को तेहरान में जर्मन राजदूत हंस-उडो मुज़ेल को तलब किया। यह जानकारी सिन्हुआ ने गुरुवार को दी। ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि मंत्रालय पश्चिमी यूरोप विभाग के प्रमुख माजिद निली अहमदाबादी ने जर्मनी में एक यहूदी उपासनागृह पर आगजनी की कथित साजिश को लेकर बर्लिन में ईरानी प्रभारी को तलब किए जाने का भी विरोध किया। बैठक के दौरान, जर्मन दूत को याद दिलाया गया कि ईरान का सह-अस्तित्व के सिद्धांत को बढ़ावा देने में एक बहुत ही शानदार ट्रैक रिकॉर्ड है, क्योंकि इस्लाम और ईरानी संस्कृति में अब्राहमिक धर्मों का सम्मान करने का एक मूल्यवान दर्जा है। श्री मुजेल ने कहा कि वह ईरान के विरोध को जल्द से जल्द बर्लिन तक पहुंचाएंगे। मंगलवार को एक बयान में, जर्मन विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसने कथित आगजनी की साजिश को लेकर ईरानी प्रभारी को तलब किया था। इससे पहले दिन में, डसेलडोर्फ उच्च क्षेत्रीय अदालत ने नवंबर 2022 में पश्चिमी शहर बोचम में आराधना स्थल पर हमले की साजिश रचने के लिए एक जर्मन-ईरानी नागरिक को दोषी ठहराया, और उसे 33 महीने की जेल की सजा सुनाई, यह दावा करते हुए कि साजिश ईरानी एजेंसियों से जुड़ी हुई थी।

### बंगलादेश में दो रोहिंग्या युवकों की हत्या

ढाका। बंगलादेश के कॉक्स बाजार के उखिया उपजिला में गुरुवार तड़के दो अलग-अलग शिविरों में दो रोहिंग्या युवकों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। सूत्रों के अनुसार शरणार्थी शिविर में एक रोहिंग्या युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पीड़ित अब्दुल्ला (23) को आज तड़के करीब पांच बजे हथियारबंद लोगों के एक छोटे समूह ने बुलाया। जिसके बाद उन्होंने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी और इलाके से भाग गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद किया। पुलिस की प्राथमिक जांच में सामने आया कि हत्या के पीछे डेरे में वर्चस्व कायम करना वजह है। उखिया पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी (ओसी) मोहम्मद शमीम हुसैन ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए कॉक्स बाजार सदर अस्पताल भेज दिया गया है। ओसी ने कहा कि शिविर में अतिरिक्त बल को तैनात किया गया है और उनकी टीम घटना के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने का प्रयास कर रही है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार एक अन्य रोहिंग्या व्यक्ति नादिर हुसैन (39) की भी उसी उपजिला के एक अन्य शिविर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। नादिर रोहिंग्या समुदाय के नेता थे, जिन्हें बोलचाल की भाषा में माझी कहा जाता था।

# चीन की फिलीपींस को धमकी

## कहा- हिफाजत के लिए बाहरी ताकतों पर भरोसा न करें, हालात बिगड़े तो बीजिंग एक्शन जरूर लेगा

**बीजिंग/मनीला।** साउथ चाइना सी यानी दक्षिण चीन सागर में चीन और फिलीपींस का टकराव बढ़ गया है। 'साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट' की रिपोर्ट के मुताबिक- चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने फिलीपींस के विदेश मंत्री एनरिक मेनेलो से गुरुवार को फोन पर तल्ख लहजे में वॉर्निंग दी।

यी ने एनरिक से कहा कि फिलीपींस को साउथ चाइना सी में अपनी सिक्योरिटी के लिए किसी बाहरी देश (अमेरिका का नाम लिए बगैर) के भरोसे नहीं रहना चाहता, क्योंकि इससे हालात सुधरने के बजाए ज्यादा खराब हो जाएंगे।

हालिया महीनों में इस क्षेत्र में चीन और फिलीपींस के बीच आठ बार सीधा



टकराव हुआ। फिलीपींस और अमेरिका के बीच सिक्योरिटी पैक्ट है, इसलिए चीन ज्यादा नाराज है।

### समझदारी से काम ले फिलीपींस

रिपोर्ट के मुताबिक- यी ने एनरिक से कहा कि दक्षिण चीन सागर हकीकत में चीन का हिस्सा है और इसलिए फिलीपींस को यहां सतर्कता और समझदारी से काम लेना चाहिए। फिलीपींस के पास वक्त है कि वो सही रास्ते पर लौटे, क्योंकि दोनों देशों के रिश्ते दोराहे पर पहुंच चुके हैं। अब मनीला को फैसला करना है कि वो किस रास्ते पर चलना चाहता है।

चीन के विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया- हमारे फॉरेन मिनिस्टर ने एनरिक को बता दिया है कि फिलीपींस बाहरी ताकतों के भरोसे न रहे, क्योंकि उनके इरादे गलत हैं और इससे हालात ज्यादा खराब हो जाएंगे। चीन को अपनी हिफाजत का पूरा हक है और अगर हालात बिगड़ते हैं तो वो इस बारे में कोई भी एक्शन लेने से पीछे नहीं हटेगा।

### पूर्वी इंडोनेशिया में 28 लोगों से भरी नाव लापता

जकार्ता। पूर्वी इंडोनेशियाई प्रांत पश्चिम सुलावेसी में मामुजू रीजेंसी के तट पर 28 लोगों से भरी एक नाव बुधवार से लापता हो गयी है। बचाव दल नाव की तलाश कर रहे हैं। एक अधिकारी ने गुरुवार को स्थानीय मीडिया को यह जानकारी दी मामुजू तलाश एवं बचाव (एसएआर) के प्रमुख मुहम्मद रिज़ल ने कहा कि शादी के 28 मेहमानों को ले जा रही एक नाव का अंबो द्वीप के पानी में संपर्क टूट गया। कार्यालय को बुधवार शाम एक स्थानीय व्यक्ति से घटना की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि नाव स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 10 बजे अंबो द्वीप से रवाना हुई और शाम चार बजे मामुजू में सुमारे तट के अपने गंतव्य पर पहुंचने की उम्मीद थी।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# नंदी की झूठी चिंता करना छोड़ दें अखिलेश यादव : स्वाती सिंह

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री स्वाती सिंह ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की राजनीति की सुई नंदी पर आकर अटक गई है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने गोसंरक्षण केन्द्रों की स्थापना की है। स्विट्जरलैंड की तर्ज पर लखनऊ में आधुनिक गोशाला बनाने जा रही है। सपा नेता नदीं की झूठी चिंता करना छोड़ दें।



दरअसल, अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को एक्स पर नंदी की फोटो पोस्ट कर लिखा, क्या 1 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने का यही एक रास्ता बचा है। इसका जवाब देते हुए स्वाती सिंह ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने अपने शासनकाल में गोहत्या को खुली छूट दे रखी थी। जबकि उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ ने नेतृत्व में भाजपा सरकार आते ही अवैध बूचड़खाने और मांस की दुकानें तत्काल बंद कराई गईं। स्वाती सिंह ने कहा कि अखिलेश यादव नंदी और गायों के लिए नहीं बल्कि बंद बूचड़खानों के लिए चिंतित है।

पूर्व मंत्री स्वाती सिंह ने कहा कि निराश्रित गोवंश के लिए योगी सरकार राज्य में विशेष अभियान भी चला रही है। सरकार ने निराश्रित गोवंश के लिए गोसंरक्षण केन्द्रों की स्थापना के साथ उनके भरण—पोषण के लिए पर्याप्त इंतजाम किए हैं। इसके साथ ही गोसंरक्षण केन्द्रों पर नंदी के लिए अलग शेड की व्यवस्था की जा रही है। ऐसे में अखिलेश यादव को नंदी की झूठी चिंता करने की जरूरत नहीं है।

स्वाती सिंह ने कहा कि योगी सरकार स्विट्जरलैंड की तर्ज पर लखनऊ में आधुनिक और भव्य गोशाला बनाने जा रही है।

प्रदेश सरकार की गो पर्यटन नीति के तहत 10 हेक्टेयर जमीन पर इसका विकास किया जाएगा। गौशाला को गौ तीर्थाटन केन्द्र के रुप में विकसित किया जाएगा।

# यूपी में अस्पताल अराजकता के शिकार : अखिलेश यादव

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं पर एक बार फिर निशाना साधते हुये समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में लखनऊ के बड़े अस्पतालों से लेकर जिले तक के अस्पताल अराजकता के शिकार है।

यादव ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि प्रदेश में कहीं मरीजों को इलाज नहीं मिल रहा है तो कहीं पर्याप्त सुविधाएं नहीं है। भाजपा सरकार ने अपने पूरे कार्यकाल में अभी तक एक भी जिला स्तर के अस्पताल का निर्माण नहीं कराया है जहां गरीबों का मुफ्त इलाज हो सके। भाजपा सरकार ने विद्वेष की भावना के चलते समाजवादी सरकार में बनाएं गए अस्पतालों और ट्रामा सेंटरों की उपेक्षा की। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर मुख्यमंत्री झूठे और हवाई दावे करते है। सरकार जनता को गुमराह करना बंद करें।

उन्होने कहा कि भाजपा सरकार में मरीजों को 108 एम्बुलेंस सेवा भी नहीं मिल पा रही है। पूरी व्यवस्था भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गयी है। समाजवादी सरकार में 108 और 102 मुफ्त एम्बुलेंस सेवा शुरू की गयी थी लेकिन भाजपा सरकार मरीजों को एम्बुलेंस तक उपलब्ध नहीं करा पा रही है। अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में पर्याप्त संख्या में डॉक्टर, प्रोफेसर और अन्य संसाधन नहीं है। सरकार मेडिकल संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों को वेतन नहीं दे पा रही है। जिसके चलते आये दिन धरना प्रदर्शन और हड़ताल की स्थिति बन गयी है।

## शार्ट न्यूज


### भीषणसर्दी में उद्यमी गरीबों की मिटा रहे हैं ठंड ,बांट रहे जरूरतमंदो को कंबल व गर्म कपड़े




वाराणसी। (पीएमए) मौसम का लुढ़का पारा आम जनजीवन को अस्त व्यस्त कर रखा है,इसी बीच बुधवार को रामनगर औद्योगिक क्षेत्र के फेज 2 के जफरपुर ग्राम के प्रधान ब्रिजविलास जी तथा रामनगर औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमीयो ने गरीब व असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। यहां 100 से अधिक कंबलों का वितरण उद्यमियों ने किया है। यह काम शहर से लेकर गांवों तक चल रहा है,रामनगर औद्योगिक क्षेत्र के अध्यक्ष दयाशंकर मिश्र ने बताया कि कंबल वितरण का काम लगातार क्षेत्रो मे जाकर जरूरतमंदों को कंबल उद्यमियों द्वारा बाटे जाएंगे, आज गुरुवार को भी क्षेत्र के पटनवा गांव में समय 2 बजे कब करीब कंबल वितरण किया गया ।इस दौरान संस्था के पदाधिकारियों में श्री राकेश जायसवाल,श्री सुरेश पटेल,श्री शिवकुमार श्रीवास्तव, अतर सिंहजी,श्याम सर्राफजी,श्याम गुप्ता जी,प्रदीप जायसवाल जी सहित अन्य उद्यमी उपस्थित रहे।

### अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा,ड्राइवर व ट्रक पुलिस के हिरासत में

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**



रेहराबजार/बलरामपुर। तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार को रौदा मौके पर मौत,बाइक सवार की लाश ट्रक के नीचे फंस गया था ट्रक को जीसीबी मशीन से उठाकर ग्रामीणो की मदद से पुलिस ने कडी मशक्कत कर लाश को बाहर निकाला। मृतक के पिता रामरूप निवासी ग्राम जुवारा थाना रेहराबाजार ने बताया कि मेरा 30 बर्षीय पुत्र मृतक बिजय कुमार दतौली बाजार अपने मामा के यहाँ से वापस लौटकर करीब 2~30 बजे घर वापस आ रहा था। रेहरा बाजार मनकापुर मार्ग पर इटवा प्राइमरी स्कूल के पास घर जाने वाले रोड पर मुड रहा था अचानक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार मृतक को रौद दिया। बाइक व मृतक ट्रक के नीचे घसीटते हुए कुछ दूर चले गये। और ट्रक स्कूल बोर्ड से टकराकर रूका लाश ट्रक के नीचे फस गया जिसे ग्रामीण व पुलिस ने जेसीबी से कडी मशक्कत कर बाहर निकाला शरीर काफी छति ग्रस्त हो गया। मृतक हेलमेट लगा रखा था। मृतक बिजय कुमार पाँच भाईयो में दूसरे नं पर था। मृतक के तीन बच्चे है। प्रभारी निरीक्षक रेहराबाजार ओपी सिंह चौहान ने बताया कि लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। और अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। ट्रक सहित चालक को हिरासत मे ले लिया गया है।

### जिला जज को दी गई भावभीनी विदाई



सोनभद्र। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के सभागार में वृहस्पतिवार को जनपद न्यायाधीश अशोक कुमार यादव को भावभीनी विदाई दी गई। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामचंद्र सिंह एड ने अधिवक्ताओं की ओर से उन्हें अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ एवम् महामंत्री विमल प्रसाद सिंह एडवोकेट ने स्मृति चिन्ह प्रतीक स्वरूप भेंट किया। वरिष्ठ अधिवक्ता जगजीवन सिंह, राजेश सिंह एडवोकेट, सत्य प्रकाश कुशवाहा एडवोकेट, अतुल प्रताप पटेल एडवोकेट, राजेश यादव एडवोकेट, महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट, संतोष श्रीवास्तव एडवोकेट, हीरालाल पटेल एडवोकेट, राज बहादुर सिंह एडवोकेट, पवन कुमार सिंह एडवोकेट आदि लोगों ने जिला जज अशोक कुमार यादव का माल्यार्पण कर स्वागत किया। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष रामचंद्र सिंह एडवोकेट ने विदाई समारोह में कहा कि जिला जज साहब ने न्याय की भावना से जनता को न्याय दिलाने का भरपूर प्रयास किया, तथा अपना धर्म और कर्म दोनों को पूरी ईमानदारी के साथ निभाया।

### लोकायुक्त शिकायत मामले में मंत्री दिनेश खटीक को पत्र भेज अनुरोध

लखनऊ (पीएमए)। आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने यूपी के जल शक्ति राज्य मंत्री दिनेश खटीक को पत्र भेजकर लोकायुक्त शिकायत के गलत होने के संबंध में तथ्य प्रस्तुत करने का अनुरोध किया है. विगत दिनों अमिताभ ठाकुर ने लोकायुक्त के समक्ष शिकायत कर मंत्री पर पद के दुरुपयोग से संबंधित कतिपय आरोप लगाए. इसके क्रम में दिनेश खटीक ने कहा कि उक्त आरोप मनगढ़ंत, झूठे और आधारहीन हैं, जिनकी जांच पूर्व में हो चुकी है. आरोप लगाने वाले उनके विरोधियों और भ्रष्टाचारियों के हाथों में खेल रहे हैं, जिनके खिलाफ वे मानहानि का दावा करेंगे. इस संबंध में अमिताभ ठाकुर ने दिनेश खटीक से अनुरोध किया है कि उनका उद्देश्य मंत्री को किसी भी प्रकार से बदनाम या परेशान करना नहीं है, बल्कि उनका एकमात्र उद्देश्य सत्यता को सामने लाना है. अत: यदि इस प्रकरण में पूर्व में जांच हो चुकी है और मामला असत्य पाया गया है तो वे बेहिचक सार्वजनिक रूप से क्षमा याचना करते हुए लोकायुक्त शिकायत तत्काल वापस ले लेंगे. अत: उन्होंने मंत्री दिनेश खटीक को अविलंब उन तथ्यों को प्रेषित करने का अनुरोध किया है, जो यह स्थापित करते हैं कि प्रकरण में पूर्व में जांच हो चुकी है और मामला झूठा पाया गया है।

### जिलाधिकारी ने गो- संरक्षण केंद्र पिपनार का किया स्थलीय निरीक्षण, दिए दिशा-निर्देश

गाजीपुर। (पीएमए) जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने विकास खण्ड सादात अन्तर्गत वृहद्व गो-संरक्षण केन्द्र पिपनार का स्थलयी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 380 गोवंश पाये गये उन्होने साफ- सफाई, उपस्थित पशुओ की संख्या, चारा, पानी एवं उनके बीमारियों के सम्बन्ध मे जानकारी ली, साथ ही पशुओ को ठण्ढ से बचाने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्था करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने गायों को गुड़ खिलाया। मौके पर पशुओ के लिए पर्याप्त मात्रा में भूसा, चोकर एवं शुद्ध पेयजल की उपलब्धता पायी गयी। उन्होने भूमि चिन्हीत कर पशुओ के लिए हरे चारे की बुवाई किये जाने का निर्देश दिया। रात्रि में अलाव जलाने की व्यवस्था की गयी है तथा ठंड से बचाव हेतु शेड को चारो ओर तिरपाल से घेरा गया है। जिलाधिकारी ने गोवंशों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराते हुए समय समय पर संक्रामक बीमारीयों से बचाव हेतु टीकाकरण कराये जाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने पशुओ की मृत्यु हो जाने पर सही जगह पर दफनाये जाने तथा रात्रि मे गो संरक्षण केन्द्र पर एक व्यक्ति के रहने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। मौके पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, क्षेत्रीय मुख्य चिकित्साधिकारी, एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहें। निरीक्षण के दौरान सभी अभिलेख का अवलोकन किया गया जो ठीक मिले।

# टोरेंट गैस द्वारा लेवल 3 मानक ड्रील का किया गया आयोजन

आजमगढ़। (पीएमए) पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड विनियमन लेबल 3 मोंक ड्रील के अनुसार वर्ष में एक बार मोंक ड्रील किया जाना आवश्यक है। तद्नुसार दिनांक 20 दिसम्बर 2023 को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के चैनेज संख्या 230 पर स्थित सीएनजी स्टेशन पर आपसी सहयोग और जिला प्रशासन के समन्वय से टोरेंट गैस द्वारा लेवल 3 मोंक ड्रील का आयोजन किया गया। ड्रील शुरू करने के दौरान एसएस ट्यूबिंग से रिसाव देखा गया।

ट्यूबिंग को सुधारते समय बड़ा रिसाव हुआ और कसने के दौरान चिंगारी उत्पन्न हुई जिससे एलसीवी में भीषण आग लग गई भीषण आग के कारण नियंत्रण जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण आजमगढ़ से आपदा विशेषज्ञ डा0 चन्दन कुमार को सौंप दिया गया, डा0 चन्दन कुमार ने तुरन्त मदद के लिए अग्निशमन विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग को बुलाया। फायर ब्रिगेड तुरंत घाटना स्थल पर पहुंची और गेल फायर टेंडर और आईओएजीपीएल टीम की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना के दौरान एक व्यक्ति घायल हो गया जिसे तुरंत एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल ले जाया गया।

मोंक ड्रील कार्यक्रम के आयोजन में अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0) श्री आजाद भगत सिंह जीए अग्निशमन अधिकारी नीरज कुमार जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण से डा0 चन्दन कुमार जीए इंडियन ऑयल अडानी गैस एवं गेल इंडिया लिमिटेड के अधिकारी उपस्थित रहें।

टोरेंट गैस के प्रभारी श्री फतेह सिंह ने सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। टोरेंट गैस आजमगढ़ मंडल में गैस पाइपलाइन और सीएनजी स्टेशन की स्थापना हेतु कार्यरत है। वर्तमान में टोरेंट गैस ने 26 सीएनजी स्टेशन एवं 5000 से अधिक घरों की गैस आपूर्ति शुरू कर दी है और लगभग 5000 घरों का कार्य प्रगति पर है। आपातकालीन स्थितियों के दौरान कर्मचारियों की प्रतिक्रिया का अभ्यास करने के लिए मोंक ड्रील का आयोजन किया गया।

## 23 दिसंबर को ऑफीसर्स क्लब में किसान मेला/ गोष्ठी/ प्रदर्शनी का होगा आयोजन

बलिया। (पीएमए) मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज ने बताया है कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 चौधरी चरण सिंह जी के जन्म दिवस के अवसर पर 23 दिसंबर को पूर्वान्ह 11 बजे किसान सम्मान दिवस समारोह का आयोजन ऑफीसर्स क्लब में किया जा रहा है। साथ ही जनपद में कृषि एवं सहयोगी विभागों के कृषकों के द्वारा परंपरागत खेती में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले ऐसे किसानों को सम्मानित किया जाएगा। कृषि एवं संबद्ध विभाग यथा उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग, दुग्ध विभाग एवं गन्ना विभाग किसान सम्मान दिवस कार्यक्रम एवं विकास गोष्टी/मेला में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कराई जाए। सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) योजनातर्गत जनपद स्तरीय किसान मेला/गोष्ठी/प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।

# वसंता कॉलेज राजघाट की छात्राओं ने सीबीसी प्रदर्शनी को ज्ञानवर्धक बताया

## प्रश्नोत्तरी प्रतिस्पर्धा में पुरस्कृत हुए दस विजेता

वाराणसी । गंगा के पतित पावन तट नमो घाट पर आयोजित काशी तमिल संगमम स्थल पर लगाई गयी चित्र प्रदर्शनी सूचना प्रसारण केंद्रीय कार्यालय लखनऊ के तत्वावधान में वाराणसी की ओर से। इसमें बंगाली टोला इण्टरकॉलेज व अन्य दर्शकों के मध्य केंद्रीय संचार ब्यूरो वाराणसी द्वारा आयोजित हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता। प्रधानमंत्री के मंत्र न्यूनतम सरकार अधितम शासन , ई - संजीवनी काशी एवं तमिलनाडु की सांस्कृतिक, धार्मिक विरासत, काशी और तमिलनाडु के भारत रत्न से सम्मानित व्यक्तित्व , विकसित भारत संकल्प यात्रा तथा स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े सवाल पूछे गये। सही उत्तर बताने वाले दस प्रतिभागी कमश: आकाश यादव, राहुल राज, अर्श पाण्डेय, राम निवास, अब्दुल मुत्तासिर, अर्थ पटवा, रंजीत पासवान, आदित्य सिंह, हितेश पटवा और आदर्श मौर्य रहे जिन्हे केंद्रीय संचार ब्यूरो वाराणसी की ओर से पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।





कार्यक्रम प्रतिस्पर्धा की कड़ी में वसंता कालेज फॉर ओमेन, राजघाट की छात्रा आँचल प्रजापति, सेजल सैनी, खुशी सोनी ने प्रदर्शनी को देखने के बाद अपनी प्रतिक्रिया में प्रदर्शनी को ज्ञानवर्धक, सूचनाप्रद और प्रेरणादायक बताया। प्रश्नोत्तरी का संचालन क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी वाराणसी, डॉ लालजी ने करते हुए विद्यार्थियों विकसित भारत संकल्प यात्रा के बारे में विशद परिचर्चा की।

इस अवसर पर विनीत, श्यामदेव प्रसाद अशोक कुमार विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

# प्रत्याशियों के भाग्य मतपेटिका में कैद, 22 को खुलेगा पिटारा

## 908 में से कुल 821 मत पड़े ,15 टेंडर मत को लेकर कुल 836 मतों की होगी गणना

**सोनभद्र।** सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद्र के निर्वाचन सत्र 2023924 के लिए वृहस्पतिवार को कुल 908 मतों में से कुल 821 मत पड़े, जबकि 15 टेंडर मत पड़े हैं , जिसकी वजह से कुल 836 मतों की गणना 22 दिसंबर को सुबह 11 बजे से होगी।




मुख्य चुनाव अधिकारी शशि कुमार मिश्र एडवोकेट ने बताया कि चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए 15 वकीलों को सहायक चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। सिर्फ चार पदों अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष पद के लिए 14 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं। सुबह 11 बजे से मतदान शुरू हुआ। पहला मतदान एल्डर कमेटी चेयरमैन कृपा नारायण मिश्र एडवोकेट ने किया। इसके पहले मां सरस्वती की प्रतिमा और डाक्टर राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच 166 मत डाला गया।

उसके बाद दोपहर 12 बजे से एक बजे के बीच कुल 234 मत डाले गए जो कुल 400 मत डाल दिए गए। दोपहर एक बजे से डेढ़ बजे के बीच महज 17 मत डाले गए, जो कुल लंच तक 417 मत डाले गए। लंच बाद दोपहर 2 बजे से तीन बजे के बीच 208 मत डाले गए , कुल 625 मत डाल दिए गए। शाम तीन बजे से चार बजे के बीच कुल 155 मत डाले गए, जो 795 मत डाल दिए गए। शाम चार बजे से साढ़े चार बजे के बीच कुल 26 मत डाले गए।

इस प्रकार से कुल 821 मत डाले गए। चूंकि 15 टेंडर मत डाले गए थे इसलिए कुल मतों की संख्या 836 हो गई है। जिसकी गणना 22 दिसंबर को सुबह 11 बजे से होगी और विजयी पदाधिकारियों की घोषणा की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि अबकी बार चार पदों अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष पद के लिए कुल 14 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं।

जिसमें अध्यक्ष पद के लिए सर्वाधिक 6 प्रत्याशी विनय कुमार सिंह,धर्मेंद्र कुमार त्रिपाठी, पूनम सिंह, ओम प्रकाश राय, रमेश देव पांडेय व अरुण कुमार मिश्रा शामिल हैं । वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी शारदा प्रसाद मौर्या एवं लालता प्रसाद पाण्डेय, महामंत्री पद के लिए तीन प्रत्याशी अरुण कुमार सिंघल, राजीव कुमार सिंह गौतम व अखिलेश कुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशियों अनिल कुमार पाण्डेय , उमेश कुमार शुक्ल व राजकुमार सिंह शामिल हैं।

## भेड़ पालन योजना के अंतर्गत आवेदन करने की अंतिम तिथि 6 जनवरी 2024

**बलिया** । (पीएमए) पशुपालन विभाग द्वारा संचालित जनपद में भेड़ पालन योजना के अंतर्गत पांच लाभार्थियों का चयन किया जाना है। इस योजना में प्रत्येक लाभार्थी को 20 मादा भेड़ व एक नर भेड़ा उपलब्ध कराया जाएगा। इसमें एक लाख सत्तर हजार रुपए अनुदान दिया जाएगा राज्य का हिस्सा 153 000 और 17000 स्वयं लाभार्थी का होगा। योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के नस्लों की भेड़ों की केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मखदूम मथुरा उत्तर प्रदेश द्वारा प्रमाणित ब्रीडर फॉर्म से खरीदारी की जाएगी। लाभार्थी जनपद का स्थाई निवासी हो तथा 18 वर्ष अथवा उससे अधिक का लघु सीमांत अथवा भूमिहीन कृषक होना चाहिए, भेड़ पालक के पास भेड़ों को रखने का पर्याप्त स्थान होना आवश्यक है, परंपरागत भेड़ पालकों एवं भेड़ पालन हेतु प्रशिक्षण प्राप्त आवेदकों को प्राथमिकता के आधार पर चयन किया जाएगा। आवेदन के साथ आधार कार्ड अथवा स्थाई निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक की छाया प्रति भेड़ पालन से संबंधित प्रशिक्षण प्रमाण पत्र तथा शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, योजना के अंतर्गत न्यूनतम 3 वर्ष तक के भेड़ पालन करने हेतु शपथ पत्र। भेड़ पालन हेतु आवेदन पत्र मुख्य पशु चिकित्सा कार्यालय विकास भवन बलिया में तथा संबंधित विकासखंड स्तरीय पशु चिकित्सालय से प्राप्त कर 6 जनवरी 2024 तक जमा किया जाएगा आवेदन पत्र एवं विशेष जानकारी हेतु मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी और विकासखंड के उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

# जिलाधिकारी ने रसोई में बन रहे भोजन की गुणवत्ता की जांच की

आजमगढ़ ।(पीएमए) जिलाधिकारी ने आज अपने भ्रमण दिवस के दौरान उच्च प्राथमिक विद्यालय हरिहरपुर, (कक्षा 1-8 कम्पोजिट) शिक्षा क्षेत्र पल्हनी आजमगढ़ का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने छात्रों से पढ़ाई-लिखाई एवं मिड-डे-मील की संबंध में जानकारी प्राप्त किया। उन्होंने छात्रों से प्रत्येक दिन विद्यालय आने एवं पढ़ाई पर ध्यान देने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने अध्यापक उपस्थिति रजिस्टर को भी चेक किया। जिलाधिकारी ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय पल्हनी जाफरपुर में विद्यालय के रसोई में बन रहे भोजन की गुणवत्ता की जांच किया एवं निर्धारित मीनू के अनुसार छात्रों को मिड डे मील देने के निर्देश दिए। उन्होने विद्यालय की साफ सफाई एवं पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने खंड विकास अधिकारी को खेल के मैदान का सुंदरीकरण कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में 410 छात्रों में से 278 बच्चे उपस्थित पाए गए। जिलाधिकारी ने बच्चों को अधिक से अधिक विद्यालय में आने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने इसके पश्चात ग्राम सचिवालय, ग्राम पंचायत हरिहरपुर विकासखंड पल्हनी का निरीक्षण किया। उन्होंने पंचायत सहायक कंप्यूटर कक्ष का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होने उपस्थित कर्मचारी से आय, जाति, निवास आदि बनाये जाने के सम्बन्ध में जानकारी लिया।

जिलाधिकारी ने इसके पश्चात मंडलीय चिकित्सालय आजमगढ़ का निरीक्षण किया। उन्होंने इमरजेंसी वार्ड में ऑक्सीजन सप्लाई का निरीक्षण किया। उन्होंने वार्ड की खिड़कियों की मरम्मत एवं जाली लगाने का निर्देश दिया।

उन्होंने मरीजों से उनके इलाज, दवा एवं खाने आदि की जानकारी प्राप्त किया। उन्होंने मरीजों के बीएचटी फाइल का भी निरीक्षण किया। इसी के साथ ही जिलाधिकारी ने मेडिसिन स्टोर, इमरजेंसी के मेडिसिन ट्रैक, फिजिशियन कक्ष, वार्ड, माइक्रोस्कोपिक सेन्टर एवं रिपोर्टिंग कक्ष, आयुष्मान भारत कक्ष एवं रजिस्ट्रेशन कैश काउंटर आदि का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।

## राज्य मंत्री ने कचहरी में जन सुविधा केंद्र निर्माण कार्य का शिलान्यास किया

वाराणसी। (पीएमए) उत्तर प्रदेश के स्टांप एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवीन्द्र जायसवाल ने विधायक निधि योजना अंतर्गत वर्ष (2023-24) से कचहरी परिसर में 23.42 लाख की लागत से गुरुवार को जन सुविधा हेतु टीन सेड का मरम्मत व निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि जन सुविधा केंद्र बन जाने से कचहरी आने वाले लोगो को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने कार्रवाई संस्था ग्रामीण अभियंत्रण को निर्देशित करते हुए कहा कि जन सुविधा केंद्र का कार्य शीघ्र युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर पूरा कराये। इस अवसर पर सेंट्रल बार के अध्यक्ष अधिवक्ता प्रभुनारायण पांडेय, सेंट्रल बार के महामंत्री अधिवक्ता शशिकांत दूबे, नव निर्वाचित अध्यक्ष अधिवक्ता मुरलीधर सिंह, महामंत्री अधिवक्ता सुरेंद्र पांडेय,अरविंद सिंह मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह, रतन कुमार मौर्या, पार्षद संजय जायसवाल संदीप रघुवंशी, राजेंद्र मौर्या, पूर्व पार्षद रोहित मार्या, दिनेश यादव, अरविंद जायसवाल, जितेंद्र मिश्रा, पदाधिकारीगण, वरिष्ठ नागरिक व सम्मानित व्यक्ति उपस्थित रहे।

# कमिश्नर की अध्यक्षता में मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

## अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

वाराणसी ।(पीएमए) कमिश्नर कौशल राज शर्मा की अध्यक्षता में मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक गुरुवार को मंडलीय सभागार मे हुई। संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कमिश्नर ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए चिन्हित समस्त ब्लैक स्पॉटों पर आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही अविलंब सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र/स्थलों पर पर्याप्त साईनेजेज, होर्डिंग्स, रिफ्लेक्टर आदि लगाने की कार्यवाही तत्काल कराए जाने के निर्देश दिए।

कमिश्नर ने पीडब्लूडी एवं एनएचआई के अधिकारियों को सख्त रूप से निर्देश देते हुए कहा कि ठंड के मौसम में कोहरे की दृष्टिगत सड़कों पर रिफ्लेक्टर लगाए जाने की कार्यवाही अगले तीन दिवस में प्रत्येक दशा में कर लिया जाए। इसके पश्चात आरटीओ जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे कि उक्त कार्य कर लिया गया है या नहीं। उन्होंने अभी तक रिफ्लेक्टर आदि लगाने की कार्यवाही नहीं किए जाने पर नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने सड़क दुर्घटनाओं को रोके जाने हेतु बिना हेलमेट, सीट बेल्ट, गलत दिशा में वाहन चलाने, नशे की हालत में वाहन चलाने, ओवर स्पीडिंग आदि पर प्रवर्तन की प्रभावी कार्यवाही, ओवरलोडिंग बंद करने, जुर्माना वसूलने, चालान आदि की कार्यवाही सख्ती से किए जाने के निर्देश दिए। आयुक्त ने रोडवेज तथा सिटी बसों में रिफ्लेक्टर लगाने एवं फाग लाइट अविलंब लगाए जाने हेतु निर्देशित किया, साथ ही शत प्रतिशत ऑटो एवं टोटो पर भी रिफ्लेक्टर लगाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने शत-प्रतिशत स्कूली वाहनों में सुरक्षा मानकों के अनुसार प्रबंध सुनिश्चित किए जाने एवं फिटनेस की जांच किए जाने हेतु आरटीओ को निर्देशित किया। कहा कि सुरक्षा मानक पूरा नहीं करने वाले स्कूली वाहनों का संचालन बंद कराएं। उन्होंने शासन की गाइडलाइन के अनुसार वाहनों से प्रेशरहॉर्न एवं साइलेंसर हटाए जाने की कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। आयुक्त ने डाफी टोल प्लाजा एवं चंधासी कोयला मंडी से रामनगर तक लगने वाले जाम से निजात हेतु पुलिस, यातायात, परिवहन विभाग के अधिकारियों की टीम बनाकर प्रभावी समाधान कराए जाने के निर्देश दिए साथ ही अभियान चलाकर ओवरलोड ट्रकों/वाहनों, अवैध वाहनों के खिलाफ कार्यवाई किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में हिमांशु नागपाल मुख्य विकास अधिकारी, भीमसेन सिंह उप परिवहन आयुक्त , राजेश पाण्डेय अपर पुलिस उपायुक्त , अनिल सिंह सम्भागीय परिवहन अधिकारी , शिखर ओझा सम्भागीय परिवहन अधिकारी एवं विकास श्रीवास्तव सहायक पुलिस आयुक्त के साथ ही वाराणसी सम्भाग के अधीनस्थ जनपदों के सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी उपस्थित रहे।

CMYK CMYK CMYK CMYK